kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-234 | शुक्रवार, 26 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



पंडित दीनदयाल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन और भारतीय संस्कृति के उत्थान हेतु समर्पित रहा। 'अंत्योदय' का उनका चिंतन हमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने की सदैव प्रेरणा देता रहेगा। जेपी नड्डा

नेपाल में घटाई गई वोटिंग की उम्र 11
पारदर्शिता के साथ 25 हजार युवाओं को मिली सरकारी नौकरीः धामी 12

## संक्षेप

### केशव प्रसाद मौर्य बने बिहार के सह प्रभारी

**लखनऊ।** बिहार चुनाव को लेकर तेज राजनीतिक सरगर्मी के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य को बिहार विधानसभा चुनाव में सह प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की तरफ़ से जारी किए गए बयान के अनुसार भाजपा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल को सह प्रभारी बनाया गया है।
गौरतलब है कि भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेषों को रूस में प्रदर्शित करने वाले प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कर रहे हैं । इस नाते वह फ़िलहाल रूस में हैं। संस्कृति मंत्रालय रूस के काल्मिकिया में 24 सितंबर से एक अक्टूबर तक भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा (कपिलवस्तु) के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी लगाई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में स्कूल मैदान में रामलीला की अनुमति दी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद स्थित एक स्कूल मैदान में चल रहे रामलीला समारोह को सशर्त जारी रखने की बुधवार को अनुमति दे दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के संबंधित आदेश पर रोक लगाते हुए फिरोजाबाद के टूंडला स्थित जिला परिषद विद्यालय मैदान में रामलीला जारी रखने की अनुमति इस शर्त पर दी कि विद्यार्थियों को कोई असुविधा न हो। उच्च न्यायालय ने स्कूल मैदान में रामलीला के आयोजन पर रोक लगा दी थी। इस रोक के आदेश को चुनौती देने वाली विशेष अनुमति याचिका पर शीर्ष अदालत की पीठ ने सुनवाई की। इसके बाद आदेश पारित करते हुए कहा, ''चूँकि उत्सव शुरू हो चुका है... इसलिए आदेश (उच्च न्यायालय के) पर रोक लगाई जाती है। उत्सव जारी रहेंगे और इस शर्त पर कि बच्चे खेलना या खेल गतिविधियाँ जारी रखेंगे। हम उच्च न्यायालय से याचिकाकर्ता और अन्य सभी हितधारकों की बात सुनने का अनुरोध करते हैं।

### महिलाओं के खिलाफ अपराध मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को किया जवाब तलब

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दुष्कर्म सहित महिलाओं के प्रति बढ़ती अन्य अपराधिक घटनाओं के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में अपना अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा की याचिका यह निर्देश दिया। याचिका में 2012 के निर्भया कांड के बाद लागू किए गए कड़े कानूनों के बावजूद यौन अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई।

# जीएसटी सुधार जारी रहेंगे : मोदी

## अपनी नाकामी छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रही है कांग्रेस

एजेंसी



नोएडा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कंग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर देशवासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कंग्रेस अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपा रही है और देश की आर्थिक मजबूती के लिए मोदी सरकार में जीएसटी सुधारों का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा।

श्री मोदी ने दुनिया भर की कंपनियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त और आकर्षक जगह है तथा यहां पर निवेश भारत के साथ साथ विदेशी कंपनियों के लिए भी फायदे का सौदा है।

श्री मोदी ने गुरूवार को यहां उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में जीएसटी व्यवस्था लागू किये जाने और बाद में उसमें किये गये नयी पीढी के सुधारों का उल्लेख किया और कहा कि इससे देश में आर्थिक मजबूती का सूत्रपात हुआ है। जीएसटी सुधारों पर विपक्ष की बयानबाजी पर उसे आडे हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कंग्रेस और उसके सहयोगी दल 2014 से पहले की अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा , '' कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। वर्ष 2014 की सकरार की नाकामी छिपाने के लिए कंग्रेस और उसके साथी दल जनता से छूट बोल रहे हैं। उस समय कर की लूट मची हुई थी और उस कर में से भी लूट होती थी। जनता पर कर की मार थी। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने कर कम करके मंहगाई कम की है। सरकार ने लोगों की आय बढायी है और कर को कम किया है। उन्होंने कहा कि यदि 12 लाख आयकर मुक्त राशि और जीएसटी सुधारों से होने वाल फायदा को जोड़ा जाये तो लोगों के एक वर्ष में ढाई लाख करोड़ रूपये बचने जा रहे हैं। इसीलिए देश जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। जीएसटी सुधारों को जारी रखने का ऐलान करते हुए उन्होंने कहा कि यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने कहा ,'' हम यहीं नहीं रूकने वाले। पहले 2017 में जीएसटी लाया गया और

- डिफेंस कॉरिडोर से रक्षा क्षेत्र में भारत बन रहा आत्मनिर्भरः प्रधानमंत्री
- पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन

अब 2025 में जीएसटी में सुधार से आर्थिक मजबूती के बाद फिर से सुधार के बल पर आर्थिक मजबूती लायेंगे और जीएसटी में सुधार का सिलसिला चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में देश में राजनीतिक स्थिरता और नीति निर्माण के साथ-साथ कुशल युवा आबादी है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश में ये सभी चीजें एक साथ नहीं है जबकि भारत में निवेश के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी कंपनी अगर अपनी बढोतरी को नये पंख लगाना चाहती है तो भारत और उत्तर प्रदेश उसके लिए सबसे आकर्षक निवेश स्थान है। यह सभी के लिए फायदे की स्थिति की तरह है। उन्होंने वहां मौजूद सभी हितधारकों से मिलकर विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश बनाने का संकल्प लेने को कहा। इससे पहले श्री मोदी ने व्यापार प्रदर्शनी में रूस के भागीदार देश के रूप में शामिल होने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के बीच कसौटी पर परखी हुई भागीदारी और मजबूत होगी। प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमें ● शेष पेज 11 पर

## अंत्योदय को राष्ट्रोदय में बदलने का अवसर है यूपीआईटीएस : योगी

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) अंत्योदय को राष्ट्रोदय में बदलने का विशिष्ट अवसर है।

अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें याद करते हुये योगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल ने अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के बारे में 70 वर्ष पहले नया चिंतन दिया था। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो यह अवसर केवल ट्रेड शो का नहीं, बल्कि वर्तमान आर्थिक चुनौतियों का सामना करने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के स्वदेशी मॉडल व मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के पीएम मोदी के विजन का स्वरूप भी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (तृतीय संस्करण) के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि यूपीआईटीएस के तीसरे संस्करण में 80 देशों के 550 से अधिक बायर्स भी हिस्सा ले रहे हैं। यूपी के सभी 75 जनपदों से 2250 से अधिक एग्जीबिटर्स सहभागी बने हैं। ब्रांड यूपी के उत्सव की चर्चा कर योगी ने कहा कि पिछले आठ-साढ़े आठ वर्ष में आई औद्योगिक क्रांति, परंपरागत उद्यम को फिर से दिया गया जीवनदान यूपी की समृद्ध- सांस्कृतिक विरासत तथा सामाजिक विविधता को ट्रेड शो प्रतिबिंबित कर रहा है। इसके जरिए यूपी को देश व दुनिया के सामने शोकेस करने का बेहतरीन प्लेटफॉर्म प्राप्त हुआ है। उन्होंने फिरोजाबाद के शिल्पियों द्वारा बनाई गई मां दुर्गा की प्रतिमा प्रधानमंत्री को भेंट की और पार्टनर कंट्री के रूप में रूस के साथ ही यूपीआईटीएस में आए 532 से अधिक फॉरेन बायर्स का भी स्वागत किया। योगी ने कहा कि यह आयोजन नए भारत के नए यूपी व विकसित भारत के विकसित यूपी को बढ़ाने में कारगर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म लागू करने के उपरांत यूपी में प्रथम आगमन पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। गरीब, किसान, महिला, युवा, मध्यम, व्यापारी, लघु एवं कुटीर उद्योग सहित सभी वर्ग व समुदायों को दीपावली का बेहतरीन उपहार देने के लिए उन्होंने यूपी वासियों की तरफ से प्रधानमंत्री का आभार जताया और कहा कि अप्रैल व टेक्सटाइल, लेदर उत्पाद, हस्तशिल्प व कॉरपेट्स में यूपी देश में शीर्ष पर है। बदलते वैश्विक आर्थिक परिवेश की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए प्रधानमंत्री जी ● शेष पेज 11 पर

## अब डाक मत-पत्र की गिनती मतगणना शुरू होने के समय नहीं बल्कि बाद में होगी : चुनाव आयोग

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने चुनावों में डाक मत-पत्र (पीबी) और इलेक्ट्रानिक विधि से भेजे गए डाक मत-पत्रों (ईटीपाबी) की गिनती इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के मतों की मतगणना के अंतिम दो दौर की गिनती से पहले पूरा कराने का निर्णय लिया है।

आयोग के इस निर्णय के अनुसार संबंधित मतगणना केंद्रों पर डाक मत-पत्रों की गणना पूरी होने के बाद ही ईवीएम और वीवीपीएसटी के अंतिम दो दौर की गिनती करायी जाएगी। लोक सभा और विधान सभा चुनावों में ऐसे मत-पत्रों की गिनती फिलहाल मतगणना के दिन सबसे पहले सुबह आठ बजे शुरू की जाती है और इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों (ईवीएम) के वोट और वीवीपीएटी की गिनती 8:30 बजे शुरू करायी जाती है। आयोग ने इस निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि यह फैसला चुनाव प्रक्रिया को अधिक सुचारु और सशक्त बनाने के लिए आयोग द्वारा उठाये




गये कदमों का एक हिस्सा है। आयोग इससे पहले 29 और नयी पहलें कर चुका है। आयोग ने कहा कि मतगणना के दिन डाक मत-पत्रों की स्थिति से अलग ईवीएम के मतों की गिनती चलती रहती है और सामान्यतः डॉक मत-पत्रों की गिनती पहले पूरी हो जाती है। पर सिद्धांत रूप से इस बात की संभावना बनी रहती है कि ईवीएम की गिनती डाक मत-पत्र की गिनती से पहले खत्म हो जाए। आयोग ने कहा है कि उसने हाल में शारीरिक अक्षमता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) औरा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से वोट करने की सुविधा दी है। इसके साथ ही अब डाक से प्राप्त होने वाले मत-पत्रों की संख्या की बढ़ रही है। आयोग ने कहा है कि मतगणना की प्रक्रिया में एकरूपता और पूरी स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए तय किया गया है कि अब ईवीएम और वीवीपीएटी की गिनती के आखिरी दो चक्र की गिनती तब शुरू की जाएगी जब डाक मत-पत्रों की गिनती पूरी हो चुकी होगी। आयोग ने चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन केंद्रों के लिए अधिक संख्या में डाक मत-पत्र प्राप्त हुए हों वहां उनकी गणना के लिए पर्याप्त गणनाकर्मी और मेज आदि की सुविधा की जाए। पिछले साल लोक सभा चुनावों की मतगणना से पहले कुछ विपक्षी दलों ने मतगणना, खास कर डाक मतपत्रों की गिनती में जिलाधिकारियों (जिला चुनाव अधिकारियों ) की भूमिका को मुद्दा बनाने का प्रयास किया था। तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चार जून, 2024 की मतगणना के एक दिन पहले कहा था कि डाक मतपत्रों की गिनती सबसे पहले शुरू होगी, लेकिन 2019 से लागू नियमों के ● शेष पेज 11 पर

## फिलिस्तीन मुद्दा हल करने भारत आगे बढ़े : सोनिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र सरकार की फिलिस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की उपेक्षा करार दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को इस मामले में नेतृत्व करना चाहिये लेकिन सरकार का रवैया मौन और व्यक्तिगत मित्रता के आधार पर दिखाई दे रहा है। श्रीमती गांधी ने फिलिस्तीन मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुये कहा कि इस संबंध में सरकार का जो रवैया है उसमें मानवता और नैतिकता की उपेक्षा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। श्रीमती गांधी ने गुरुवार को एक समाचार पत्र में अपने लेख में कहा कि सरकार का रूख देश के संवैधानिक मूल्यों या रणनीतिक हितों के बजाय मुख्य रूप से श्री मोदी और उनके इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के बीच व्यक्तिगत दोस्ती से प्रेरित प्रतीत लगता हैं।फिलिस्तीन के मुद्दे पर भारत को नेतृत्व दिखाने की जरूरत है लेकिन सरकार की प्रतिक्रिया में गहरी चुप्पी

- विदेश नीति मोदी-नेतन्याहू की दोस्ती से तय न करें, सरकार की चुप्पी मानवता के खिलाफ



और मानवता और नैतिकता दोनों का परित्याग शामिल है। उन्होंने आगे लिखा कि यह व्यक्तिगत कूटनीति कभी भी स्थायी नहीं हो सकती और भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक सिद्धांत नहीं बन सकती। इस शैली के प्रयास विशेष रूप से अमेरिका में हाल के महीनों में सबसे अपमानजनक तरीके से विफल हुए हैं। लेख में कहा गया है कि फ्रांस, फिलीस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने में ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया के साथ शामिल हो गया हैं। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से 150 से अधिक देशों ने अब ऐसा कर दिया है। उन्होंने ● शेष पेज 11 पर

## ध्वस्तीकरण आदेश का पालन न होने पर हाईकोर्ट सख्त, तलब किया रिकार्ड

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने राजधानी के खुर्रम नगर इलाके में एक अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के आदेश का अनुपालन न होने पर सख्त रुख अपनाया है। इस मामले में एकल पीठ ने अपील के निस्तारण तक ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी थी। दो सदस्यीय खंडपीठ ने इस पर आश्चर्य जताते हुए एकल पीठ के समक्ष दाखिल याचिका का रिकॉर्ड तलब किया है। खंडपीठ ने कहा ࣼ हम देखना चाहते हैं कि आखिर मामले में ऐसी क्या तात्कालिकता थी कि जिस दिन एकल पीठ के समक्ष याचिका दाखिल हुई, उसी दिन उसकी सुनवाई भी हो गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 27 अक्तूबर की तिथि नियत की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश हेमंत कुमार मिश्रा की ओर से वर्ष 2016 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया । याचिका में कहा गया है कि 10 मई 2016 को सक्षम अधिकारी ने इस अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण का आदेश दिया था। बजाय ● शेष पेज 11 पर

## हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स को 97 तेजस फाइटर जेट का ऑर्डर

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े को बढाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 62 हजार 370 करोड़ रुपये की लागत से हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 97 हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए मार्क 1 ए) की खरीद के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं। रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि वायु सेना को मिलने वाले इन 97 विमानों में से 68 लड़ाकू विमान और 29 दो सीट वाले विमान शामिल हैं । वायु सेना को ये विमान सभी संबंधित उपकरणों के साथ मिलेंगे। विमानों की कीमत 62 हजार 370 करोड़ रुपये में कर की राशि शामिल नहीं है।

वायु सेना को ये विमान वर्ष 2027-28 से मिलने शुरू हो जायेंगे और छह वर्षों की अवधि में सभी विमानों की आपूर्ति हो जायेगी।

इस विमान में 64 प्रतिशत से अधिक कलपुर्जे और साजो-सामान स्वदेशी होंगे। इस अनुबंध में जनवरी 2021 में हुए अनुबंध के अलावा 67 अतिरिक्त कलपुर्जे और उपकरण शामिल हैं। विमान में उत्तम एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एरे (एईएसए) रडार, स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल सरफ़ेस एक्ट्यूएटर्स जैसी उन्नत स्वदेशी रूप से विकसित प्रणालियों का एकीकरण रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की पहल को और मजबूत करेगा। इस परियोजना को लगभग 105 भारतीय कंपनियों के एक मजबूत विक्रेता आधार का सहयोग मिलेगा जो अलग अलग घटकों के निर्माण में प्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं। इस परियोजना से छह वर्ष की अवधि में प्रति वर्ष लगभग 11,750 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार सृजित होने की उम्मीद है, जिससे घरेलू एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को व्यापक बढ़ावा मिलेगा। रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 की 'खरीदें (भारत-आईडीडीएम)' श्रेणी के अंतर्गत यह अधिग्रहण, सरकार के स्वदेशीकरण पर ज़ोर के अनुरूप है। एलसीए एमके1ए स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित लड़ाकू विमान का सबसे उन्नत संस्करण है और यह भारतीय वायुसेना की संचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक शक्तिशाली मंच के रूप में कार्य करेगा। सरकार ने वायु सेना के लिए इन विमानों की खरीद को पिछले महीने ही मंजूरी दी थी। इससे पहले भी सरकार लगभग 48,000 करोड़ रुपये की लागत से एचएएल के साथ 83 एलसीए मार्क 1 ए विमानों की खरीद ● शेष पेज 11 पर

- रक्षा मंत्रालय ने 97 एलसीए मार्क 1 ए विमानों की खरीद के लिए एच ए एल के साथ 62 हजार करोड़ का करार किया

### चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हुआ भारत

## रेल आधारित लांचर प्रणाली से अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण

एजेंसी

नयी दिल्ली। लड़ाकू विमानों, युद्धपोतों और ड्रोन से मिसाइल दागने की क्षमता हासिल करने के बाद भारत ने अपनी सामरिक क्षमता को बढाते हुए रेल से भी मिसाइल को सफलतापूर्वक दागकर सैन्य हथियार प्रणाली के क्षेत्र में नयी उपलब्धि हासिल की है। चीन,उत्तर कोरिया और रूस के बाद यह क्षमता हासिल करने वाला भारत चौथा देश बन गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरूवार को बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विशेष रूप से तैयार रेल पर बनाई गई लांचर प्रणाली से ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में अग्नि मिसाइल श्रृंखला की नयी पीढी की मिसाइल अग्नि प्राइम का सफल परीक्षण किया है। इस सफलात के साथ भारत यह क्षमता रखने वाले चीन, उत्तर कोरिया और रूस जैसे चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है। श्री सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में कहा कि डीआरडीओ ने रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर प्रणाली से मध्यम दूरी की अग्नि-प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। अगली पीढ़ी की यह मिसाइल दो हजार किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिज़ाइन की गई है और कई उन्नत सुविधाओं से लैस है। उन्होंने कहा कि



विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर से किया गया अपनी तरह का यह पहला परीक्षण है। यह प्रणाली अपने आप में सक्षम और अत्याधुनिक संचार प्रणालियों तथा सुरक्षा तंत्रों सहित सभी स्वतंत्र प्रक्षेपण क्षमता सुविधाओं से सुसज्जित है। इसे देश भर में कहीं भी और कम दृश्यता के साथ कम समय में प्रक्षेपित किया जा सकता है। श्री सिंह ने सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन , सामरिक बल कमान और सशस्त्र बलों को बधाई दी है । उन्होंने कहा कि इस सफल उड़ान परीक्षण ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया है जिनके पास चलते-फिरते रेल नेटवर्क से कैनिस्टराइज्ड प्रक्षेपण प्रणाली विकसित करने की क्षमता है। इस विशेष ट्रेन के जरिये यह मिसाइल देश में समूचे रेल नेटवर्क से कहीं से भी दागी जा सकती है। कैनिस्टराइज्ड लांच सिस्टम में मिसाइल को धातू से बने एक मजबूत कंटेनर में रखा जाता है। इसमें मिसाइल प्रतिकूल मौसम की मार से अछूती रहती है और इसे दुश्मन से छिपाकर कहीं भी ले जाया जा सकता है। अग्नि प्राइम डीआरडीओ द्वारा विकसित अग्नि श्रृंखला की नयी पीढी की मिसाइल है जो परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम होने के साथ दो हजार किलोमीटर तक मार करने में सक्षम है। इसमें अग्नि-4 और अग्नि- की प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है।

# स्कूल की ऑटो बंधे से नीचे पलटी, आधा दर्जन बच्चे घायल

## गोरखपुर-बुलेट की टक्कर से ऑटो अनियंत्रित, स्कूल प्रबंधक और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खोराबार, गोरखपुर। दोपहर में छुट्टी के बाद बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही प्राइवेट स्कूल की ऑटो खोराबार थाना क्षेत्र के डुमरी टोला हथियापरास के पास बंधे से नीचे पलट गई। इस हादसे में ऑटो में सवार लगभग आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए।घटना के समय ऑटो ढाले पर चढ़ रही थी, तभी अचानक सामने से आ रही बुलेट ने टक्कर मार दी। टक्कर के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और बंधे से नीचे पलट गया। ग्रामीणों और बच्चों के परिजनों ने बताया कि ऑटो के पलटने के बाद माहौल काफी भयभीत हो गया।



ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्चों को संभालने में मदद की।हादसे में घायल हुए बच्चों में आरुषि यादव (कक्षा 2), अद्‌या यादव (कक्षा 3), दिव्यांश पांडेय (कक्षा 4), संस्कार यादव (कक्षा 4), दीप्ति यादव (कक्षा 2), कृति यादव (कक्षा 1) और रुद्र यादव (यूकेजी) शामिल हैं।घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधक मौके पर पहुंचे और घायल बच्चों को तुरंत शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्कूल प्रबंधक ने परिजनों को बच्चों की स्थिति के बारे में जानकारी दी और सभी को आश्वस्त किया कि बच्चों का इलाज पूरी देखभाल के साथ किया जा रहा है।थाना प्रभारी खोराबार इत्यानंद पांडेय ने भी तत्काल मय फोर्स के साथ मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और बाद में अस्पताल जाकर घायल बच्चों का हाल जाना। थाना प्रभारी ने बच्चों के परिजनों से वार्ता कर उन्हें भरोसा दिलाया कि आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाई जाएगी।स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटना क्षेत्र में एक गंभीर चेतावनी है कि सड़क सुरक्षा और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। स्कूल प्रशासन ने भी इस घटना के बाद सभी स्कूल वाहनों की जांच और चालकों को सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं।घटना ने आसपास के क्षेत्र में चिंता पैदा कर दी है। ग्रामीण, शिक्षक और स्थानीय प्रशासन अब मिलकर यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रहे हैं कि बच्चों की सुरक्षा में किसी तरह की कमी न रह जाए।

## विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



बंथरा । इलाके के हरौनी-लतीफनगर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मेंगुरुवार को 'सेवा पखवाड़ा' के तहत विशेष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयुष विभाग उत्तर प्रदेश और क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारीके निर्देशन में आयोजित इस शिविर की थीम 'स्वस्थ नारी -सशक्त परिवार' रही। शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी ने महिलाओं को ऋतुचर्या, दिनचर्या और आहार-विहार की जानकारी दी। उन्होंने आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने का महत्व समझाया। योग प्रशिक्षकों में महिलाओं को योग और प्राणायाम की सरल क्रियाएं सिखाई गईं। कार्यक्रम में महिलाओं को स्त्री रोगों से बचाव के उपाय बताए गए। इनमें मासिक धर्म संबंधी विकार, रक्ताल्पता औरमानसिक तनाव प्रमुख थे।

## पोस्टर चस्पा कर विधायक ने जीएसटी में हुयी कमी के गिनाए लाभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। पिपराइच विधानसभा क्षेत्र के भटहट बाजार में नेक्स्ट जेन जीएसटी अभियान के तहत स्थानीय विधायक महेन्द्र पाल सिंह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ व्यापारियों से संवाद कर दुकानों पर पोस्टर चस्पा किया। विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने जीएसटी व्यवस्था में हुए बदलावों और उनके व्यावहारिक लाभों को विस्तार से समझाया एवं कहा कि यह बदलाव व्यापारियों और आम जनता दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। व्यापार को सरल, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने पर जोर दिया। व्यापारियों ने भी इस पहल का स्वागत किया और अपने सुझाव साझा किए।इस दौरान साथ में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेन्द्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीतन सिंह, कपिलपति तिवारी, संतोष कुमार, संजय सिंह, अशोक निषाद , कुन्दन शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह ,पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



**वाराणसी**। वाराणसी मंडल रेल प्रबन्धक श्री आशीष जैन की अध्यक्षता में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह ,पुरस्कार वितरण कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन आज 25 सितम्बर को मंडल कार्यालय के भारतेन्दु सभाकक्ष में संपन्न हुआ । इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री आर. जे. चौधुरी,अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा कल्पना दूबे, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अभिनव सिंह, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्री राजेश कुमार,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(कर्षण ) श्री आर एन सिंह, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय,वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक श्री नितेश अग्रवाल,वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री बलेंद्र पाल, वरिष्ठ मंडल संसाधन ए आंकड़ा प्रबंधक सह राजभाषा अधिकारी श्री नवनीत वर्मा एवं अन्य शाखाधिकारियों समेत स्टेशनों से पधारे प्रतियोगिताओं में सफल कर्मचारी उपस्थित थे ।राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह में अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन ने कहा कि राजभाषा के हिन्दी प्रचार-प्रसार में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वाराणसी मंडल रेलवे के विभिन्न कार्य क्षेत्र में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग एवं प्रसार के लिये निरन्तर प्रगतिशील है ।उन्होंने कहा की मुझे खुशी है कि राजभाषा सप्ताह समारोह के दौरान हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मंडल के कर्मचारियों द्वारा बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया गया। मंडल पर आयोजित विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेता कर्मचारियों एवं अधिकारियों को बधाई तथा असफल प्रतिभागियों को पुनः प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सूचना तकनीक के क्षेत्र में आई क्रांति आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स से भी अब हिंदी का प्रयोग सहज और सरल हो गया है। मेरा आग्रह है कि आप सभी अपने-अपने कार्यालयों में नई तकनीक का प्रयोग करते हुए अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग सुनिश्चित कराएँ। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज कवि गोष्ठी में रेलवे के कवियों ने द्वारा जो प्रस्तुति दी गई है। मैं इसकी सराहना करता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि आप सब को भी यह प्रस्तुति से बहुत पसंद आई होगी । कवि सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए राजभाषा अधिकारी और राजभाषा विभाग के कार्मिक बधाई के पात्र हैं। मैं चाहूंगा कि ऐसे आयोजन नियमित रूप से होते रहें ताकि हिंदी की ज्योति सदैव दीप्तिमान रहे। मुझे विश्वास हैं की आप सभी राजभाषा के प्रयोग को नई ऊचाई प्रदान करने में योगदान देते रहेंगे ऋ वाराणसी मंडल सदैव से राजभाषा प्रयोग-प्रसार की दिशा में उल्लेखनीय भूमिका निभाता रहेगा ।इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में मुख्य कवि के रूप में डॉ अजय श्रीवास्तवङ्कचकाचौध ज्ञानपूरीङ्क,श्री भूषण त्यागी,श्रमती करुणा सिंह एवं रेल कवि श्री संजय कुमार गुप्ता ने राजभाषा को समर्थन देने वाली काव्य रचनाओं का वाचन कर स्रोताओं को राजभाषा हिन्दी के प्रति अधिक संवेदनशील औए भावुक किया समापन समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अधिकारी श्री नवनीत वर्मा ने किया।

## जनपद न्यायाधीश ने किया निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का शुभारंभ

प्रयागराज। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज संजीव कुमार के निर्देशानुसार आज दिनांक 25 सितंबर 2025 को जनपद न्यायालय परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश ने फीता काटकर किया।यह शिविर यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें यूनाइटेड मेडिकल टीम द्वारा नेत्र परीक्षण, मधुमेह, रक्तचाप आदि की जांच कर निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम ने स्वागत संबोधन देते हुए शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर माननीय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय ने मेडिकल टीम को बुके भेंटकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, डिफेंस काउंसिल, मध्यस्थगण, पैनल अधिवक्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। डॉ. मनीष, डॉ. नरेंद्र द्विवेदी, डॉ. वी.एन. सिंह सहित अन्य चिकित्सक व स्टाफ ने सेवाएं प्रदान कीं।

## रोगमुक्त एवं गुणवत्तायुक्त सब्जियों की हाईटेक नर्सरी से कृषकों को मिलेगा लाभ

प्रयागराज। जिला उद्यान विभाग द्वारा राजकीय आलू बीज उत्पादन प्रक्षेत्र, सैदाबाद में हाईटेक नर्सरी संचालित की जा रही है। यहां रोगमुक्त एवं गुणवत्तायुक्त सब्जियों की पौध तैयार कर शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर पर कृषकों को उपलब्ध कराई जाती है।वर्तमान में टमाटर, फूलगोभी एवं मिर्च की नर्सरी तैयार है। इच्छुक कृषक किसी भी कार्य दिवस में नर्सरी का भ्रमण कर निर्धारित शुल्क जमा कर पौध प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला उद्यान अधिकारी, प्रयागराज के कार्यालय (विकास भवन, तृतीय तल, कक्ष सं. 85) या राजकीय आलू बीज उत्पादन प्रक्षेत्र, सैदाबाद स्थित श्री अमित कुमार भास्कर (स0उ0नि0, मो.नं. 9889592607) से सम्पर्क किया जा सकता है।

## महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजय पाल शर्मा की बैठक

प्रयागराज। कमिश्नरेट प्रयागराज के एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून-व्यवस्था) अजय पाल शर्मा ने गुरुवार को मिशन शक्ति 5.0 अभियान को लेकर बड़ी बैठक की। बैठक में तीनों जोनों के डीसीपी और एसीपी मौजूद रहे। उन्होंने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि पुलिस गश्त और क्षेत्र में सक्रिय उपस्थिति को और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने थानों को निर्देश दिए कि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों का तुरंत संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही करें। अजय पाल शर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की सक्रियता और जिम्मेदारी सीधे तौर पर महिलाओं के भरोसे से जुड़ी है।

## प्रयागराज को पूर्वांचल के पहले सैनिक स्कूल की सौगात

प्रयागराज। रक्षा मंत्रालय ने नवाबगंज स्थित ऐक्सेस इंटरनेशनल स्कूल को सैनिक स्कूल के रूप में संचालित करने की मंजूरी दे दी है। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत खुलने वाला यह संस्थान उत्तर प्रदेश का चौथा और पूर्वांचल का पहला सैनिक स्कूल होगा।सैनिक स्कूल सोसाइटी से मंजूरी मिलने के बाद अब जनवरी 2026 से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। इस स्कूल के संचालन से न सिर्फ प्रयागराज बल्कि पूरे पूर्वांचल के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण सैन्य प्रशिक्षण और शिक्षा का अवसर मिलेगा।

## महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं 15 प्रकरणों की पीड़िताओं की समस्याएँ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई कर पीड़िताओं की समस्याएँ सुनीं। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, अवैध कब्जा व अन्य मामलों सहित कुल 15 प्रकरण प्रस्तुत हुए, जिनमें से 2 प्रकरण कौशांबी जिले से संबंधित थे।सदस्या ने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों की जांच कर 15 दिनों के भीतर आख्या उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि आयोग से प्रेषित पत्रों पर विलंब न हो तथा थानों में आने वाली महिलाओं की शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण किया जाए।गंभीर प्रकरणों में कृष्णा हॉस्पिटल में इलाज के दौरान महिला की मौत, भूमाफिया द्वारा जमीन पर कब्जा, एक महिला के पति की संदिग्ध मौत और प्रताड़ना से जुड़े मामले शामिल रहे। सदस्या ने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए आयोग पूरी तरह प्रतिबद्ध है।जनसुनवाई में जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी युवराज सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सहादतगंज थाने पर महिलाओं को दी गई सुरक्षा की विशेष जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सहादतगंज, लखनऊ। महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजधानी लखनऊ के सहादतगंज थाने पर मिशन शक्ति ऽ नारी सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं और महिलाओं ने भाग लिया।इस अवसर पर थाना प्रभारी संतोष कुमार आर्य ने छात्राओं और महिलाओं को संबोधित करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 112, 1090, 1076 और 1098 जैसे नंबर महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे उपलब्ध हैं। इसके अलावा साइबर फ्रॉड की शिकायत के लिए 1930 और स्वास्थ्य आपात सेवा के लिए 108 नंबर भी तुरंत सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि किसी भी शिकायतकर्ता का नाम और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, इसलिए महिलाएँ बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें।कार्यक्रम में डीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव, एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह (बाजार खाला) और इंस्पेक्टर सहादतगंज संतोष कुमार आर्य की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया। अधिकारियों ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। डीसीपी श्रीवास्तव ने स्पष्ट कहा कि नारी सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान छात्राओं और महिलाओं ने सुरक्षा से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने धैर्यपूर्वक और विस्तार से उत्तर दिया।

खासकर साइबर अपराध, सड़क पर छेड़खानी और आपातकालीन मदद से जुड़े सवालों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश गूंजा कि नारी अब केवल सहनशीलता की प्रतीक नहीं, बल्कि सजगता और आत्मविश्वास की पहचान है। मिशन शक्ति अभियान का असली उद्देश्य यही है कि हर बेटी और हर महिला सुरक्षित, निडर और सशक्त होकर समाज में अपनी पहचान बना सके।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र राही व रोहनिया में आयोजित हुआ गणित ओलम्पियाड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में गणित के प्रति रूचि बढ़ाने व उनकी योग्यता के आधार पर विषय में निपुण करने के आधार पर गुरूवार को जिले सभी ब्लॉकों में गणित ओलम्पियाड आयोजित कराया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में प्रत्येक विद्यालय के दो बच्चों ने प्रतिभाग किया। राही ब्लॉक के बच्चों की प्रतियोगिता बीआरसी परिसर मुंशीगंज में आयोजित कराई गई। अमावां में एआरपी सतीश चौरसिया के नेतृत्व में गणित ओलंपियाड कराया गया। राही के खण्ड शिक्षा अधिकारी बृजलाल वर्मा के निर्देश में मुंशीगंज परिसर में परीक्षा का आयोजन कराया गया। बीआरसी परिसर में आयोजित परीक्षा में 106 इतने बच्चों ने प्रतिभाग किया गया। इसमें से महज दस बच्चों का चयन किया गया है। बीईओ बृजलाल वर्मा ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय गणित ओलम्पियाड प्रतियोगिता में कम्पोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालय के 106 बच्चों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि कम्पोजिट विद्यालय मधुपुरी के अभिषेक कुमार, रतंसीपुर की शशि, भुएमऊ की सायल मौर्य व हर्षित यादव, उच्च प्राथमिक विद्यालय खागीपुर सड़वा के युवराज व सतीश, पूरे गोड़ियन के अर्पित मौर्य, चकबल्लीहार की रिया पटेल, लोधवारी के दुर्गेश, पीएम श्री सनही की साक्षी का चयन किया गया है। अब यह बच्चे जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। रोहनिया ब्लॉक में गणित ओलंपियाड की विकास खंड स्तरीय परीक्षा बीआरसी रोहनिया में संपन्न कराई गई। जिसमें विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के विद्यालय स्तरीय परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कुल 17 विद्यालयों के 34 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया, संपन्न हुई परीक्षा में टॉप तीन प्रदर्शन करने वाले, टॉप 3 छात्र-छात्राओं क्रमशः सुनील कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुर लबेदवा प्रथम स्थान, आंचल उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीगंज द्वितीय स्थान एवं विनीत उच्च प्राथमिक विद्यालय मतरमपुर तृतीय स्थान को खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर सत्य प्रकाश यादव ने टी-शर्ट एवं ज्योमेट्री बॉक्स किट प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया।

## जिला जज और डीएम ने किया केंद्रीय व जिला कारागार का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। जिला जज जयप्रकाश तिवारी और जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने गुरुवार को केंद्रीय और जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों कारागार अधीक्षक से जेल की व्यवस्था के बाबत पूछताछ की और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से ही यहां की पूरी व्यवस्था संचालित होनी चाहिए।जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जिला जज और जिलाधिकारी ने कारागार के बैरक में रहने वाले कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ की।

कुछ कैदियों ने अपनी समस्या भी सुनाई, जिसका तत्काल समाधान करने के निर्देश कारागार अधीक्षक को दिए गए। इसके बाद जेल अस्पताल में गए और वहां उपलब्ध दवा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली।उन्होंने अस्पताल के सामान्य वार्ड के मरीज़ों से बातचीत की कि उन्हें इलाज संबंधी कोई समस्या तो नहीं है।किचन में जाकर कैदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा।हवालात कार्यालय में जाकर अभिलेखों की जांच की। महिला और अल्पवयस्क बैरक में जाकर उनसे बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं है।उन्होंने बाल प्रशिक्षण कक्ष और पुस्तकालय का भी अवलोकन किया।उन्होंने कारागार में निर्माणाधीन उच्च सुरक्षा कक्ष और पाकशाला के निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया।केंद्रीय कारागार उन्होंनेकैदियों की बैरक पाकशाला, अस्पताल आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया कि यहां की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही संज्ञान में आने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जिला जज ने दोनों कारागार के अधीक्षको को निर्देशित किया कि बंदियों से संपर्क स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुने और विधिक सहायता द्वारा उनका निराकरण सुनिश्चित करवाएं।केंद्रीय कारागार में आयोजित रामलीला के मंचन कार्यक्रम दोनों अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने रामलीला की महत्ता पर प्रकाश डाला और बंदियों के द्वारा की जा रही प्रस्तुति की सराहना की।वरिष्ठ कारागार अधीक्षक ने दोनों अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया।निरीक्षण के दौरान एडीजे आलोक कुमार अग्निहोत्री,सीजेएम मनीष कुमार,एडीसीपी सरवनन टी,वरिष्ठ अधीक्षक केंद्रीय कारागार राधा कृष्ण मिश्र, जिला कारागार अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## समाजवादी आंदोलन से ही जनतंत्र का सच्चा विकास : उदय प्रताप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी आंदोलन से ही जनतंत्र का सच्चा विकास हो सकता है। जहां पर सभी नागरिकों को समान भागेदारी का अवसर मिलता है। युवाओं के आगे बढ़कर समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाना होगा। तभी समाज में सद्‌भाव बढ़ेगा। 'जनतंत्र की व्यवस्था में समाजवादी आंदोलन की भूमिका' विषयक संगोष्ठी में यह विचार मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि, साहित्यकार एवं पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह ने प्रकट किए। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ व्यंग्यकार साहित्यकार डॉ सूर्य कुमार पांडेय ने कविताओं के माध्यम से समाजवाद को परिभाषित किया। उन्होने समाजवाद की विभिन्न धाराओं को समान रूप से जनमानस में प्रसारित करने का आह्वान किया। संगोष्ठी के संयोजक एवं लोहिया के लोग संस्था के विचारक डॉ अंबुज ने सामाजिक जागरूकता को परिवर्तन का आधार बताया। उन्होने कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया की तरह ही छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र ने समाज को जगाने का कार्य किया।संगोष्ठी में मुख्य वक्ता राज्य सभा सांसद जावेद अली ने कहा कि जनतंत्र ही समाज और देश को एकजुट रख सकता है। यह देश की एकता के लिए जरूरी है। डॉ मनीष शुक्ल ने कहा कि स्वाधीनता संग्राम का आंदोलन क्रांतिकारियों के साथ ही कलमकारों ने भी लड़ा। कलम के सेनानियों ने आजादी की अलख जगाई। कलम आज भी समाज को रोशनी देने का कार्य कर रहा है। पूर्वोत्तर हिन्दी अकादमी के अध्यक्ष डॉ अकेला भाई ने कहा कि भाषाई आंदोलन सदैव जनतंत्र का रक्षक रहा है। इसी प्रक्रिया से समाजवाद आंदोलन आगे बढ़ा है। वरिष्ठ साहित्यकार अलका प्रमोद ने कहा कि समाज को दिशा देने में कलमकारों की अहम भूमिका रही है। संगोष्ठी में विजय नारायण ने अपने विचार प्रकट किए। वरिष्ठ पत्रकार शशीधर पाठक ने समाज को आगे ले जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को समाजवादी बताया। इस अवसर पर अजय सिंह, लक्ष्मण गुप्ता, दया शंकर, इम्तियाज़ अहमद, विशाल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-29-2025-26 |
| कार्य का नाम | ''इंटरलॉकिंग ऑफ़ लेवल क्रॉसिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ ए.डी. एस.टी.ई./एस.एल.एन. ऑफ़ लखनऊ डिवीजन ऑफ़ नॉर्थेर्न रेलवेज़।'' |
| अनुमानित लागत | रु. 3,42,42,841.89 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु. 3,21,200.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.10.2025, 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | http://www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट "http://www.ireps.gov.in" के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106-सिग-टेन्डर-29/2025-26 दिनांक: 23.09.2025 2959/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मिशन शक्ति अभियान : सहादतगंज थाने पर महिलाओं को दी गई सुरक्षा की विशेष जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सहादतगंज लखनऊ। महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजधानी लखनऊ के सहादतगंज थाने पर मिशन शक्ति ऽ नारी सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं और महिलाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर थाना प्रभारी संतोष कुमार आर्य ने छात्राओं और महिलाओं को संबोधित करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 112, 1090, 1076 और 1098 जैसे नंबर महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे उपलब्ध हैं। इसके अलावा साइबर फ्रॉड की शिकायत के लिए 1930 और स्वास्थ्य आपात सेवा के लिए 108 नंबर भी तुरंत सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि किसी भी शिकायतकर्ता का नाम और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी,



इसलिए महिलाएँ बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें।

कार्यक्रम में डीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव, एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह (बाजार खाला) और इंस्पेक्टर सहादतगंज संतोष कुमार आर्य की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया। अधिकारियों ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। डीसीपी श्रीवास्तव ने स्पष्ट कहा कि नारी सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान छात्राओं और महिलाओं ने सुरक्षा से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने धैर्यपूर्वक और विस्तार से उत्तर दिया। खासकर साइबर अपराध, सड़क पर छेड़खानी और आपातकालीन मदद से जुड़े सवालों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश गूंजा कि नारी अब केवल सहनशीलता की प्रतीक नहीं, बल्कि सजगता और आत्मविश्वास की पहचान है। मिशन शक्ति अभियान का असली उद्देश्य यही है कि हर बेटी और हर महिला सुरक्षित, निडर और सशक्त होकर समाज में अपनी पहचान बना सके।

# भाजपा निगोहा मंडल कार्यालय पर मनाई गई पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहा, लखनऊ। जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती निगोहा मंडल स्थित भाजपा कार्यालय पर मनाई गई , भाजपा निगोहा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह व मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा समेत भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने बताया कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म, मानववाद और अंत्योदय का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। दीनदयाल उपाध्याय ने 60-70 वर्ष पहले विचारों के माध्यम से भारतीय राजनीति को जो जीवन दृष्टि दी उनका चिंतन मनन आज भी न केवल भारतीय लोकतंत्र बल्कि राजनीतिक दलों द्वारा प्रारंभ किए



गए कार्यक्रमों में देखने को मिलता है। इस मौके पर निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय धर्म और पांचजन्य अखबार के माध्यम से देश की सेवा की। उनका मानना था कि आजादी के बाद भारत का विकास भारतीय संस्कृति पर आधारित होना चाहिए। इस दौरान प्रांशु चौरसिया , दिवाकर दुर्गेश सिंह मीडिया प्रभारी,अभिनय सिंह, भंवरेश्वर चौरसिया ,कन्हैयालाल ,राजेंद्र कुमार, उत्कर्ष शर्मा, अरुण वर्मा ,अमित तिवारी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# नाबालिग छात्र ने सोशल मीडिया पर की अभद्र पोस्ट एक समुदाय के लोग हुए आक्रोशित ,मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।काकोरी में एक निजी स्कूल के छात्र द्वारा सोशल मीडिया पर मोहम्मद साहब पर अभद्र पोस्ट करने को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग आक्रोशित हो गए। आक्रोशित लोगों ने काकोरी कोतवाली पर बड़ी संख्या में पहुंच कर आक्रोश व्यक्त किया। लोगों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

काकोरी के वली नगर निवासी एक निजी स्कूल के छात्र ने मोहम्मद साहब पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की। जिसको देखकर मुस्लिम समुदाय के लोग आक्रोशित हो गए। आरोपी छात्र पर कार्रवाई की मांग को लेकर काकोरी कोतवाली पर एकत्र होने लगे। मुस्लिम समुदाय के लोगों



ने काकोरी पुलिस से आरोपी छात्र पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग करने लगे। काकोरी पुलिस ने कोतवाली पर एकत्र लोगों संभ्रांत लोगों की मदद से शांत कराया और जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

मलिहाबाद के मिर्ज़ा गंज निवासी आमिर वली खान की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वही निजी स्कूल ने भी आरोपी छात्र को स्कूल से निष्कासित कर दिया।

# न्यायालय के आदेश पर पीजीआई पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । पीजीआई क्षेत्र में दुकान दिलाने के नाम पर लाखों रुपये हड़प लेने और रजिस्ट्री न करने का गंभीर मामला सामने आया है। आलमबाग निवासी एक व्यापारी ने पूरे प्रकरण की शिकायत पुलिस अधिकारियों से की, लेकिन कार्रवाई न होने पर उसने अब अदालत का दरवाजा खटखटाया है।मिली जानकारी के मुताबिक, आलमबाग के स्नेहनगर निवासी विनय कुमार पुत्र सुरेशचंद्र की मुलाकात परिचित अमित चौहान निवासी वृंदावन पीजीआई के जरिए रवीन्द्र कुमार उर्फ रवीन्द्र निगम निवासी साई सिटी रोड लखनऊ से हुई थी। बातचीत के दौरान रवीन्द्र ने खुद को कई दुकानों का मालिक बताते हुए बताया कि उसकी पत्नी सीमा निगम के नाम पर दुकानें हैं, जिनमें से एक वह बेच सकता है। इस पर दोनों के बीच बीते 22 मार्च



2022 को समझौता हुआ। दुकान संख्या-14, जो भूखण्ड संख्या-7 खसरा संख्या-274 पर तहसील बहसौली, परगना तहसील व जिला-लखनऊ क्षेत्र में स्थित है, उसी को बेचने बिकवाने का सौदा तय हुआ। दुकान की कीमत 18 लाख रुपये तय की गई थी। सौदे के तहत विनय कुमार ने अलग-अलग किस्तों में 9 लाख रुपये बैंक ट्रांजेक्शन के माध्यम से और 5 लाख रुपये नगद सहित कुल 14 लाख रुपये आरोपी रवीन्द्र को अदा किए।आरोप है कि इतनी बड़ी रकम लेने के बावजूद रवीन्द्र कुमार ने दुकान की रजिस्ट्री नहीं कराई। जब-जब पीड़ित ने रजिस्ट्री कराने की बात कही, तब-तब आरोपी टालता रहा। हालात यहां तक पहुंच गए कि बीते 24 मार्च 2025 को जब विनय कुमार ने रजिस्ट्री कराने के लिए फोन किया तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी और अपने घर से भगा दिया। पीड़ित का आरोप है कि रवीन्द्र अपनी दबंगई दिखाते हुए अक्सर उसे डराने-धमकाने का काम करता है। इतना ही नहीं, आरोपी अपनी पत्नी सीमा निगम और सहयोगी अमित चौहान के साथ मिलकर दबाव बनाने का काम करता रहा। अमित खुद को मीडिया प्रभारी बताता है और आए दिन कार्यालय पर पहुंचकर गाली-गलौज करता है।पीड़ित ने बताया कि उसने बीते 23 नवंबर 2024 को पीजीआई, थाने में प्रार्थना पत्र दिया था। इसके अलावा पुलिस आयुक्त लखनऊ और जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पुलिस की निष्क्रियता से निराश होकर अब उसने न्यायालय की शरण ली है।न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने निवेदन किया है कि संबंधित पीजीआई थाने को आदेशित कर उसकी रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।दुकान खरीद-फरोख्त का सौदा 18 लाख में तय हुआ था। पीड़ित ने 14 लाख रुपये आरोपी को अलग-अलग किस्तों में दिए।रजिस्ट्री न कर रकम हड़पने और धमकाने का आरोप। पुलिस को दी गई कई शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं। पीड़ित ने कहा अब न्यायालय से ही न्याय की उम्मीद है। हालांकि पीजीआई पुलिस ने न्यायालय के आदेश के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ग्राम प्रधान की ओर से ग्रामीणों के साथ की गई धोखा-धडी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ जनपद के गोसाईगंज इलाके के गांव वीरमपुर मजरा पहाड़नगर टिकरिया के किसानों को गुमराह करते हुए उनके साथ धोखाधड़ी की गई।यह आरोप ग्राम पंचायत की महिला प्रधान संगीता रानी पत्नी राम सिंह पर लगाया गया है। इस बात की शिकायत ग्राम पंचायत कटरा बक्कास निवासी जागेश्वर प्रसाद मौर्या की ओर से 20 सितंबर 2025 को संपूर्ण समाधान दिवस मोहनलालगंज में की गई। शिकायत पत्र में कहा गया है कि गांव में जिस स्थान पर सतसंग भवन का निर्माण होना था वहां पर ग्राम प्रधान ने अपना व्यवसाय करने हेतु दुकानों का निर्माण करवा दिया गया है। शिकायत में कहा गया है कि राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 413 क ,413 ख तालाब दर्ज है।इस भूमि के संबंध में जब लेखपाल से जानकारी मांगी गई और गाटा संख्या पूछा गया तो लेखपाल की ओर से सही जानकारी नहीं दी गई। लेखपाल ने वास्तविक गाटा संख्या 413 न बताकर 401 बताया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार लेखपाल की ओर से उन्हें गुमराह किया गया। लेखपाल द्वारा गलत जानकारी दिए जाने के कारण शिकायतकर्ता जागेश्वर प्रसाद मौर्या परेशानियों का सामना करना पड़ा। शिकायतकर्ता के अनुसार ग्राम प्रधान केवल स्वहित का काम किया जाता है।

## उधारी का बकाया मांगने पर जानलेवा हमला

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज इलाके के कस्बा अमेठी के वार्ड चौगानपुर निवासी सुरेंद्र पर जानलेवा हमला किया गया।उसे गंभीर चोटे आई है। सुरेंद्र रावत को इलाज के लिए गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल ( सिविल) के रेफर कर दिया। मार पीट के इस मामले में घायल हुए सुरेंद्र रावत के भाई सुरेश कुमार की ओर से गोसाईगंज कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई है। सुरेश द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र मे लिखा गया है कि उसके भाई ने सलमान पुत्र नवाब अली को रुपए उधार दिया था। उसने वही बकाया मांगा था। सलमान इसी बात की रंजिश मान रहा था। इसी की वजह से उसने शिकायत कर्ता के भाई सुरेंद्र पर 25 सितंबर 2025 को एक बजे गन्दी गन्दी गालियां देते हुए ईंट गुम्मो से जानलेवा हमला कर दिया। लगता है कि हमलावर ने इस घटना को अंज़ाम देने के लिए पहले से ही अपनी रणनीति बना रखी थी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर त्रयंबक त्रिपाठी ने विस्तार से की चर्चा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आयोजित जिला संगोष्ठी में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी ने विस्तार से चर्चा की। इस कार्यक्रम का आयोजन गोसाईगंज के जनप्रिय नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल मिश्रा द्वारा स्थानीय बालिका विद्यालय के मीटिंग हॉल में किया गया। उन्होंने कहा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का कार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा किया गया। उनके अंत्योदय अभियान के बारे में उन्होंने विस्तार से सभी को जानकारी दी । कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख संघ के लखनऊ जिला अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल के साथ जिला उपाध्यक्ष अरविन्द यादव, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष गोकरन वर्मा, अमेठी मंडल अध्यक्ष पंकज नयन, गोसाईगंज प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जीतू के साथ प्रधान धनराज यादव, धर्मेंद्र रावत, रिंकू कनौजिया, गप्पू वर्मा, अनुपम वर्मा आदि के साथ कमलकांत मिश्रा, शिवनाथ गुप्ता, नरेश मिश्र दिनेश साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शामिल सैकड़ों लोगों के लिए तहरी भोज की व्यवस्था भी की गई थी।

# दुकान दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, पीड़ित ने न्यायालय से लगाई न्याय की गुहार

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर बाबू सुन्दर सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में जागरूकता रैली व सांस्कृतिक कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। गुरुवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर बाबू सुन्दर सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी, निगोहां में विविध सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कॉलेज परिसर में नृत्य, गीत, पोस्टर प्रस्तुति, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज में फार्मासिस्ट की भूमिका को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।छात्रों ने संत फ्रांसिस स्कूल पहुंचकर नुक्कड़ नाटक के जरिए आमजन को ञ्समाज में फार्मासिस्ट का महत्वञ्ञ और उनकी स्वास्थ्य संबंधी जिम्मेदारियों से रूबरू कराया।इसके अलावा कॉलेज की ओर से जन-जागरूकता रैली भी निकाली




गई, जिसे एसआई मनीष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर निगोहां बाजार व स्टेशन रोड तक निकाली गई। रैली के माध्यम से नागरिकों को स्वास्थ्य, दवा सेवन और फार्मासिस्ट की अहम भूमिका के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन आनन्द शेखर सिंह, वाइस चेयरपर्सन श्रीमती रीना सिंह तथा डायरेक्टर डॉ. आलोक कुमार शुक्ला मौजूद रहे।

# सगुन रावत बनी एक दिन की प्रधानाध्यापिका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र के गांव बखारी के प्राथमिक विद्यालय , में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना मिशन शक्ति के तहत आज कक्षा 5 की छात्रा सगुन रावत एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनी। सहायक के रूप में उसी क्लास की नैन्सी ने अपना कार्यभार संभाला।इस प्रक्रिया में कल एक लिखित परीक्षा हुई थी जिसमें सगुन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं, नैन्सी दूसरे स्थान पर रही।सुबह से ही सभी बच्चे काफी उत्साहित थे।स्कूल के इंचार्ज अध्यापक संतोष कुमार ने अपने सहायकों के साथ सगुन को प्रधानाध्यापक की कुर्सी पर बैठाया। कुर्सी पर बैठने के सगुन ने बताया कि उसकी प्राथमिकता है कि सभी बच्चे प्रतिदिन स्कूल आए।,सभी प्रॉपर यूनिफार्म में आए अपनी अपनी किताबो



को समझ के साथ पढ़े। सगुन ने प्रत्येक क्लास में जाकर सभी बच्चों से मुलाकात की। कुछ बच्चों से किताब भी बढ़वाई।,पूरे स्कूल की साफ सफाई के साथ साथ अपने घर के आसपास की भी सफाई के लिए भी बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# कंस वध के मंचन पर गूंजे जयकारे कलाकारों का हुआ भव्य सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। जय माँ दुर्गे श्रीकृष्ण लीला समिति द्वारा आयोजित पाच दिवसीय भव्य श्रीकृष्ण लीला का समापन मंगलवार को धूमधाम और श्रद्धा के साथ हुआ। लीला के अंतिम दिन का मुख्य आकर्षण रहा – अत्याचारी कंस का वध। श्रद्धालु दर्शकों को इस दृश्य का बेसब्री से इंतजार था और जैसे ही शाम ढली, मंच पर मथुरा प्रवेश का दृश्य जीवंत हुआ।कृष्ण और बलराम के मंच पर आगमन के साथ ही पूरा पंडाल ''जय श्रीकृष्ण'' के जयघोषों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। रंग-बिरंगी रोशनी, प्रभावशाली ध्वनि व्यवस्था और जीवंत अभिनय ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

**हाथी वध से लेकर मल्लयुद्ध तक – रोमांच का चरम**

कंस द्वारा भेजे गए विशालकाय हाथी के वध और उसके बाद हुए मल्लयुद्ध के मंचन ने दर्शकों को सांसें रोकने पर



मजबूर कर दिया। हर दृश्य में श्रीकृष्ण का साहस और बलराम की वीरता देखते ही बनती थी।

**कंस वध बना समापन का शिखर बिंदु**

जैसे ही कंस और कृष्ण आमने-सामने आए, पंडाल में सन्नाटा छा गया। कंस की अकड़ और क्रूरता का अंत तब हुआ जब कृष्ण ने उसे सिंहासन से खींचकर नीचे गिरा दिया। इस दृश्य पर वातावरण ञ्धर्म की जय हो, अधर्म का नाश होञ्ञ और ञ्राधे कृष्णाञ्ञ के नारों से गूंज उठा।

कलाकारों की अदाकारी ने छू लिया दिल

कृष्ण की भूमिका में संस्कार सिंह ने अपनी भावपूर्ण अदायगी से हर किसी का मन मोह लिया, जबकि कंस बने दीपक गुप्ता ने दमदार संवादों और सजीव हावभाव से खलनायक को जीवंत कर दिया। राधा की भूमिका में कोशल धीमन की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

**कलाकारों और सहयोगियों का हुआ सम्मान**

समिति के सदस्य राजेंद्र गुप्ता बीबी, संजय गुप्ता, प्राशु गुप्ता, पंकज गुप्ता, अनुज पांडे, शिवराज सिंह, शैलेंद्र सोनी और एक प्राचीन ने समापन अवसर पर सभी कलाकारों एवं सहयोगियों को सम्मानित किया।पाँच दिवसीय यह श्रीकृष्ण लीला आयोजन आस्था, संस्कृति और रंगमंच का अद्वितीय संगम बनकर दर्शकों के दिलों में बस गया।

# दुबग्गा में मिशन शक्ति का बिगुल, महिलाओं को सुरक्षा और स्वावलंबन का संबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। दुबग्गा स्थित एमसी सक्सेना कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति बृहस्पतिवार शाम को चार बजे कार्यक्रम कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी शकील अहमद, इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा, प्रभारी मिशन शक्ति एसआई नेहा वर्मा, एण्टी रोमियो प्रभारी एसआई द्विव्या सिंह राठौर समेत मिशन शक्ति टीम मौजूद रही। टीम ने महिलाओं को नारी स्वावलंबन, साइबर सुरक्षा और आत्मरक्षा के महत्व से अवगत कराया। साथ ही हेल्पलाइन नंबरों 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 1076 सीएम हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं व इमरजेंसी के लिए एंबुलेंस 108 एंबुलेंस सेवा, 112 पुलिस इमरजेंसी सेवा और 1930 साइबर हेल्पलाइन की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया।इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने महिलाओं को बताया गया कि मिशन शक्ति सिर्फ सुरक्षा का कवच ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाया गया सशक्त कदम है।

# मिशन शक्ति 5.0 : जहां हक की बात बनी प्रेरणा : डीएम ने महिलाओं को दिया आत्मविश्वास और सशक्त होने का संदेश

## महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शासन प्रतिबद्ध : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। हक की बात, जिलाधिकारी के साथ।ङ्क मिशन शक्ति 5.0 के तहत गुरुवार को वन स्टाफ सेंटर में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके हक अधिकारों की चर्चा का भव्य मंच सजा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, राज्य महिला आयोग सदस्य सुजाता कुमारी, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने महिलाओं को उनके हक़ और आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई। टूटते रिश्तों को जोड़ने की प्रेरक दास्तानें सुनाई और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीपीओ लवकुश भार्गव ने किया। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं, निराश्रित महिलाओं, सुलह समझौते के बाद सुखचैन से रहने वाले परिवार की महिलाओं और वन स्टाफ सेंटर की संवासिनियों को ह्लमिशन शक्ति स्पेशल सीएसआर किटङ्क वितरित की गई। इस दौरान डीएम ने स्वयं महिलाओं से संवाद भी किया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मिशन शक्ति 5.0 की अहमियत पर जोर दिया। कहा कि महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्पॉन्सरशिप योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के जरिये निराश्रित बच्चों को शिक्षा व सहारा उपलब्ध कराया जा रहा है। पीएम मातृत्व वंदना योजना के तहत बालिकाओं के जन्म पर पोषण के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है, जबकि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत कन्याओं को 6 चरणों में ?25 हजार की मदद प्रदान की जा रही है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि स्वयं, परिवार और बच्चों के भविष्य के लिए इन योजनाओं का लाभ जरूर उठाएं और अपने हकऽअधिकारों के लिए हमेशा सजग रहें।डीएम ने भरोसा दिलाया कि शासन प्रशासन और सरकार कानूनी मदद के साथ-साथ परिवारों को जोड़ने और न्याय की लड़ाई में हर महिला के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि अन्याय के विरुद्ध आवश्यक आवाज उठाएं, बालिकाएं पढ़-लिखकर आगे बढ़ें और देश की सेवा करें यही असली सशक्तिकरण है।

राज्य महिला आयोग सदस्य सुजाता कुमारी ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 महिला सशक्तिकरण का बड़ा अभियान है। केंद्र व प्रदेश की मातृत्व वंदना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला, वन स्टॉप सेंटर, कन्या सुमंगला, स्पॉन्सरशिप व बाल सेवा योजनाएं महिलाओं को सुरक्षा, शिक्षा, पोषण और आत्मनिर्भरता दे रही हैं। महिलाओं से आह्वान किया कि अपने हक और कानूनी अधिकार जानें, योजनाओं का लाभ उठाएं और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा, ह्लनारी सशक्त होगी तो परिवार, समाज और देश मजबूत होगा। सरकार हर बेटी और महिला को उसके हक और अधिकार दिलाने के लिए कटिबद्ध है। योजनाओं का लाभ उठाइए और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाइए। यही असली मिशन शक्ति है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने महिलाओं को अपने हक और कानूनी अधिकारों की पूरी जानकारी रखने की आवश्यकता बताई और कहा कि जिला प्रशासन लगातार जागरूकता फैला रहा है। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष महिला थाना शिल्पी शुक्ला, काउंसलर कुसुम गुप्ता, नीति गुप्ता और अधिवक्ता अंजना पांडे ने भी उपस्थित महिलाओं को कानूनी जानकारी दी।

प्रशासन की सुलह ने जोड़ दी रोशनी लालू की टूटी डोर, रोशनी ने खुद सुनाई पूरी दास्तान*

कुछ दिन पूर्व कपड़े प्रेस करने को लेकर हुए मामूली झगड़े ने रोशनी और लालू के रिश्ते को संकट में डाल दिया था। दोनों अलग हो गए थे, लेकिन प्रशासन की सुलह पहल ने उनके रिश्ते को फिर से जोड़ दिया। ''हक की बात जिलाधिकारी के साथ'' कार्यक्रम के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष रोशनी ने पूरी दास्तान सुनाई। रोशनी ने कहा कि आज हम हंसी-खुशी साथ हैं। सभी से यही कहना चाहती हूं कि पत्नी के साथ कभी दुर्व्यवहार या झगड़ा न करें। हमेशा प्यार और समझदारी से रहिए।

# भेलावा पंचायत में विकास कम, बंदरबाँट ज्यादा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से हुआ लाखों का खेल**

**पंचायत में विकास कार्यों की जगह भ्रष्टाचार का तांडव**

सीतापुर ब्यूरो। जनपद के विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत भेलावा में ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की बंदरबांट ने पूरे गांव को अपने रहमो-करम पर छोड़ दिया है। हालात ऐसे हैं कि यहाँ विकास कम और लूट-खसोट ज्यादा दिखती है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में नल रिबोर और मरम्मत के नाम पर करीब आठ बार में लगभग ?497000 रुपयों का भुगतान कराया गया। इतना पैसा बहाने के बावजूद नल की हालत देखकर साफ लगता है कि भारी अनियमितताएं की गई हैं। यही नहीं, तालाब भरवाई के नाम पर भी ?13,500 का भुगतान कर दिया गया, जबकि तालाब की स्थिति देखकर ग्रामीण हतप्रभ हैं।

इंटरलॉकिंग, नाली निर्माण, एंटीलार्वा छिड़काव जैसे कामों में भी जमकर धांधली हुई है। यही नही भेलावा ग्राम पंचायत में कुछ पेमेंट तो संदिग्ध नजर आते है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पंचायत भेलावा की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो लाखो के घोटाले उजागर हो सकते हैं। अब देखना यह है कि ब्लॉक स्तर के जिम्मेदार अधिकारी इस खुली लूट पर क्या संज्ञान लेते हैं और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है, या फिर यह फाइलें भी धूल फांकती रह जाएंगी ।

# सीतापुर पुलिस की बड़ी सफलता: चोरी की घटनाओं का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर, अंकुर अग्रवाल महोदय द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए रोकनें व अपराधियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना रामपुर मथुरा पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं में संलिप्त 02 शातिर अपराधियों 1. रामकिशुन चौहान पुत्र रामजीवन निवासी ग्राम बछमरिया मजरा रानीगंज गुडवा थाना थानगांव जनपद सीतापुर 2. सुनील कुमार पुत्र राजाराम निवासी ग्राम बछमरिया मजरा रानीगंज गुडवा थाना थानगांव जनपद सीतापुर को टेरवा मनिकापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की



है। अभियुक्तों के पास/ निशानदेही से चोरी से संबंधित 01 अदद कमरधनी सफ़ेद धातू, 05 जोड़ी पायल सफ़ेद धातू, 01 अदद मंगलसूत्र सफ़ेद धातू, 01 अदद कुंजी पास सफ़ेद धातू, 06 जोड़ी बिछिया सफ़ेद धातू, तथा 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 05 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुए हैं। अभियुक्तों से बरामद वाहन संख्या ठघ 34 उड 0126 मोटरसाइकिल को अंतर्गत धारा 207 ख्नठ्ठ इएठ्ठ में सीज किया गया। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि साहब हम लोग घूम फिर कर आस पास के गावों में चोरी की घटनाएं कारित करते हैं, जिससे सम्बन्धित माल हमारे पास से बरामद हुई है। घटनाओं के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 316/25 धारा 305(इ)/331(4), मु0अ0सं0 319/25 धारा 305(इ)/331(4) बीएनएस, मु0अ0सं0 260/25 धारा 305(इ)/331(4)बीएनएस, मु0अ0सं0 209/25 धारा 305(इ)/331(4) बीएनएस तथा थाना थानगांव पर मु0अ0सं0 217/25 धारा 305(इ)/331(4) बीएनएस पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय किया गया है। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी।

# कांवड़ यात्रा में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस द्वारा सम्मानित की गई सेवा का जुनून की टीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र व पसगवां थाना क्षेत्र से गुजरे हाइवे व मार्गो से पुलिस द्वारा कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन में सहायता करने वाली स्वयंसेवी संस्था सेवा का जुनून टीम को सम्मानित किया गया, ताकि भविष्य में भी ऐसी व्यवस्थाएं बनी रहें।

गत सावन माह के दौरान कावंड़ियों के लिए यात्रा सुगम व सफल हो इस मकसद से क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने वाली क्षेत्र की एक मात्र सामाजिक संस्था सेवा के जुनून टीम द्वारा जो सड़क हादसों व अन्य यात्रा के दौरान होने वाली समस्याओं को लेकर उनकी समस्याएं खत्म करना, हर जरूरतमंद की मदद करना व रात्रिगस्त के लिए जो कदम उठाए गए व किये गए उन्ही के चलते लखीमपुर खीरी जनपद के पुलिस अधीक्षक



(कप्तान) द्वारा सीओ मोहम्मदी व इंस्पेक्टर मोहम्मदी के माध्यम से मेहनत व लग्न से कावंड़ यात्रा में सहयोग करने वाली टीम को प्रशस्तिपत्र देकर किया गया सम्मानित। इस दौरान टीम लीडर व सेवा का जुनून टीम के डायरेक्टर डॉ. संजीत सिंह सनी को सीओ मोहम्मदी व इंस्पेक्टर उचौलिया द्वारा धन्यवाद दिया गया जो क्षेत्र में हर किसी की मदद व सेवा देने के मद्देनजर नजर एक अच्छी टीम का निर्माण करते हुए लोगो का सहारा बन रहे है। उसी क्रम में सीओ मोहम्मदी व इंस्पेक्टर उचौलिया द्वारा थाने के समस्त स्टाफ के सामने सभी को सम्मानित किया। यह पुरस्कार यात्रा को सुचारू बनाने में वॉलंटियर टीम के योगदान को मान्यता देता है, जिसमें यात्रियों की सहायता, सड़क हादसों से लेकर तमाम होने वाली परेशानियों को दूर कर यात्रा को आरामदायक बनाने के प्रयास शामिल थे। यह सम्मान स्वयंसेवकों के प्रयासों को प्रोत्साहित करता है और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन में उनकी भूमिका को मजबूत करता है। यह अन्य स्वयंसेवकों को भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों को बेहतर सेवा मिल सके। इस दौरान सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह व इंस्पेक्टर उचौलिया मनीष कुमार सिंह द्वारा सर्वप्रथम टीम लीडर व सेवा का जुनून टीम के डायरेक्टर डॉ. संजीत सिंह सनी को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मनित किया उसके बाद इन्ही के द्वारा क्रमशः मोहम्मद सोनू, धर्मेंद्र सिंह मनी, गुलफाम खान, रोहित कुमार, सचित कुमार, अरुण कुमार, राजू गुप्ता, चीकू कुमार, संजीव कुमार आदि को प्रशस्तिपत्र पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान थाने का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

# खैराबाद नगर पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान, सामूहिक श्रमदान से दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। नगर पालिका परिषद खैराबद जनपद सीतापुर द्वारा बी0सी0एम0 अस्पताल के पास 'स्वच्छता ही सेवा 2025' ''स्वच्छोत्सव'' के अन्तर्गत 'एक दिन एक घंटा एक साथ' श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री अभिषेक गुप्ता 'बब्लू भैया', श्री प्रेम शंकर गुप्ता अधिकशी अधिकारी, श्री मनोज कुमार राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक व सभासदगण श्री विष्णु कुमार, श्री हबीब, श्रीमती मुन्नी, श्री यूसुफ खॉ, श्री उमेश, श्रीमती शबेनाज़, सुनील, श्री फरजन्द अली, श्री आलोक बाजपेई, श्री राकेश चन्द्र, श्री मो0 मुर्सलीन, श्रीमती मोमिना, श्री जफरयाब बेग, श्री शकील अहमद, श्री मो0 नसीम खॉ, श्री मो0 जावेद, श्री सऊद अहमद, श्रीमती कविता, श्री साबिर अली, श्री हसीन अहमद, श्री राशदुन निशां, श्रीमती शायरून निशां, श्रीमती नासरा बानों, श्रीमती रोशन जहॉ, श्रीमती महरून निशां एवं श्री



दिलीप जोशी, श्री सुनील मौर्या, नसीम खॉ, श्री प्रभु, चुन्ना तथा आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउण्डेशन खैराबाद सीतापुर के श्री बिन्दु मौर्या, श्री राजीव सिंह, श्री सर्वेश, श्री गुड्डू, श्री रमा शंकर, श्री रामू, हरि लाल, श्री हशमत, श्रीर राशिद व नगर के सम्भ्रांत नागरिक श्री प्रहलाद शास्त्री, श्री मनीष सिंह गौरव अग्रवाल, श्री संदीप मिश्रा एंव जन सामन्य के साथ नगर पालिका के कर्मचारी श्री नदीम आलम, श्री प्रदीप कुमार, श्री मो0 रिज़वान, श्री अनुज कुमार, श्री तौफीक अहमदसुमेन्द्र मिश्रा (गोलू), श्री राम कुमार श्री शैलेन्द्र कुमार, श्री धीरज कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# काकोरी पंचायत का भ्रष्टाचार उजागर जांच टीम ने गिनाईं कई खामियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर(ब्यूरो)। जनपद की ग्राम पंचायत काकोरी में व्याप्त भ्रष्टाचार की परतें अब प्रशासनिक जांच में भी खुलने लगी हैं। जिलाधिकारी को दी गई शिकायतों के आधार पर गठित जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर कई गंभीर गड़बड़ियां पकड़ीं और यह साफ संकेत दिया कि पंचायत स्तर पर बड़े पैमाने पर धन का दुरुपयोग हुआ है। जांच टीम ने बताया कि नल मरम्मत और रिबोर के नाम पर धन निकाला गया, जबकि मौके पर हकीकत कुछ और ही निकली। ग्रामीण संजय ने स्वयं अपने पैसे से दो माह पहले नल लगवाया था, लेकिन रिबोर के नाम पर उसका भुगतान ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा सरकारी मद से कर दिया गया। इसी तरह राजाराम वाले नल का 2022 में रिबोर कराकर विजय पाल के दरवाजे पर लगाया गया था, किंतु आज उसका पानी दूषित हो चुका है। टीम ने आगे बताया कि गांव की गलियां और नालियां जर्जर हालत में हैं, सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। पुरैनी गांव में बना पंचायत भवन भी शोपीस बनकर रह गया है। भवन से कुर्सियां और लैपटॉप तक गायब हैं, दीवारें टूट चुकी हैं। इतना ही नहीं, पास ही बना आर.आर. सेंटर (कूड़ा घर) अधूरा पड़ा है, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि योजनाओं पर सिर्फ कागजों में काम हुआ, धरातल पर नहीं, जांच के दौरान ग्रामीणों ने भारी संख्या में पहुंचकर अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। ग्रामीणों का कहना था कि शिकायतकर्ता रवि प्रकाश सिंह द्वारा जो आरोप लगाए गए थे, वे अधिकांशतः सही साबित हुए हैं।

गौरतलब है कि रवि प्रकाश सिंह ने ग्राम पंचायत काकोरी में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर तीन सेटों में जिलाधिकारी को शिकायतें दी थीं। इन्हीं शिकायतों को आधार बनाते हुए खंड विकास अधिकारी आर.के. तिवारी ने जांच टीम गठित की थी। यह टीम 25 सितम्बर को सुबह 11 बजे गांव में पहुंचने वाली थी, लेकिन टीम 1:15 बजे मौके पर पहुंची और 3:30 बजे तक जांच चलती रही। इस बीच, सचिव रणविजय सिंह, तत्कालीन सचिव सोमपाल और तकनीकी सहायक कन्हैया लाल जांच स्थल से नदारद रहे। इनकी गैरमौजूदगी ने ग्रामीणों के बीच और भी संदेह पैदा कर दिया कि भ्रष्टाचार की कहानी में उनकी संलिप्तता कितनी गहरी है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से योजनाओं का पैसा कागजों पर खर्च दिखाकर हड़प लिया गया। नलों की मरम्मत से लेकर पंचायत भवन और सफाई तक हर मद में भ्रष्टाचार का बोलबाला नजर आया। जांच अधिकारियों ने भी माना कि गड़बड़ियां गंभीर हैं और रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस रिपोर्ट के आधार पर क्या प्रधान और सचिव पर कठोर कार्रवाई होती है या फिर यह मामला भी फाइलों के बोझ तले दबकर रह जाएगा।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती भाजपा ने मनाई



लखीमपुर खीरी सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा ने जनसंघ के संस्थाथपक और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े श्रद्धा और आयोजन के साथ मनाई। जिला मुख्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जिला अध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में सभा हुई। मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान ने पंडित जी के त्याग और सादगी भरे जीवन पर प्रकाश डाला। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और सेवा कार्यों का आयोजन किया। कार्यक्रम में सभी मोर्चा-प्रकोष्ठ पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## चीतल का शिकार कर मांस पका रहे दो शिकारी धराए



लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मझगई रेंज की टीम ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत दो शिकारियों को धर दबोचा। जानकारी के मुताबिक शिकारी वन्यजीव का मांस पका रहे थे। वन विभाग की टीम ने मौके से मांस बरामद कर दोनों को हिरासत में ले लिया। वन प्रभागीय अधिकारी डॉ. राजा मोहन ने बताया कि आरोपियों पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। बरामद मांस की पुष्टि के लिए लैब जांच को भेजा गया है।

## नबीनगर में 26 सितंबर को आएंगे पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा कल नबीनगर में दिन के 12:00 बजे आयेंगे। उक्त जानकारी देते हुए अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के जिला अध्यक्ष रामकृष्ण शर्मा ने दूरभाष पर दी है। जिला अध्यक्ष श्री शर्मा ने आगे बताया कि अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राम असारे विश्वकर्मा दिनांक 26 सितंबर को दोपहर 12:00 बजे तहसील क्षेत्र के ग्राम नवीनगर में महानंद विश्वकर्मा के आवास पर जाएंगे विगत सप्ताह महानंद विश्वकर्मा की पुत्रवधू का लंबी बीमारी से निधन हो गया था। वहां पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे उसके बाद में केसरीगंज लाले बाबू शर्मा के प्रतिष्ठान बालाजी इंटरप्राइजेज प्रांगण में पहुंचकर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं विश्वकर्मा समाज के लोगों से मिलेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लाले बाबू शर्मा अनिल विश्वकर्मा टेलर अखिल भारतीय विश्वकर्मा युवा महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा डॉक्टर कपिल कुमार शर्मा रमाशंकर विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी तेजी के साथ जनसंपर्क कर रहे हैं।

## माधोटांडा रेलवे क्रासिंग पर रंजिश में भिड़े दो पक्ष तमंचा लहराने व मारपीट के आरोप मुकदमा दर्ज

पूरनपुर सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार निवासी नितेश पांडे ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा कि करीब दो माह पूर्व हुए विवाद की रंजिश के चलते माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग पर आर्यन पांडे पुत्र अवधेश पांडेय,आयुष पांडे और राहुल पांडे ने उसे घेर लिया और तमंचा लहराकर डराने की कोशिश की। इस घटना से वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने आर्यन पांडे पुत्र अवधेश पांडेय,आयुष पांडे और राहुल पांडे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## विकास प्राधिकरण बनने का रास्ता साफ 44 गांव होंगे शामिल

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । शहरवासियों के लिए खुशखबरी हैं लंबे समय से चर्चा में रहे सुलतानपुर विकास प्राधिकरण के गठन का रास्ता लगभग साफ हो गया हैं शासन को भेजे गए प्रस्ताव पर तेजी से कार्रवाई हो रही हैं हाल ही में 44 गांवों का सजरा और मानचित्र आवासीय एवं शहरी नियोजन विभाग को भेजा गया हैं अब नियोजन विभाग इन गांवों का मानचित्र तैयार कर डीएम को भेजेगा शासन से स्वीकृति मिलने के बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक होगी और फिर आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। उप जिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी ने बताया कि डीएम की ओर से भेजे गए प्रस्ताव में सुलतानपुर को 100 में से 65 अंक मिले हैं प्राधिकरण के गठन के लिए न्यूनतम 60 अंक जरूरी होते हैं ऐसे में सुलतानपुर विकास प्राधिकरण के गठन की संभावना और प्रबल हो गई हैं प्राधिकरण बनने के बाद शहर का फैलाव और अधिक होगा अभी तक शहर साढ़े चार किमी क्षेत्रफल तक सीमित हैं लेकिन प्रस्तावित 44 गांवों के शामिल होने पर यह दायरा आठ किमी से अधिक हो जाएगा शहर में शामिल होने वाले गांवों की जमीनों के दामों में तेजी आएगी ।

# संविलयित विद्यालय बरेती में बाढ़ पीड़ितों को राहत राशि व किट का वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश/प्रभारी मंत्री श्री मयंकेश्वर शरण सिंह एवं मा. कारागार राज्यमंत्री श्री सुरेश राही द्वारा तहसील लहरपुर क्षेत्रांतर्गत संविलयित विद्यालय बरेती में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बाढ़ पीड़ितों को शासन द्वारा विभिन्न मदों में अनुमन्य राहत राशि एवं बाढ़ राहत सामग्री वितरित की गयी। उन्होंने सरोजिनी देवी, पम्मी देवी, रामा, ममता देवी, रामशारदा, अर्पित, सुशील, सचिन, शिवा, देवदत्त और लवकुश को राहत किट का वितरण किया। मोहिनी पत्नी रामचेत को दैवीय आपदा के अन्तर्गत अहेतुक सहायता (ग्रह अनुदान) रु0 एक लाख बीस हजार की सहायता राशि का वितरण किया गया। इसके साथ ही कृषि निवेश योजना 2025-26 के अंतर्गत फसल नुकसान की अनुग्रह राशि से



सूर्यकली, कमला, जमुना देवी, राधिका, रामरानी, फूलमती, रामपती, श्यामदेवी आदि को लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में माननीय प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों का व्यापक स्तर पर संचालन किया जा रहा है। सरकार हमेशा पीड़ितों के साथ है और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्रों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय से उपलब्ध कराया जाये। बाढ़ राहत योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और बाढ़ से बचाव हेतु नियमानुसार कार्ययोजनाएं प्रस्तुत करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर माननीय कारागार राज्यमंत्री श्री सुरेश राही ने क्षेत्र में बाढ़ से बचाव के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं के विषय में भी मा0 प्रभारी मंत्री जी को अवगत कराया, जिस पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश माननीय प्रभारी मंत्री जी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए। ? इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**सीतापुर प्रशासन सतर्क: पारदर्शिता के साथ मिलेगी सभी योजनाओं का लाभ–प्रभारी मंत्री**

**मंत्री सुरेश राही ने बाढ़ बचाव कार्यों की समीक्षा, समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

## शहर में टप्पेबाजों का गिरोह सक्रिय हो जाये सावधान

सुलतानपुर । त्योहारों की भीड़-भाड़ के बीच टप्पेबाजों का गिरोह बड़ी घटनाओं को अंजाम दे रहा हैं ताज़ा मामले में पुलिस लाइन में फॉलोअर की ड्यूटी करने वाली उषा सोनी शिकार बनीं। बताया जा रहा हैं कि बाजार में टप्पेबाजों ने नकली नोटों की गड्डी दिखाकर महिला को झांसे में लिया और किनारे ले जाकर लगभग 10 हजार रुपये नकद व सोने-चांदी के जेवर उतरवा कर फरार हो गए आरोपियों ने ऊपर-नीचे असली नोट लगाकर गड्डी में एक लाख रुपये होने का भरोसा दिलाया और भ्रमित कर वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी पीड़िता ने शाहगंज चौकी इंचार्ज वंदना अग्रहरि को दी इसके बाद नगर कोतवाली पुलिस हरकत में आई और तहरीर लेकर जांच शुरू की वंदना अग्रहरि ने सीसीटीवी फुटेज खंगालेजिसमें आरोपियों की तस्वीर सामने आई हैं फिलहाल पुलिस टप्पेबाज गिरोह की तलाश में जुटी हैं संदेश साफ हैं त्योहारों की भीड़ में सतर्क रहें और अजनबियों के झांसे से बचें।

# जनपद स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की पहली बैठक सर्किट हाउस सभागार में संपन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक**

**बैठक में मौजूद विधायकगणों द्वारा विधायक निधि से बनी सड़कों के अनुरक्षण का मुद्दा उठाया गया**

मुरादाबाद । विधान परिषद के विशेषाधिकारों के अंतर्गत गठित जनपद स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की पहली बैठक मा. सदस्य विधान परिषद डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त की अध्यक्षता में सर्किट हाउस के सभागार में आयोजित हुई। जनपद में मेडिकल कॉलेज बनाए जाने के सम्बन्ध में अध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से निर्धारित मानकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रत्येक मानक के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा कहा कि सभी जरूरी मानक पूर्ण हैं।

बैठक में मौजूद विधायकगणों द्वारा विधायक निधि से बनी सड़कों के अनुरक्षण का मुद्दा उठाया गया। विधायक निधि से बनी सड़कों को संबंधित विभागों को हस्तांतरित करने के प्रकरण पर भी चर्चा की गई ताकि लंबे समय तक सड़कों का रखरखाव किया जा सके। एमएलसी श्री गोपाल अंजान ने ग्राम रतनपुर कला में विद्युत आपूर्ति निर्धारित रोस्टर के अनुरूप न होने और गलत विद्युत बिलों को लेकर नाराजगी जताई। वहीं जिला पंचायत सदस्यों द्वारा विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने की वजह से विद्युत आपूर्ति के दौरान हो रही घटनाओं को लेकर भी मा. अध्यक्ष को अवगत कराया, जिस पर मा. अध्यक्ष ने कहा कि विद्युत विभाग क्षतिग्रस्त विद्युत पोल और लटकते तारों के मामलों को चिन्हित करके उन्हें दुरुस्त कराएं ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना/जनहानि से बचा जा सके। प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत जिले के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसूतियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन एवं अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध न कराएं जाने के बारे में ब्लॉक प्रमुख मूढ़ापांडे ने शिकायत की जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि वे प्रकरण की जांच कराएंगे तथा नियमानुसार योजना का सख्ती के साथ क्रियान्वयन कराया जाएगा।

सीएमओ कार्यालय में जेम पोर्टल का अधिकृत कार्मिकों द्वारा संचालन न किए जाने का प्रकरण भी ब्लॉक प्रमुख मूढ़ापांडे द्वारा उठाया गया जिस पर अध्यक्ष ने कहा कि सीएमओ इस गंभीर मामले का निराकरण कराएं।अध्यक्ष ने जिले में विधायक निधि से प्राप्त सड़कों के प्रस्तावों और शासन को भेजे गए प्रस्तावों की स्थिति के बारे में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में विद्युत विभाग द्वारा लगवाए जा रहे स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटरों की विश्वसनीयता सुनिश्चित कराई जाए।उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनप्रतिनिधियों से निरंतर रूप से संवाद स्थापित करें ताकि जनप्रतिनिधियों को प्राप्त होने वाली आमजन की समस्याओं और शिकायतों का समयबद्धता के साथ समाधान हो सके।विधान परिषद के विशेषाधिकारों के अंतर्गत गठित इस समिति द्वारा समीक्षा किए जाने वाले सभी विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों में बेहतर प्रगति के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया । जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने कहा कि समिति के सभी निर्देशों का अधिकारियों द्वारा नियमानुसार सख्ती के साथ पालन कराया जाएगा। इस समिति में सभी विधायक गण, सभी ब्लॉक प्रमुख, सभी जिला पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों के 05 प्रतिनिधि शामिल हैं। बैठक में संबंधित जनप्रतिनिधि गण और अधिकारी गण मौजूद रहे।

## अवन विभाग व कालेज ने चलाया स्वच्छता जागरुकता अभियान

अनूपशहर। एलडीएवी इण्टर कालेज एवं वन विभाग के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत विद्यालय के एनसीसी के कैडेट, स्काउट गाइड सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने नगर में स्वच्छता जागरुकता रैली निकालकर गंगा तट पर सफाई की। गुरुवार को वन विभाग व एलडीएवी कालेज द्वारा श्रद्धालुओं को गंगा स्वच्छता के जागरूक किया। गंगा घाट की सफाई करने के बाद प्रवक्ता अखण्ड प्रताप सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता रैली को विद्यालय की प्रधानाचार्या शशि बाला पंत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छता रैली विद्यालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क, फुव्वारा चौक, गंगा घाट रोड से होते हुए मस्तराम गंगा घाट पर पहुंची। प्रधानाचार्या, शिक्षक, वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों, नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं ने गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाया और गंगा घाट को स्वच्छ किया। प्रधानाचार्या शशि बाला पंत ने कहा कि सभी लोग अपने दैनिक जीवनचर्या में स्वच्छता को अवश्य सम्मिलित करें। विकसित भारत के लिए स्वच्छ भारत का होना आवश्यक है। क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रवेश कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत ?से समृद्ध एवं विकसित भारत बनेग। हम विकसित भारत को बनाने में स्वच्छता को अपनी आदत में सम्मिलित कर योगदान दे सकते हैं।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत आज बालिकाओं ने संभाली प्रशासन की कमान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद की बेटियों को सांकेतिक रुप से एक दिन के लिए बनाया गया डीएम, एसपी, सीडीओ एवं एडीएम**

सम्भल, बहजोई। नारी सुरक्षा-नारी सम्मान की थीम पर नारी शक्ति का नया आयाम महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा नवरात्रि के प्रथम दिन से प्रारम्भ किये गये मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत आज जनपद के प्रमुख प्रशासनिक पदों अर्थात जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी के पद पर एक दिन के लिए सांकेतिक रुप से बालिकाओं को पद भार ग्रहण कराया गया।

सांकेतिक रुप से एक दिन की जिलाधिकारी चंदौसी के जीके सिल्वर स्टोन में कक्षा 11वीं की छात्रा कु. रहनुमा खान को बनाया गया जोकि विकासखंड बनियाखेडा के ग्राम मई की रहने वाली हैं।जबकि एक दिन का पुलिस अधीक्षक जीके सिल्वर स्टोन की कक्षा 11 की छात्रा कु. नम्रा नाज़ को बनाया गया जोकि चंदौसी के सम्भल गेट स्थित चूने वाली गली की रहने वाली हैं। मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय बनियाखेडा विकासखंड बनियाखेडा में कक्षा आठ में पढने वाली कु. साक्षी चौहान को बनाया गया जोकि विकासखण्ड बनियाखेडा के ग्राम अमियापुर पचाक की रहने वाली हैं। अपर जिलाधिकारी के पद पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय बनियाखेडा विकासखंड बनियाखेडा की कक्षा 11 की कु. संगीता को बनाया गया जोकि विकासखंड पवांसा के ग्राम हिन्डोली की रहने वाली हैं। सर्वप्रथम एक दिन की सांकेतिक रुप से बनायी गयीं जिलाधिकारी,तथा मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी का कलक्ट्रेट सभागार में पुस्तक देकर स्वागत किया गया। एक दिन की जिलाधिकारी कु. रहनुमा खान तथा मुख्य विकास अधिकारी कु. साक्षी चौहान एवं अपर जिलाधिकारी कु. संगीता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ मिशन शक्ति से संबंधित समीक्षा बैठक की तथा सांकेतिक जिलाधिकारी द्वारा बैठक में बताया गया कि वह कक्षा 11वीं में कॉमर्स की छात्रा हैं। बैठक के अन्तर्गत उपस्थित मीडिया एवं अधिकारियों द्वारा सुझाव भी दिये गये। सांकेतिक जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाया जाना वाला मिशन है।

# अस्पताल में दवा लेने आयी महिला का पर्स महिला चोर लेकर फरार, पुलिस की कार्रवाई शून्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूं। जिला अस्पताल में एक महिला के साथ जेब कतरी घटना हो गई रीना पत्नी विजेंद्र खैरे कटरा ने बुधवार को ओपीडी में दवाई लेने आई थी उसके हाथ में एक थैली थी जिसमें पर्स रखा था। पर्स में 35 हजार रुपए और एक जोड़ी सोने के कुंडल थे दवाई लेते समय किसी ने नीचे से थैली काटकर रुपए और सोने के कुंडल निकाल लिए रीना ने बताया कि वह अपने पुराने टूटे हुए सोने के कुंडल बदलवाने के लिए बदायूं आई जिसके लिए उन्होंने 35 हजार रुपए अलग से लाई थी अस्पताल में दवा लेने के बाद जब वह बाहर निकली थी तभी भीड़ में किसी ने उनकी थैली को काटकर पर्स चुरा लिया चोरी का पता चलते ही रीना रोने लगी अस्पताल में सुरक्षा कर्मी भी वहां पर पहुंच गए उन्होंने पीड़िता को सांत्वना देते हुए मामले की जानकारी सीएमएस को दी। रीना ने शिकायत दर्ज कराने कोतवाली गई पुलिस जांच कर रही है। वही इस मामले में सीसीटीवी फुटेज में एक बुरखे वाली महिला पर्स निकलते हुए दिख रही है। वही इंस्पेक्टर कोतवाली प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। और जांच के बाद ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

# 27 सितम्बर को राम विवाह, (बारात) शोभायात्रा का आयोजन, मजिस्ट्रेट नामित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने आदेश जारी करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर क्षेत्र बदायूँ में रामलीला महोत्सव के दौरान श्री राम विवाह (बारात) शोभायात्रा का आयोजन 27 सितम्बर 2025 को होना प्रस्तावित है। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में व्यक्ति भाग लेते है तथा नगर के व्यस्ततम मार्गो से यह शोभायात्रा झाकियों आदि के साथ गुजरती है। नगर बदायूँ में यह शोभायात्रा बिरुआबाडी मन्दिर (भोलाधाम) प्रारम्भ होकर पथिक चौक, शास्त्री चौक, बड़ा बाजार, गोपी चौक, स्टेट बैंक, लावेला चौराहा होते हुए रामलीला मैदान के पश्चिमी द्वारा पर समाप्त होगी।उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में कानून एवं शानित व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने हेतु आयोजन के प्रारम्भ से समापन तक 03 मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है, जिनमें उप जिला मजिस्ट्रेट तहसील सदर मोहित कुमार को शोभा यात्रा के आगे, उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक तहसील सदर राजेश कुमार सिंह को शोभा यात्रा के मध्य व तहसीलदार सदर दीपक कुमार को शोभायात्रा के पीछे रहकर सकुशल शोभा यात्रा सम्पन्न कराने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि इन मजिस्ट्रेट्स के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बदायूँ द्वारा नामित समवना स्तर के पुलिस अधिकारी भी रहेंगे। यह अधिकारीगण शोभायात्रा के प्रारम्भ होने से लेकर समाप्ति तक कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूर्ण उत्तरदायी होगे। इन मजिस्ट्रेट्स को यह भी निर्देशित किया गया है कि वह नगर के संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति के अनुसार क्षेत्रों का पूर्व भ्रमण भी कर लें तथा शोभायात्रा के दौरान प्रत्येक गतिविधि पर गहन दृष्टि रखते हुए कार्यक्रम को शान्ति एवं साम्प्रदायिक सद्भाव के साथ सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें, साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि शोभायात्रा में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के मादक दृव्यों/पदार्थों का सेवन करके किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न कर सकें।

# विद्युत समस्या को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अनूपशहर। कंग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत शेड्यूल व अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया।गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर विद्युत विभाग के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए, विद्युत विभाग द्वारा हाल ही में नवरात्रि के पर्व के बावजूद किए गए बिजली के समय में बदलाव को लेकर आक्रोश प्रकट किया। और विद्युत शेड्यूल को पूर्व की भांति करने की मांग की। सुबह 9:00 बजे से शाम के 3:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। जबकि अब वर्तमान में सुबह 9 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है। जिससे 12 से 3 तक किया जाए। जिससे नवरात्रि व्रत, किसानों के खेत से काम करके लौटने तथा बेसिक शिक्षा के विद्यालय में पढ़ रहे छात्रों को भीषण गर्मी में पंखे की हवा मिल सके। विद्युत चेकिंग व नए कनेक्शन देने के नाम पर विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे आर्थिक शोषण आदि समस्याओं का ज्ञापन में जिक्र किया। विद्युत विभाग के अधिकारियों को तत्काल विद्युत आपूर्ति के शेड्यूल को पूर्व की भांति करने तथा विद्युत उपभोक्ताओं के शोषण की जांच कर कर कार्रवाई करने की मांग की। शीघ्र समस्याओं का समाधान न होने पर कंग्रेस द्वारा आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन नायब तहसीलदार खुशवू सिंह को दिया। मौके पर ज्ञानेंद्र सिंह राघव, प्रज्ञा गौड़, सलाम खां, बबलू कुरैशी, अहमद हसन, मोहन सरीन, इमरान खान, राजेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, शिबू कुरेशी, छोटन सिंह, कौशल शर्मा, आसिफ खान व सभासद विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्याय पंचायतवार एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

सम्भल, बहजोई। विकासखंड असमोली के सभागार में नेकपुर, एंचौड़ा कंबोह, भटपुरा, न्याय पंचायतवार एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ प्रशिक्षण में न्यायपंचायत के समस्त गुरुजनों एवं दीदीजनों को एक दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया के संरक्षण में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित प्रशिक्षण जनपद के सभी विकासखंडों में गतिमान है, प्रशिक्षण 8 सितंबर से 30 सितंबर तक जनपद संभल की आठों विकासखंड की 65 न्यायपंचायत में न्याय पंचायत बार आयोजन किया जा रहा है , अब तक बहजोई, बनियाखेड़ा, जुनावाई, गुन्नौर , पंवासा, रजपुरा, सम्भल असमोली विकास खण्ड की 57 न्यायपंचतों में प्रशिक्षण हो चुका है। डीपीएमयू जिला समन्वयक का कार्य देख रहे श्री विपुल राठौर द्वारा प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के लिए गुणात्मक शिक्षा युगनिर्माता के रूप में गुरुजी एवं दीदी को आदर्श शिक्षक के रूप में स्थापित करना तथा विकास का आधार ग्राम सचिवालय ग्राम कुल को सक्रिय करना है ।प्रशिक्षण का प्रेरणास्रोत पुनरुत्थान विद्यापीठ, अहमदाबाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 तथा गिजूभाई का ग्रंथ दिवास्वप्न है प्रशिक्षण का उद्देश्य गुणात्मक शिक्षा हेतु जनपद संभल में क ख ग घ मिशन को पूर्ण रूप से लागू करना, शिक्षकों में गुरुत्व की भावना जागृत करना तथा प्रधान की अध्यक्षता और प्रधानाध्यापक की सह अध्यक्षता में ग्रामकुल की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है प्रशिक्षण चार सत्रों में संपन्न हुआ।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद ।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चंद्र एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मुरादाबाद शहर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही साफ सफाई को दुरुस्त बनाए रखने के लिए भी उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक तीन माह में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस का निरीक्षण करने के निर्देश हैं।

## स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित

**सम्भल, बहजोई।** पी.एम.श्री कंपोजिट विद्यालय आटा में डॉ. शेखर वार्ष्णेय सम्राट हॉस्पिटल द्वारा चौथा स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प आयोजित किया गया । विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा बदलते मौसम से होने वाले रोगों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बच्चों को इन बीमारियों से बचने के बारे में बताया गया एवं उन सबकी जांच की गई जैसे बुखार, जुखाम, पेट दर्द आदि म्आज कैंप मे ज्यादातर बच्चे बुखार एवं सर्दी से ग्रसित पाए गए म बच्चों को इन रोगों से सम्बंधित, दवाईया भी निशुल्क दी गई । आज का कैंप काफ़ी अच्छा रहा । बच्चों ने सुविख्यात समाजसेवी डॉक्टर शेखर जी को देखते ही तालियां बजानी शुरू कर दीं व उनका उत्साह से स्वागत किया गया गणेश चौथ में लगे विभिन्न प्रकार के झूलों के लिए डॉक्टर शेखर जी द्वारा बच्चों को फ्री पास उपलब्ध कराए गए थे । कैम्प के अन्तर्गत समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## बच्चों के अधिकारों व कानूनी मुद्दों पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मुरादाबाद।** कंपोजिट विद्यालय डिडोरा मुरादाबाद एवं माता मंदिर लाइनपार मुरादाबाद में नवरात्रि के अवसर पर बच्चों के अधिकारों से संबंधित योजनाओं और कानूनी मुद्दों पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा पखवाड़ा अभियान एवं मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति की थीम नारी सुरक्षा ,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे मे विस्तार से पात्रता बताते हुए आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन ,181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई कि बालिकाएं इन नंबरों पर अपनी सुरक्षा हेतु शिकायत कर सकती हैं। उनकी जानकारी गुप्त रखी जाती है। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को विस्तार से बताया गया साथ ही साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताकर जागरूक किया गया कि बालिकाओं को किसी प्रकार की धोखेबाजी और छेड़छाड़ से संबंधित कॉल आए तो इस नंबर पर शिकायत दर्ज कर जानकारी दे सकती हैं। इस तरह से वह अपनी और अपनी बहनों की सुरक्षा स्वयं कर सकती हैं। इस कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से मनोसामाजिक परामर्शदाता तनीषा दिवाकर, पैरामेडिकल स्टाफ डिंपल तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा सहायक अध्यापिका व छात्राएं उपस्थित रहे।

## गन्ना समिति के सदस्य बनने के बचे पाँच दिवस

**बदायूँ।** जिला गन्ना अधिकारी अशर्फीलाल ने जानकारी देते बताया कि पेराई सत्र 2025-26 के लिए सहकारी गन्ना विकास समिति लि. बदायूँ की सदस्यता 30 सितम्बर, 2025 तक ऑनलाइन बेवसाइट https://enquiry.caneup.in पर आवेदन किया जा सकता है, 30 सितम्बर 2025 तक सदस्यता लेने वाले कृषकों को गन्ना आपूर्ति की सुविधा प्रदान की जा सकेगी, इसके बाद पोर्टल लॉक हो जायेगा और गन्ने की आपूर्ति नहीं होगी।उन्होंने जनपद के कृषकों से अनुरोध किया है कि 30 सितम्बर 2025 तक अपना आवेदन कर दे, जिससे गन्ना आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## कृषक गोष्ठी एवं उ.प्र. श्री अन्न पुनरोद्धार कार्यक्रम

**मुरादाबाद।** जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी एवं उ.प्र. श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम 26 सितम्बर को पंचायत भवन में*मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी ने बताया कि दिनांक 26 सितम्बर 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से मुरादाबाद शहर स्थित जिगर मंच पंचायत भवन परिसर कम्पनी बाग में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजीड्यू योजना के अन्तर्गत फसल अवशेष प्रबन्धन के संबंध में जागरुकता हेतु जनपद स्तरीय कृषक गोष्ठी एवं उ.प्र. श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्वार कार्यक्रम (राज्य सेक्टर) के अन्तर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा। कृषक संगोष्ठी के माध्यम से आगन्तुक कृषकों को फसल अवशेष प्रबन्धन के संबंध में जानकारी, मिलेट्स की खेती मिलेट्स उपभोक्ता, उन्नत कृषि तकनीक एवं अद्यतन कृषि विधियों की जानकारी, कृषकों को नवीनतम कृषि तकनीकी प्रयोग एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर जनपद के कृषि एवं कृषि सहयोगी विभागों के द्वारा स्टॉल/प्रदर्शनी के माध्यम से विभागीय कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार एवं उन्नत प्राकृतिक कृषि विषयों पर प्रदर्शनियों तथा अन्य (मिलेट्स) से बने खाद्य पदार्थो को भी प्रदर्शित किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषि क्षेत्र से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में अपने विभाग का स्टॉल लगाते हुए अपने विभाग के प्रगतिशील कृषकों को भी प्रतिभाग कराएं तथा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी कार्यक्रम में उपलब्ध कराएंगे।

## कीटनाशक पीकर एसएसपी दफ्तर पहुंच गया युवक

**बदायूं।** अपनी शिकायत लेकर बुधवार करीब 12 बजे थाना मूसाझाग क्षेत्र के गुलड़िया वार्ड नंबर 10 निवासी अर्पित उर्फ भोला पुत्र बाबू सिंह एसएसपी ऑफिस पहुंचा। उसका प्रार्थना पत्र पढ़कर ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों ने उसे सिविल लाइंस पुलिस को सौंप दिया। प्रार्थनापत्र में लिखा था कि मूसाझाग पुलिस द्वारा परेशान किए जाने के कारण उसने मंगलवार रात में जहरीला पदार्थ खा लिया है। सिविल लाइंस पुलिस ने उसे तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, उसकी हालत सामान्य है। सिविल लाइंस पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अर्पित पटेल हाथ में शिकायती पत्र लेकर एसएसपी कार्यालय के मुख्य गेट पर पहुंचा तो वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने उससे पूछा, किससे मिलना है। उसने शिकायती पत्र ही पुलिस को थमा दिया। सिपाही ने प्रार्थनापत्र पढ़ा तो उसके होश उड़ गए। उसमें लिखा था कि 23 सितंबर को गांव के ही लोगों ने उसके साथ मारपीट की। थाने में तहरीर दी, लेकिन उसे थाने से भगा दिया गया। मूसाझाग पुलिस से परेशान होकर उसने मंगलवार रात में ही जहर खा लिया है। अब वह एसएसपी को शिकायती पत्र देने आया है। युवक जिस मामले की शिकायत लेकर पहुंचा था उस मारपीट के मामले में मूसाझाग थाने में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने की बात कहकर उसको कार्रवाई से भी अवगत करा दिया था। इसके बाद भी उसने रात में किसी समय कीटनाशक पीने की बात कही है। उसके खिलाफ सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। -डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी

## कोचिंग से लौट रही छात्रा को ट्रक ने रौंदा, मौत

बदायूं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के माझिया रोड पर एक 17 वर्षीय बालिका नाम मुस्कान दीप पुत्री शिशुपाल सिंह निवासी सुंदर नगर बदायूं जो कोचिंग से वापस अपने घर को लौट रही थी। सड़क पार करते समय ट्रक ने रॉन्ग साइड में जाकर टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि छात्रा की तत्काल मौके पर ही मौत हो गई। आनन-फानन में आसपास के लोग इकट्ठा हो गए तथा छात्रा के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जिससे भारी भीड़ एकत्रित हो गई तथा रोड जाम हो गया। मंडी चौकी प्रभारी नीरज कुमार ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। मृतिका आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला अस्पताल भेजने का प्रबंध किया।08--स्वयं सेवकों ने ली स्वच्छता की शपथबदायूँ। सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में वृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक/स्वयंसेविकाओ को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता उत्सव की शपथ दिलाई गई प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं को संबोधित किया और उन्हें समाज को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नीरज चौहान,विपलव भारती, रामौतार मौर्य, प्रवेश शर्मा सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी अनमोल उपाध्याय ने किया।

# दो लाख का इनामी, भारत-नेपाल सीमा के पास गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बदायूँ। एसटीएफ बरेली यूनिट ने दो लाख के इनाम बदमाश सुमित चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। वह सात साल पहले बदायूं जेल की दीवार फांदकर भाग गया था। तब उसकी तलाश की जा रही थी। सुमित नेपाल भागने की फिराक में था। एसटीएफ ने नेपाल बॉर्डर के पास से उसकी गिरफ्तारी की है। बरेली जोन के सबसे बड़े इनामी बदमाश सुमित चौधरी को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। मुरादाबाद जिले के हजरतगढ़ी थाना क्षेत्र का निवासी सुमित चौधरी वर्ष 2018 में बदायूं जिला जेल से रस्सी के सहारे कूदकर भाग गया था। जबकि उसका साथी चंदन घायल होकर वहीं गिर पड़ा था। इसके बाद से सुमित कभी नेपाल तो कभी देश के अन्य राज्यों में छिपकर रह रहा था। उसके ऊपर प्रदेश के एडीजी अपराध ने दो लाख का इनाम घोषित कर रखा था। बरेली एसटीएफ इकाई उसकी तलाश में जुटी थी। सुमित इतना शातिर था कि वह मोबाइल फोन बेहद कम इस्तेमाल करता था। सर्विलांस की पकड़ में कभी नहीं आता था। एसटीएफ के एएसपी अब्दुल कादिर के मुताबिक सुमित पीलीभीत और टनकपुर के रास्ते दोबारा नेपाल भागने की फिराक में था। एसटीएफ की टीम उसे लेकर बदायूं चली गई है। वहां सिविल लाइन थाने में लिखापढ़ी के बाद उसे जेल भेज दिया जाएगा। पुलिस पता नहीं लगा पाई थी लोकेशन हत्या के आरोप में बदायूं जेल में बंद सुमित का नाम उस समय छा गया था, जब वह एक कुख्यात अपराधी चंदन की मदद से जेल की दीवार कूदकर भाग गया था। उसकी गिरफ्तारी पर दो लाख रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया गया था लेकिन पुलिस पकड़ना तो दूर उसकी लोकेशन तक नहीं ले सकी। अब एसटीएफ ने बड़ी सफलता हासिल की है। उसको भारत-नेपाल सीमा के पास गिरफ्तार कर लिया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख की हत्या की थी बता दें कि डिलारी के गांव हिमांयूपुर के रहने वाले पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेंद्र सिंह उर्फ भूरा सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रिंकू चौधरी हत्याकांड में जेल में था। 23 फरवरी 2015 को योगेंद्र को कोर्ट में पेशी पर लाया गया था। रिंकू चौधरी के भाई सुमित चौधरी ने योगेंद्र सिंह उर्फ भूरा की पुलिस अभिरक्षा में गोलियों से भूनकर कचहरी परिसर में ही हत्या कर दी गई थी। सुमित चौधरी को पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया था। सितंबर 2015 को सुमित को मुरादाबाद से बदायूं जेल शिफ्ट कर दिया गया था। आरोपी सुमित चौधरी बदायूं जेल की दीवार कूद कर 12 मई 2018 को कुख्यात अपराधी चंदन की मदद से जेल से फरार हो गया था।

## भिरावटी में पं. दीनदयाल जयंती पर 1000 पौधे रोपे, रैली और स्वच्छता अभियान भी आयोजित

संभल,गुन्नौर। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भिरावटी में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भव्य वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत वन भूमि पर 1000 पौधों का रोपण कराया गया। पौधरोपण के बाद ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं के बीच गोष्ठी का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। साथ ही स्वच्छता अभियान चलाकर गांव को साफ-सुथरा रखने का संकल्प लिया गया और रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य राम निवास उर्फ बिट्टू कश्यप मौजूद रहे। साथ ही क्षेत्र पंचायत सदस्य मुकेश कुमार, प्रधानाचार्य राजपाल सिंह यादव, जय सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज भिरावटी के छात्र-छात्राएं, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी बृजमोहन सहित गुन्नौर रेंज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार द्वारा किए गए कार्य सराहनीय एवं प्रशंसनीय, मोदी और योगी देश के सौभाग्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं क्लब बदायूं में आयोजित यह प्रदर्शनी आमजन को योजनाओं की जानकारी देने और उनमें सहभागिता सुनिश्चित करने का माध्यम बन रही है।**

बदायूँ। प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया गया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा बदायूं क्लब बदायूं में आयोजित यह प्रदर्शनी आमजन को योजनाओं की जानकारी देने और उनमें सहभागिता सुनिश्चित करने का माध्यम बन रही है।

गुरुवार को विद्यावती वैदिक कन्या इण्टर कॉलेज नगला पूर्वी, केदारनाथ महिला इण्टर कॉलेज तथा विज्ञानानंद रामनारायण वैदिक इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों, छात्र व छात्राओं ने प्रदर्शनी के अवलोकन उपरान्त आगंतुक पुस्तिका पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अपनी टिप्पणी में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सरकार द्वारा किए गए कार्य सराहनीय एवं प्रशंसनीय हैं। सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंच रही हैं। सरकार बहुत अच्छा कार्य कर रही है। मोदी जी और योगी जी महान हैं तथा देश का सौभाग्य हैं। प्रदर्शनी के प्रति जनपद के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों तथा गणमान्य नागरिकों में गहरा रुझान देखने को मिला। प्रदर्शनी विद्यार्थियों में प्रेरणा का संचार कर रही है और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जी के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंग, उनके द्वारा संचालित कार्यक्रम, उपलब्धियां एवं विकासपरक दृष्टिकोण को रोचक व भव्य तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिससे विद्यार्थी इतिहास और वर्तमान की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं तथा भविष्य की दिशा में सोचने के लिए भी प्रेरित हो रहे हैं।प्रदर्शनी में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया गया है। प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं की उपलब्धियों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है, जिससे आमजन तक उनका संदेश आसानी से पहुँच रहा है। प्रदर्शनी समाज को जागरूक करने और योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने में सहायक साबित होगी। सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ तभी मिलेगा जब लोग उनकी जानकारी प्राप्त कर समय पर आवेदन कर सकें।प्रदर्शनी में विकसित भारत व विकसित उ0प्र0 2047 के लिए आमजन से सुझाव प्राप्त करने के लिए बारकोड भी प्रदर्शित किया गया है, कोई भी आगंतुक व आमजन बारकोड स्कैन कर अपने सुझाव सरकार को भेज सकते हैं। अच्छे सुझाव देने वालों को सरकार द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# चौराहे पर पुलिस चौकी, फिर भी सड़क पर खड़े डग्गामार वाहन,आंखे मूंदे बैठे अधिकारी

**रोडवेज बस स्टैंड के पास लगभग बीस मीटर की इस परिधि में अवैध रूप से डग्गामार वाहनों का स्टैंड बना दिया गया है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। शहर के गुरु नानक चौराहे पर गुरु नानक पुलिस चौकी और यातायात पुलिस चौकी होने के बाद भी जिम्मेदार आंखे मूंदे बैठे हैं। नतीजा डग्गामार वाहन संचालन पूरी तरह निरंकुश हो चुके हैं। रोडवेज बस स्टैंड के पास लगभग बीस मीटर की इस परिधि में अवैध रूप से डग्गामार वाहनों का स्टैंड बना दिया गया है। ये वाहन आधी सड़क को घेरकर खड़े रहते हैं और जाम की समस्या का प्रमुख कारण यही डग्गामार बसे बनते हैं लेकिन ये न तो वहां गुरु नानक चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी या फिर याता यात पुलिस कर्मियों को नजर आ रहा है न ही उनके अधिकारियों को।यहीं नहीं जिम्मेदारों की लापरवाही का आलम ये है कि अगर कोई इन्हें समस्या के बारे में बताए भी तो ये उसे झूठा सा बित कर सब कुछ सामान्य होने की बात करते हैं।यही फिर चौराहे पर चौकी इंचार्ज अपने सिपाहियों के साथ खडे होकर ट्विटर पर फोटो अपलोड कर देते हैं की चौकी के पास कोई डग्गामार वाहनो का स्टैंड नहीं चल रहा है। गुरु नानक पुलिस चौकी के रोडवेज बस स्टैंड के बीच बमुश्किल सौ मीटर की दूरी है।दोनों पुलि स चौकी पर यातायात पुलिस की तैनाती है। यातायात सुचारू रूप से चलता रहे इसके लिए यातायात पुलिस को होमगार्ड और पीआरडी जवान भी उपलब्ध कराए गए हैं।इन सब के बावजूद यातायात व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है।महज इतनी ही दूरी की बात की जाए तो अवैध बस वाहन स्टैंड,बीच सड़क तक खड़े डग्गामार वाहन आजमन को तो दिख रहे हैं,जि सके चलते लोगों को प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझना पड़ता है।साथ ही हादसे का भी खत रा बना हुआ है।ये स्थिति सिर्फ सबसे ज्यादा आपको गुरु नानक पुलिस चौकी और मनका पुर उतरौला रोड पर शहर के मुख्य मार्गों पर इन दिनों जाम लगना अब आम बात हो गई है। हालात ये हैं।शहर के अंदर से,बिना जाम में फंसे अपने गंतव्य तक पहुंचना संभव नहीं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के बावजूद भी रोडवेज बस स्टैंड के नजदीक दगा मार वाहनों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है।लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते सड़क पर डग्गामार वाहन संचालकों ने बस स्टैंड बना लिया है।यहीं से वाहनों को संचालित किया जा रहा है,लेकिन किसी जिम्मेदार ने इस ओर ध्या न देना जरूरी नहीं समझा है।

## परिषद ने कमिश्नर को दिया समस्याओं का ज्ञापन



गोरखपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार श्रीवास्तव के अगुवाई में मंडल अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी ने कर्मचारियों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन कमिश्नर गोरखपुर की अनुपस्थिति में अपर आयुक्त न्यायिक को दिया। ज्ञापन में गोरखपुर मंडल के विभिन्न विभागों की 8 सूत्रीय समस्याएं थी जिसमें से कुछ मुख्य समस्याएं निम्न है। कर्मचारियों के इलाज हेतु उप्र0 सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस इलाज कार्ड बनाया है लेकिन जनपद के अस्पताल इस कार्ड पर इलाज नहीं कर रहे हैं उनका कहना है कि इलाज का पैसा शासन द्वारा नहीं मिल रहा है इसलिए हम इलाज नहीं कर सकते हैं इस संबंध में कर्मचारियों ने कमिश्नर से गुहार लगाया है कि अस्पतालों को निर्देशित करें कि वह कर्मचारी व उनके परिजनों के कैशलेश इलाज में हिला हवाली ना करें।

# दलितों के लिए दीनदयाल जी दूसरे अम्बेडकर थे: हरिनाथ भाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी, बचपन में जिस गरीबी और दैवीय आपदा को झेले, उतना शायद ही दलित समाज का कोई व्यक्ति झेला होगा। जनसंघ की स्थापना के बाद, भारत के दलित समाज की दयनीय स्थिति को देखकर वे मर्माहत थे। वे बतौर महामंत्री और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष, ' अन्त्योदय ' द्वारा, दलितों की स्थिति में चातुर्दिक विकास हेतु जो प्रयास किया तथा सरकार को आईना दिखाया, वह अपने आप में एक मिशाल है। अतः बेहिचक कहा जा सकता है कि दलितों के लिए, दीनदयाल उपाध्याय जी, दूसरे नम्बर के डा0 भीमराव अम्बेडकर थे। '' यह विचार, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष तथा उ0प्र0 एससी-एसटी आयोग के पूर्व सदस्य, हरिनाथ भाई के हैं। एक मुलाकात में भाई जी नें आगे बताया कि दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितम्बर 1916 को मथुरा के पास नगला चन्द्रभान गांव में हुआ था। पिता भगवती प्रसाद उपाध्याय, राजस्थान में रेलवे विभाग में सहायक स्टेशन मास्टर थे तथा नाना चुन्नीलाल शुक्ल भी राजस्थान में भी रेलवे में स्टेशन मास्टर थे। परिवार बहुत बड़ा था, अतः आर्थिक समस्या और विवाद बना रहता था। फलतः नाना के पास ही, उनको संरक्षण मिला। दीनदयाल जी जब मात्र 3 वर्ष के थे तो उनकी माँ रामप्यारी देवी का निधन हो गया। जब वे 8 वर्ष के थे तो पिता जी, भी चल बसे। 18 वर्ष अभी पूरा नहीं हुआ था कि अपनी बहन, अपने छोटे भाई, नाना, नानी के बाद, संरक्षण देने के लिए एकमात्र बची मामी भी, दीनदयाल जी को भगवान भरोसे छोड़, चल बसी। दीनदयाल जी सन 1937 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक को अंगीकृत कर, डा0 हेडगेवार जी के सम्पर्क में आए। तीन वर्ष बाद, डाक्टर साहब ने भी साथ छोड़ दिया। गुरू जी के निर्देश पर दीनदयाल जी ने डा0श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ 21 अक्टूबर 1951 को जनसंघ की स्थापना कराई।

# आईजी ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक ने शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर गोण्डा जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और श्रद्धालुओं की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कोतवाली नगर क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान आईजी ने पंडाल स मितियों से वार्ता कर अग्निशमन,आपातकालीन मार्ग,विद्युत व्यवस्था,भीड़ प्रबंधन तथा सीसीटी वी कैमरों की कार्यप्रणाली की विस्तार से जान कारी ली गई व साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि हर कार्यक्रम स्थल पर सतर्कता,नियमित गश्त,प्रवेश-निकास स्थ लों की निगरानी और यातायात व्यवस्था पर वि शेष ध्यान रखा जाए,ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सके।तत्प श्चात पैदल गश्त कर आम नागरिकों से संवाद स्थापित किया गया और उन्हें आश्वस्त किया गया कि नवरात्रि के दौरान जनपदीय पुलिस हर समय उनके साथ है,साथ ही अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या नजदीकी थाने को दे।आईजी श्री पाठक ने स्पष्ट किया है कि शारदीय नवरात्रि के दौरान शांतिपूर्ण वाताव रण सौहार्द एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है,और इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिस टीमें व क्विक रिस्पॉन्स यूनिट को रणनीतिक बिंदुओं पर तैनात किया गया है।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल,अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत,क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक को नगर सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## पूजा सामग्री नदी में प्रवाहित करते समय कुआवल पुल से आमी नदी में गिरी महिला शिक्षामित्र, हालत गंभीर

गोरखपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरपुर निवासी उदय चन्द भारती की पत्नी शिक्षा मित्र सरस्वती देवी उम्र करीब 45 वर्ष गुरुवार को सुबह साढ़े छः बजे के करीब दुर्गा पूजा का कुछ सामान आमी नदी के कुआवल पुल से नदी में प्रवाहित करने के लिए गई हुई थी कि पुल के रेलिंग से लटक कर नदी में झिल्ली में रखे हुए सामान को फेंकते समय नदी में गिर गई। मार्निंग वॉक में टहल रहे डा महेश पासवान सहित कई लोगों ने महिला को नदी में गिरते हुए देखा तो सभी लोगों ने नदी में कूद कर बगल में नाव से जाल डालकर मछली पकड़ रहे मछुआरे के सहारे महिला शिक्षा मित्र सरस्वती देवी को नदी से बाहर निकाल कर स्वजनों को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे पति उदय चन्द भारती ने तत्काल नीजी साधन द्वारा मेडिकल कालेज ले गए,जहां महिला का इलाज चल रहा है। महिला शिक्षा मित्र सरस्वती देवी विकास खंड सहजनवां के ग्राम पंचायत बुदहट टोला सेमरी प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाती है।

# जिलाधिकारी ने किया मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आगा मी पर्व के दृष्टिगत मूर्ति विसर्जन स्थलों की तैया रियों का जायजा लिया।उन्होंने माँ खैराभवानी पोखरा बड़गांव एवं सागर तालाब मालवीय नग र पर पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा की और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।माँ खैराभवानी पोखरा बड़गां व के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी पण्डरीकृपाल एवं नगरपालि का गोण्डा को निर्देशित किया कि मूर्ति विसर्जन से पूर्व पोखरे के आसपास साफ-सफाई,लाइ टिंग,सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि पूजा और विसर्जन के समय श्रद्धालुओं की सु विधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।साथ ही उन्होंने वहां आने वाले लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैरीकेटिंग एवं लाइफ जैकेट आदि व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान देने को कहा।निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधि कारी को यह भी निर्देश दिया है कि बड़गांव ओवर ब्रिज से खैरा भवानी पोखरा तक जाने वाली सड़क जहां-जहां पर खराब है उसे संबं धित विभाग के अधिकारी से समन्वय स्थापित कर समय से पहले सही कराना सुनिश्चित करें।इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सागर तालाब मालवीय नगर का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिशासी अधिकारी,नगर पालि का परिषद को निर्देशित किया कि तालाब में जमी जलकुंभी को तत्काल हटाया जाए और तालाब की सतह से लेकर उसके आसपास के क्षेत्र की पूरी साफ-सफाई कराई जाए।इसके अतिरिक्त, तालाब के चारों ओर उचित प्रकाश व्यवस्था (लाइटिंग) एवं बै रीके टिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।जिलाधिकारी ने संबंधित अधि कारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।उन्होंने क हा कि जनसुरक्षा,स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित आ योजन प्रशासन की प्राथमिकता है,और इसे ले कर किसी भी स्तर पर कोई कोताही बर्दाश्त न हीं की जाएगी।इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा,उपजिलाधिकारी सदर अशोक कुमार गुप्ता,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोंडा,जिला पंचायत राज अधिकारी,खंड विकास अधिकारी पंडरीकृपाल, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जीआरपी ने की अभियुक्त के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंड़ा। जीआरपी पुलिस ने स्टेशन और ट्रेनों में सवार होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है।गैंग लीडर रहमत अली उर्फ़ राजू पुत्र न बाब अली के खिलाफ जीआरपी गोंड़ा में गैंग स्टर ऐक्ट की कारवाई की गई है।गोण्डा जीआ रपी के थाना प्रभारी बांकेलाल ने बताया कि र हमत अली उर्फ़ राजू पुत्र नवाब अली निवासीललिया थाना जनपद बलरामपुर का रहने वाला है।जिसके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है,रहमत अली उर्फ़ राजू एक संगठित ग्रह जिस का लीडर रहमत अली उर्फ राजू स्वयं है जो अ पने गैंग के सदस्य बलराम चौहान के साथ मिल क़र एक संगठित आपराधिक गिरोह कायम क र रखा है।जो अंतर्जनपदीय स्तर पर सक्रिय है,रहमत अली उर्फ राजू के लेकिन खिलाफ 17 से 18 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।गैंग का मु खिया रहमत अली उर्फ राजू अपने गैंगो के सा थ मिलकर रेलवे स्टेशन व उसके आस - पास भीड़- भाड़ वाले स्थान पर आने जाने वाली ट्रे नों में यात्रा करने वाले यात्रियों को अपने उम्र का फायदा उठाकर उनका खाने पीने वाली चीज में नशीला पदार्थ मिलाकर सामानों की चोरी करते थे।थाना प्रभारी बांकेलाल ने बताया कि वर्तमान में अभियुक्त जिला कारागार में बंद है।उनकी चल अचल संपत्ति का ब्यौरा जुटाया जा रहा है।कहा की अभियुक्त अंतर्जनपदीय गि रोह के सदस्य हैं।जिनमें रहमत अली उर्फ राजू गैंग का लीडर है।जबकि बलराम चौहान सदस्य है।ये अपने साथियों के साथ स्टेशन एवं ट्रेनों में सवार होकर यात्रियों के मोबाइल पैसे आदि आदि कीमती सामान को चोरी कर लेते थे।

# अपने ही घर में लूट की रची मनगढ़ंत साजिश

**अपने ही घर में लूट की मनगढ़ंत कहानी रचने वाले पति-पत्नी की साजिश का जिले की शिवगंज पुलिस ने किया पर्दाफाश**

**दरअसल घर में रखे रुपये खर्च हो जाने के बाद परिवारवालों को चकमा देने के लिए दोनों ने मिलकर यह प्लान बनाया था**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले की नगर कोतवाली पुलिस ने पति-पत्नी द्वारा अपने ही घर में लूट को लेकर रची मनगढ़ंत साजिश का पर्दाफाश किया है।इस मामले में जांच के बाद खुलासा हुआ है कि इस प्रकार की कोई घटना ही नहीं हुई थी।दरअसलएक भाई ने अपनी बहनों को मां के गहने न देने के लिए पत्नी के साथ मिलकर लूट की मनगढ़ं त कहानी रच डाली।नगर कोतवाली पुलिस ने महज छः घंटे में इस मामले का पर्दाफाश कर दिया।आवास विकास कॉलोनी में रहने वाले बुधरत्न और उनकी पत्नी रीता देवी ने पुलिस को सूचना दी, कि वह किचन में खाना बनाते समय रीता पर बेहोशी का स्प्रे मारकर लूट की गई है।उसने बताया कि लुटेरे बीस लाख के जेवरात और 70 व 80 हजार रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने तुरंत पांच टीमें गठित कीं।जांच में पता चला कि बुधरत्न ने ही पत्नी के साथ मिलकर यह झूठी कहानी रची थी।सारे जेवरात घर के डबल बेड में छिपाए गए थे।पुलिस ने 15 लाख के जेवरात और 23,130 रुपए नगद बरामद किए।पूछताछ में बुधरत्न ने बताया कि उनकी तीन बहनें हैं।एक की शादी हो चुकी है, दो लखनऊ में रहती हैं।उनकी मां का निधन दिसंबर 2024 में हुआ था।वह पत्नी और सेवा निवृत्त पिता के साथ रहते हैं।मां ने बेटियों की शादी के लिए सोने-चांदी के जेवरात बनवाए थे।अब दोनों अविवाहित बहनों की उम्र विवाह योग्य है।बुधरत्न ने स्वीकार किया कि वह बह नों को गहने देने की जिम्मेदारी से बचना चाह ता था।इसलिए क्षेत्र में फैली चोरी की अफवाहों का फायदा उठाकर यह झूठी कहानी रची। अग ले दो महीने के अंदर ही एक बहन की शादी थी और मां के सारे जेवरात उसमें देने थे लेकिन उससे पहले ही लूट की कहानी इन लोगों ने र ची थी,पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय रवा ना किया है।

# मिशन शक्ति में दिखा अनोखा दृश्य, छात्रा पहल बनीं दो घंटे की सीओ नानपारा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत गुरुवार को नानपारा सर्किल कार्यालय का माहौल कुछ अलग ही था। सॉफ्ट पेटल स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा पहल श्रीवास्तव पुलिस क्षेत्राधिकारी की कुर्सी पर बैठीं और करीब दो घंटे तक जनता की फरियादें सुनीं। इस दौरान फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। मैना नेवरिया की एक महिला ने ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। पहल ने शिकायत को महिला थाने भेजने का निर्देश दिया और अन्य मामलों में भी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। कार्यभार संभालने के बाद पहल ने कहा कि मेहनत और शिक्षा के दम पर बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रह सकतीं। उन्होंने बताया कि इस अनुभव से उनका आत्मविश्वास और मजबूत हुआ है। कार्यालय में मौजूद पुलिसकर्मियों ने पहल की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से छात्राओं को नई दिशा और समाज में बेटियों को सम्मान का संदेश मिलेगा। कार्यक्रम में सॉफ्ट पेटल स्कूल की कई छात्राएं भी शामिल हुईं। सीओ नानपारा प्रद्युमन सिंह ने पहल को शुभकामनाएं दीं। मौके पर मिशन शक्ति 5.0 की उप निरीक्षक ममता सिंह, उप निरीक्षक काजल वर्मा और सीओ कार्यालय पेशकार दिग्विजय सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रावण बाणासुर संवाद सुन रोमांचित हुए दर्शक,माता सीता ने प्रभु श्रीराम को पहनाई वरमाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी के तत्वावधान में शहर के बशीरगंज स्थित राम लीला मैदान में मथुरा-वृंदावन के कलाकारों ने रावण-बाणासुर संग्राम का शानदार मंचन किया। मिथिला के राजा जनक के आमंत्रण पर राम- लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ राजा जनक के यहां सीता स्वयंवर में पहुंचते हैं। राम, लक्ष्मण के सौंदर्य को देख वहां सभी मोहित हो जाते हैं। इसी बीच लंकापति रावण बिना आमंत्रण सीता स्वयंवर में पहुंचता है। यह देखकर सभापति बाणासुर रावण का परिचय पूछते हैं।बाणासुर के रावण से परिचय पूछते ही वह क्रोध से तमतमा उठता है और फिर यहीं से रावण और बाणासुर का संवाद शुरू होता है। लंकापति रावण सीता स्वयंवर के लिए आमंत्रण न मिलने पर राजा जनक पर क्रोधित होता है। निमंत्रण न दिए जाने का कारण पूछता है। जनक कहते हैं कि समुंदर पार लंका जाना संभव नहीं था। इसीलिए निमंत्रण नहीं भेज सके। तो रावण और क्रोधित हो जाता है और कहता है कि अगर आप ने समुद्र में एक पत्र भी डाल दिया होता तो समुंद्र में इतना साहस नहीं होता कि हम तक वह न पहुंचा देता। उसके पश्चात सीता स्वयंवर में आये रावण सहित तमाम राजाओं ने धनुष तोड़ने की पूरी कोशिश की, पर वह हिला तक ना सके। राजा जनक की चिंता बढ़ जाती है।अंत में प्रभु श्री राम की बारी आती है और वह शिव के धनुष को उठाकर खंडित कर देते हैं। धनुष टूटते ही समूचा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठता है।तत्पश्चात माता सीता ने प्रभु श्रीराम के गले मे वरमाला डाली।पूरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।इस दौरान अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल,जय जय अग्रवाल,कमल शेखर गुप्ता,सन्तोष अग्रवाल,राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, सुदामा मिश्रा,अशोक सैनी,राहुल रॉय,अंशुमान यज्ञसैनी,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,वासु साहू,हर्षित राज श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता,नन्हे लाल लोधी,पंकज केवट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 27 सितम्बर को

बहराइच । अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग/सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में 27 सितम्बर 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है। सभी सम्बन्धित अधिकारियों से वांछित सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गई है।

## गोरखपुर में दूसरा वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष शुरू, मुकदमों के निस्तारण में आएगी तेजी



गोरखपुर। संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालय में बृहस्पतिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष का उद्घाटन अपर निदेशक अभियोजन ललित मुद्गल ने फीता काटकर किया। यह गोरखपुर जनपद का दूसरा वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष है। इसके शुरू हो जाने से न्यायिक प्रक्रिया और मुकदमों के निस्तारण में तेजी आएगी।उद्घाटन के दौरान पुलिस उपाधीक्षक विजय आनंद शाही ने गाजीपुर के एक मुकदमे में ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही दी। अधिकारियों का कहना है कि इस सुविधा से अब गवाहों और अधिकारियों को गवाही के लिए सरकारी खर्च पर दूर-दूर नहीं जाना पड़ेगा।अपर निदेशक अभियोजन ललित मुद्गल ने कहा कि प्रदेश सरकार न्यायिक प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

# नानपारा में मिशन शक्ति के तहत कन्या पूजन, महिला पुलिस का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। स्टेशन रोड स्थित राज पैलेस प्रांगण में मां शेरावाली दुर्गा पूजा समिति की ओर से मिशन शक्ति के तहत कन्या पूजन एवं महिला सम्मान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कन्याओं का चरण वंदन किया गया और मातृशक्ति के रूप में महिला पुलिस कर्मियों का सम्मान कर समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्नेहा एवं आराध्या की गीत प्रस्तुति से हुई। दोनों ने नारी वेदना पर ऐसा भावपूर्ण गीत गाया कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद उपस्थित मातृशक्ति ने महिला पुलिस कर्मियों का पारंपरिक ढंग से रोली और चंदन लगाकर स्वागत किया। महिला थाना प्रभारी कल्पना सिंह व ममता सिंह ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार ही जीवन की असली पूंजी है, और बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। इस अवसर पर नगर प्रचारक बलजीत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्राधिकारी प्रद्युमन सिंह और कोतवाल नानपारा राजनाथ सिंह अपनी पूरी टीम के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने मिशन शक्ति अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में जागरूकता और एकता का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में नगर के अनेक जागरूक सनातनी बंधु भी मौजूद रहे और मातृशक्ति के सम्मान के इस आयोजन में अपनी भागीदारी निभाई। समिति अध्यक्ष अभय मद्धेशिया ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजक मंडल की टीम और सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर समिति के संतोष कुमार पोरवाल, आनंद आरएसएस नगर कार्यवाह, पंकज, सत्यार्थ सहित पूरी टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही।

# नारी शक्ति ही समाज की वास्तविक शक्ति है : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन के लिये प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति फ़ेज पांच अभियान के तहत एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान ने मुख्य चिकित्सा कार्यालय अमेठी परिसर से आशा कार्यकत्रियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान आशा कार्यकत्रियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारी सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े संदेश दिये। स्लोगनों के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करते हुए उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, एवं आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी दी गई। इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़कर उनका लाभ लेने के लिये प्रेरित किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि ‟नारी शक्ति ही समाज की वास्तविक शक्ति है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वालंबन हमारी प्राथमिकता है। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से सरकार का उद्देश्य यही है कि हर महिला व बालिका अपने अधिकारों के प्रति सजग रहे और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर वह निडर होकर प्रशासन से मदद ले सके। हम सबको मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी महिला या बालिका असुरक्षित महसूस न करे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, बड़ी संख्या में आशा कार्यकत्रियां तथा अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आशा कार्यकत्रियों की जन जागरूकता रैली को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी**

# गरीबों का राशन हड़पने पर लीही की कोटेदार समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**नायब तहसीलदार के निरीक्षण में दुकान में नही मिला गेहूं और चावल**

**तिलोई की पूर्ति निरीक्षक की सख्ती से मनबढ़ कोटेदारों में मची खलबली**

तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने ग्राम पंचायत लीही की उचित दर विक्रेता और उनके सहयोगी के खिलाफ खाद्यान्न गबन करने का अभियोग दर्जकर लिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है। पूर्ति निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया कि उचित दर विक्रेता धनवती के वितरण के विरुद्ध पूर्व में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र की स्थलीय जांच इकतीस जुलाई को की गयी थी जांच के समय मौके पर उपस्थित लाभार्थियों से वितरण के सम्बन्ध में पूंछतांछ करते हुये उनके लिखित बयान दर्ज किये गये। प्रारम्भिक जांच के दौरान पायी गयी अनियमितताओं के क्रम में ग्राम पंचायत लीही की उचित दर विक्रेता धनवती की दुकान को निलम्बित करते हुये अनियमितताओं के क्रम में विक्रेता को अपना लिखित स्पष्टीकरण मय साक्ष्य एवं विगत तीन माहों के अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त आदेश के द्वारा उचित दर विक्रेता धनवती को यह भी निर्देशित किया गया वह क्षेत्रीय लेखपाल की उपस्थिति में ग्राम पंचायत लीही हेतु आंवटित ई पास मशीन मय अन्य उपकरण तथा अवशेष स्टाक अठाइस कुंतल उनतालिस किलो गेहूं व बयालीस कुंतल बहत्तर किलो चावल को सम्बद्ध उचित दर विक्रेता को नियमानुसार प्राप्त कराने का निर्देश दिया गया था जिसके क्रम में आपूर्ति कार्यालय तिलोई में सत्ताइस अगस्त को ई पास मशीन, ई वेईग मशीन मय अन्य उपकरण कार्यालय में उपलब्ध कराये गये परन्तु अवशेष खा?द्यान्न गेंहू व चावल सम्बद्ध विक्रेता को नही प्राप्त कराया गया।क्षेत्रीय लेखपाल के द्वारा प्रस्तुत की गई जिसमें यह बयान संलग्न किया गया है कि उचित दर विक्रेता धनवती के सहयोगी रोहित के द्वारा अवगत कराया गया है कि मेरे द्वारा ई पास मशीन मय अन्य उपकरण पूर्ति विभाग में जमा कर दिया है तथा मेरे द्वारा गेंहू व चावल ढोढनपुर की उचित दर दुकान के संचालक को दे दिया जायेगा। उपजिलाधिकारी अमित सिंह के द्वारा नायब तहसीलदार तिलोई को नामित किया गया। जांच के समय मौके पर उपस्थित उचित दर विक्रेता धनवती व अन्य ग्रामवासियों तथा नायब तहसीलदार की उपस्थिति में उचित दर दुकान का ताला तोडकर खोला गया। उचित दर दुकान पर उपलब्ध खा?द्यान्न की मात्रा शून्य पायी गयी। दुकान पर एक कंाटा एवं एक छोटा बक्शा पाया गया जिसे मौके पर उचित दर विक्रेता धनवती के सुपुर्द किया गया।उचित दर विक्रेता के द्वारा अवगत कराया गया कि दुकान का संचालन उनके पोते रोहित के द्वारा किया जाता है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि उक्त के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान पर खाद्यान्न नही रखा गया है। उपरोक्त से स्पष्ट है कि उचित दर दुकान पर निरीक्षण के समय अठाइस कुंतल उनतालिस किलो गेहूं व बयालीस कुंतल बहत्तर किलो चावल का वितरण न ही लाभार्थियों में किया गया है तथा न ही उचित दर दुकान के स्टाक में मौके पर उपलब्ध होना पाया गया है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक प्रतिभा सिंह की तहरीर पर उचित दर विक्रेता धनवती और उनके सहयोगी रोहित के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया है।

## महिला मोर्चा ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती लिया संकल्प



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई। इस कार्यक्रम का नेतृत्व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा ने किया। शहर में स्थित यशवंती माता देवी के मंदिर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया गया हैं।पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती प्रतिवर्ष 25 सितंबर को मनाई जाती है। महिला मोर्चा की टीम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प लिया है। जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, वंदना पांडे, महामंत्री रेनू राज और अन्य पदाधिकारी शामिल थे।पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान राजनेता और विचारक थे। उनका ''एकात्म मानववाद'' का दर्शन भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण है। इस तरह के आयोजनों से उनके विचारों और आदर्शों को याद किया जाता है और उन पर चलने का संकल्प लिया जाता है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर गोष्ठी हुई सम्पन्न

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय राजनीति के नैतिक आलोक स्तंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर गौरीगंज स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में एक भावपूर्ण,विचारोत्तेजक गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी के मुख्य अतिथि वरिष्ठ विचारक व भाजपा नेता सीता शरण त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन भारतीय मनीषा की उस धारा से उपजा है जो व्यक्ति को न केवल शरीर, मन और बुद्धि के धरातल पर समझती है बल्कि आत्मा के स्तर तक उसका आलोक करती है।एकात्म मानववाद' केवल एक विचार नहीं,यह भारत की आत्मा की पुकार है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि दीनदयाल जी के विचारों में वह तत्व छिपा है जो राजनीति को सेवा का पर्याय बनाता है। उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र के लिये तपस्या था और उनके सिद्धांत आज भी हर कार्यकर्ता के पथ को आलोकित करते हैं।गोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ताओं,पदाधिकारियों और आमजनों ने पंडित जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें कृतज्ञ श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, केशव सिंह, चंद्र मौलि सिंह,विषुव मिश्रा, प्रभात शुक्ला,दिनेश तिवारी सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संग्रामपुर पुलिस ने चोरी की भैंस के साथ एक युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने चोरी की भैंस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जबकि पिक अप के पीछे बैठा एक युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिकअप बरामद करते हुये युवक को जेल भेज दिया है।थाना संग्रामपुर पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर के डी ईट भट्ठा की तरफ से आ रही पिकअप वाहन संख्या यूपी 36 एटी 3369 को पुलिस टीम द्वारा हिकमतअमली से रोक लिया गया। चालक से नाम व पता पूंछने पर उसने अपना नाम जमशेर अली उर्फ छोटू पुत्र वारिस अली निवासी ग्राम डेढ़पसार थाना व जनपद अमेठी बताया।पिकअप में पीछे बैठा एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।चालक पिकअप के कागज मांगने पर दिखा नही सका।उपरोक्त पिकअप की तलाशी से एक भैंस पिकअप पर लदी मिली। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि उसने अपने एक साथी ललित पुत्र पुत्तीलाल निवासी चक्रधरपुर तारापुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी (जो पिकअप में पीछे बैठा हुआ था) ने मिलकर बीती तेइस सितम्बर को दिन में ग्राम जरौटा के पास नदी के किनारे से भैंस को चोरी किया था जिसे मालती नदी पार कराने के उपरान्त सरायकंादा के जंगल में छिपा दिया था।आज इसी भैंस को हम लोग पिकअप में लादकर बेंचने के लिये जा रहे थे। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि उन दोनों ने माह मई में थाना क्षेत्र अमेठी के ग्राम नौगिरवां में एक व्यक्ति के सरिया से एक भैंस को भी चोरी किया था जिसे रामनगर अमेठी के पशु बाजार में बेच दिया था एवं प्राप्त रुपये को खर्च कर लिया था।इस सम्बंध में थाना संग्रामपुर के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है और घटना में प्रयुक्त वाहन को सीजकर दिया गया है।

## कुमार तनय वैश्य सभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुमारतनय वैश्य सभा ने गुरुवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंप रेल के सफल संचालन की मांग की ज्ञापन मे बताया कियह एक कृषि प्रधान क्षेत्र है यह नेपाल की सीमा से जुड़ा तराई क्षेत्र में स्थित हैयहां से बड़ी संख्या में लोग रोजगार, शिक्षा और व्यापार के लिए अन्य प्रदेशों की यात्रा करते हैं। परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था न होने से लोगों को परेशानी होती है। क्षेत्र में सिख आबादी अधिक है यहां से पंजाब और दिल्ली लखनऊ जाने वालों की संख्या ज्यादा है पहले मीटर गेज लाइन पर कई ट्रेनें चलती थीं पिछले साल बरेली-लखनऊ रेलमार्ग को ब्रॉडगेज में बदला गया लेकिन लंबी दूरी की ट्रेनें अभी तक शुरू नहीं हुई हैं। वर्तमान में केवल लोकल ट्रेनें चल रही हैं बड़े शहरों तक जाने के लिए यात्रियों को अतिरिक्त साधनों का सहारा लेना पड़ता हैं ज्ञापन में दिल्ली, लखनऊ, देहरादून, पंजाब, बनारस, कोलकाता, आगरा और जयपुर के लिए ट्रेन सेवाएं शुरू करने की मांग की है। उनका कहना है कि सीधी ट्रेन सेवा से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा ज्ञापन देने वालो मे डॉ दिनेश गुप्ता ,कैलाश चंद गुप्ता ,अनुज कुमार गुप्ता ,बृजेश गुप्ता रवि गुप्ता ,हर्ष गुप्ता ,रितेश गुप्ता गौतम गुप्ता ,अंबर गुप्ता ,मिंटू गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे

## अवैध खनन पर नकेल नहीं:खनन माफिया ने ट्रैक्टर-ट्राली चढ़ाकर ली एक किसान की जान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार खनन माफियाओं पर शिकंजा कसने का दावा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ स्थानीय पुलिस और प्रशासन की मदद से क्षेत्र में खनन माफिया धड़ल्ले से अवैध रूप से मिट्टी व रेता के खनन के कार्य को अंजाम दे रहे हैं दिनदहाड़े बिना किसी डर के ट्रैक्टर ट्रॉली की मदद से रेता व मिट्टी के खनन कार्य जारी है प्रशासन जान कर भी अनजान बना हुआ है वहीं आपको बता दे पूरनपुर के थाना हजारा के शारदा नदी से सटे अशोक नगर गांव में खनन के माफियों ने एक किसान की जान ले ली बाढ़ के बाद खेतों में जमा रेत को उठाने के लिए कुछ खनन माफिया पहुंचे जब प्रधान पति सूर्यभान उर्फ भानु ग्रामीणों संग विरोध के लिए गए तो भगदड़ मच गई आरोप है कि खनन में इस्तेमाल ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर एक किसान की मौत हो गई पुलिस मामले की जांच कर रही है इस दौरान खनन कर रहे लोग ट्रैक्टर ट्राली लेकर भागने लगे। उसी बीच गांव के ही 60 वर्षीय इंद्रजीत सिंह पुत्र गुरदीप सिंह ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई इसके बाद लोग जमा हो गए एक ट्रैक्टर ट्राली भी मौके पर पकड़ी गई। लोगों का आरोप है कि कथित खनन माफियाओं ने कुचलकर मार दिया।

# वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान का किया गया शुभारंभ

**राहुल गांधी के वोट चोरी के सच से चुनाव आयोग व भाजपा हुई बेनकाब : अभिषेक सिंह राणा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। वोट चोरी के खिलाफ कंाग्रेस जनपद में हस्ताक्षर अभियान चलाएगी। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर गुरुवार को कंाग्रेस कार्यालय के प्रांगण में जिला कंाग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी, समस्त ब्लॉक अध्यक्ष व विधानसभा प्रभारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर इसका शुभारंभ किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कंाग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि कंाग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी के सच को देश के सामने लाकर भाजपा और चुनाव आयोग को बेनकाब किया है। वोट चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान की आज शुरुआत की गई और यह अभियान जिले के पांचो विधानसभाओं के सभी ब्लॉकों में ग्राम सभा व बूथ स्तर पर चलाया जाएगा। आगे कहा कि इस अभियान में तेजी लाने के लिए नामित किए गए विधानसभा/ब्लॉक प्रभारी ब्लॉक अध्यक्ष व मंडल के पदाधिकारी के साथ-साथ न्याय पंचायत बूथ स्तर तक पदाधिकारी गांव गांव जाकर उन्हे वोट चोरी का सच बताकर उन्हें जागरूक करने का काम करेंगे। वहीं उन्होंने आगे कहा कि कंाग्रेस के सभी विंग-युवा कंाग्रेस, महिला कंाग्रेस, सेवा दल, एनएसयूआई और सभी विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों द्वारा गांव मोहल्लों में कैंप लगाकर हस्ताक्षर अभियान चलाकर वोट चोरी रोकने के लिए और लोगों को जागरूक करके हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, हौसला प्रसाद भीम, अजय कुमार पांडे,अपरबल सिंह, राजेश तिवारी, राहुल त्रिपाठी, कुमारी निकलेश सरोज, सुरेश चंद्र मिश्र, आवेश अहमद, रामशरण गौतम,ओम प्रकाश चौटाला,विजयपाल, इश्तियाक अहमद,मनोज कुमार तिवारी, ओमप्रकाश दुबे, पवन मिश्र खड्सरा आदि लोग उपस्थित रहे।

# बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात उड़ाये

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शुकुल बाजार क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस को दी खुली चुनौती**

**अपराध को छिपाने में माहिर शुकुल बाजार पुलिस मुकदमा दर्ज करने में कर रही आनाकानी**

शुकुल बाजार अमेठी । थाना शुकुल बाजार क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नही ले रही हैं।गुरुवार को दोपहर घर के पीछे के रास्ते घर में घुसे दो दो बेखौफ चोरों ने बख्शा से कीमती जेवर चुराने लगे।खटपट की आवाज सुन महिला जब अंदर गई तो दोनों चोर महिला को धक्का देकर मौके से फरार हो गये।महिला ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।महिला के मुताबिक करीब दो लाख रूपर का जेवर चोर लेकर फरार हुये हैं। यह घटना थाना बाजार शुकुल क्षेत्र के गांव पूरे तिवारी मजरे इंदरिया गांव का है।गांव की रहने वाली प्रीति की घर के बाहर ही छोटी सी दुकान है।प्रीति गुरुवार को दोपहर करीब बारह बजे दुकान में बैठी थी इसी बीच घर के पीछे के रास्ते से दो चोर घर में घुसे और बख्शा में रखा कीमती सामान चुराने लगे।खटपट की आवाज सुन प्रीति जैसे ही घर में घुसी दोनों चोर उसे धक्का देकर मौके से फरार हो गये। प्रीति ने जब बक्से को देखा तो उसमें से सारे कीमती जेवर गायब थे। प्रीति ने तत्काल घटना की जानकारी बाजार शुकुल पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिनेष कुमार ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और मामले की जांच में जुट गये हैं। पीड़िता प्रीति के मुताबिक बक्से से चांदी का पायजेब,दो हाथ फूल करधन और सोने का सामान कर लेकर चोर भागे हैं जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपया है।महिला का पति सचिन मजदूरी करता है और वह अपनी मां की दवा लाने बाजार शुकुल बाजार गया था।

## बीआरसी मरौरी पर सम्पन्न हुई गणित ओलंपियाड परीक्षा सुमन देवी प्रथम नीरज देवी द्वितीय आशीष कुमार ने पाया तृतीय स्थान



पीलीभीय।बीआरसी मरौरी पर गणित ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया।जनपद पीलीभीत के बीआरसी मरौरी पर ब्लॉक स्तरीय गणित ओलंपियाड का आयोजन हुआ,जिसमें परिषदीय उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के कक्षा 6, 7 और 8 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया है। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में परीक्षा संपन्न हुई। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने बताया गणित ओलंपियाड परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की गणितीय प्रतिभा और तर्क कौशल को बढ़ावा देना है।100 बच्चों में से 72 बच्चों ने परीक्षा दी कई बच्चे अनुपस्थित पाए गए सफल हुई 10 छात्र-छात्राओं को आगामी तिथि डायट में परीक्षा संपन्न होगी।

# दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन बुधवार और गुरुवार को नेहरू इंटर कॉलेज, गुलड़िया भिण्डारा, ब्लॉक अमरिया में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में समूह एवं व्यक्तिगत दोनों प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।समूह खेलों में लड़कों एवं लड़कियों के लिए कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें नेहरू युवा क्लब ने दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता होने का गौरव अर्जित किया।व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।200 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) विकास कुमार प्रथम, मनोज द्वितीय।200 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) मंजू प्रथम, अंजली सिंह द्वितीय।400 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) विक्रम कुमार प्रथम, करण राजपूत द्वितीय।400 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) भावना राजपूत प्रथम, सोनाक्षी द्वितीय।विजेताओं को टी-शर्ट, कैप, पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।समापन अवसर पर जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा ''खेल केवल शारीरिक फिटनेस के लिए ही नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक पद्धति है। यह हमें कठिन परिश्रम, समय प्रबंधन और जीत-हार को समान भाव से स्वीकार करने का पाठ सिखाता है।''उन्होंने विजेताओं व प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई भी दी।इस अवसर पर कोच रमेश कुमार एवं लक्ष्मीकंात की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में विभिन्न युवा क्लबों के सदस्य सोनू एवं अभय भारती सहित अनेक स्वयंसेवियों का सहयोग सराहनीय रहा।दो दिवसीय यह प्रतियोगिता युवाओं में उत्साह, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना की नई ऊर्ज़ा का संचार करने में सफल रही हैं।

## चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मातृ भारती का गठन

पीलीभीत ।चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मातृ भारती का गठन किया गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के दिशा-निर्देशन में संचालित विद्यालयों में केंद्र की योजना के अनुसार 11 अभिभावक माताओं का गठन मातृ भारती के रूप में किया जाता है।प्रधानाचार्य सुभाष कुमार ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से अभिभावक माताओं को मातृ भारती के रूप में जोड़ा जा रहा है, जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसी क्रम में विद्या भारती की ओर से सप्तशती संगम कार्यक्रम का आयोजन 5 अक्टूबर 2025 से 23 जनवरी 2026 तक विद्यालय स्तर पर किया जाएगा।इस कार्यक्रम की संचालन टोली भी निश्चित की गई, जिसमें सभी कार्यक्रम बहनों के माध्यम से संपन्न होंगे।

## 10 सपा की पीडीए जनचर्चा पंचायत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पीलीभीत। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पंडरी, बिथरा एवं भिंडारा में सपा पीडीए जनचर्चा पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सिंह यादव एडवोकेट सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव रहे है।पीडीए जनचर्चा पंचायत कार्यक्रम के आयोजक एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा बरखेड़ा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट जी अपने संबोधन में कहा कि उन अंतिम लोगों के स्वाभिमान स्वमान के नवजागरण का नाम है, जिनके हिस्से ऐतिहासिक रूप में अपेक्षा और उत्पीड़न नहीं आया है और ऐसे लोग हर समाज में हैं इसलिए जो पीड़ित वह पीडीए के सैद्धांतिक सूत्र एक सूत्र हुए पीडीए समाज ने एक साथ मिलकर अब यह संकल्प उठाया है की पीडीए का परचम पूरे देश में लहराएंगे अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे।इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से 129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव,रामौतार वर्मा पूर्व प्रधान,सतीश चंद्र वर्मा, ऋषि पाल वर्मा, कंाता प्रसाद प्रसाद वर्मा, जगदीश प्रसाद वर्मा, रईस कुमार सिंह प्रधान जी, छत्रपाल, हरिराम, वीरेंद्र सिंह, रवि प्रसाद यादव, भगवानदीन सहित तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सम्मानित ग्रामवासी शामिल रहे है।

# विंदेश्वरीगंज बाजार में व्यापार मंडल का हुआ गठन, पदाधिकारी चुने गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बलदीराय/सुल्तानपुर। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल तहसील बलदीराय के बहुरावां विंदेश्वरीगंज बाजार में व्यापारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रमेश अग्रहरि ने की, जबकि मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से विंदेश्वरीगंज कस्बे का व्यापार मंडल गठित किया गया। इसमें रमाकांत वैश्य को अध्यक्ष, पांडेय महामंत्री को सचिव तथा विष्णु सागर कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही नन्द किशोर गुप्ता, हरिश्चंद्र जयसवाल, अरविंद कुमार अग्रहरि, जितेंद्र साहू, अवधेश अग्रहरि और राहुल अग्रहरि उपाध्यक्ष चुने गए। मंत्री पद पर सरयु प्रसाद चौरसिया, कालीचरण अग्रहरि, जयप्रकाश सिंह, अजीत सिंह और अनिल द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई, जबकि रूपेश द्विवेदी को संरक्षक नियुक्त किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि सरकार ने व्यापारियों को बड़ी राहत देते हुए जीएसटी दर घटाई है, जो व्यापार जगत के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने ‟स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ‟ का नारा दोहराकर व्यापारियों को जागरूक किया और इसे समय की आवश्यकता बताया।इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री अनूप श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रहरि और बलदीराय तहसील अध्यक्ष मुकेश अग्रहरि ने भी व्यापारियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र अग्रहरि ने किया।बैठक में राम उचित दुबे, दुर्गज प्रजापति, गुड्डू तिवारी, राधेश्याम, दीपू सिंह, अभिषेक अग्रहरि, दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# नगर पालिका कार्यालय में मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती चेयरमैन ने नगर पालिका परिसर में लगाई झाड़ू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। एकात्म मानववाद के प्रस्तावक, भारतीय जन संघ के नेता और भारतीय जनता पार्टी के अग्रदूत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नगर पालिका परिषद कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पौधारोपण किया गया और स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।नगर पालिका परिषद पीलीभीत कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके बताए गए रास्ते का अनुसरण करने की बात कही। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष और सभासदों व कर्मचारियों ने नगर पालिका परिसर में सफाई की और पौधारोपण किया।इस अवसर पर सभासद साकेत सक्सेना, राशिद हुसैन, वतन दीप मिश्रा, विपिन कुमार राजू फौजी, इमरान, निर्मल सिंह टीटू, विकास, अवतार सिंह मोनू सहित काफी संख्या में पालिका कर्मी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# फलस्तीन के हक में

गाजा में फलस्तीनियों के चौरतरफा दमन के बीच यदि ब्रिटेन, कनाडा और आस्ट्रेलिया ने फलस्तीन राज्य को मान्यता दी है तो इसे बड़े कूटनीतिक बदलाव के रूप में देखना चाहिए। अमेरिका की इच्छा के विपरीत यदि जी-7 के देश फलस्तीन राज्य को समर्थन दे रहे हैं तो इसके गहरे निहितार्थ हैं। जो इस्राइल को असहज करने वाले होंगे, क्योंकि इस्राइल द्विराष्ट्र सिद्धांत को मानने को कभी राजी नहीं हुआ है। अभी कई देश मान्यता देने का मन बना रहे हैं। अमेरिकी संरक्षण में फलस्तीनियों के दमन में लगे इस्राइल पर वैश्विक जनमत का कोई तत्काल असर नजर नहीं आता है, लेकिन देर-सवेर स्थितियां जरूर बदलेंगी। बहरहाल, इस्राइल-हमास के संघर्ष में पिसते फलस्तीनियों की पहचान का मुद्दा फिर जोर पकड़ रहा है। केवल जी-समूह के देश ही नहीं, फ्रांस भी फलस्तीनियों को मान्यता देने का मन बना चुका है। गाजा में मानवता के क्रंदन से दुनिया के सभी बड़े देश विचलित हैं और अपने-अपने देशों में जन-दबाव महसूस कर रहे हैं। सवाल यह है कि जब संयुक्त राष्ट्र के तीन-चौथाई से ज्यादा सदस्यों ने फलस्तीनी राज्य के दर्जे को वैधता प्रदान कर दी है, तो जमीनी हकीकत में बदलाव क्यों नहीं आ रहा है। बहरहाल, लंबे समय से आत्मनिर्णय की गरिमा से वंचित लाखों लोगों के लिए, यह अधिकारों की पुष्टि और प्रतीकात्मक जीत दोनों ही हैं। लेकिन यह भी हकीकत है कि कागजी मान्यता से जमीनी हकीकत नहीं बदलने वाली। पश्चिमी तट पर इस्राइली बस्तियों का विस्तार निर्बाध रूप से जारी है। दूसरी ओर गाजा की नाकाबंदी भी अभी जारी है। राहत सामग्री बांटने के नाम पर जिस तरह भूखे लोगों का दमन किया गया, उसने सभ्य दुनिया के औचित्य पर सवाल ही उठाये हैं। गाजा में समय-समय पर हिंसा भड़कती रहती है, जिससे फिलहाल स्थिरता की कोई सूरत नजर नहीं आती। फलस्तीनी आज भी तरह-तरह के प्रतिबंधों के बीच जिंदगी के दिन गिन रहे हैं। निस्संदेह, इस्राइल द्वारा लगाये गए तमाम प्रतिबंध फलस्तीन की संप्रभुता की अवधारणा का मजाक ही उड़ाते हैं। वास्तव में पश्चिमी देशों द्वारा दी गई मान्यता जब तक व्यावहारिक उपायों मसलन राजनीतिक, आर्थिक और कानूनी प्रावधानों द्वारा समर्थित नहीं होती, तब तक इन घोषणाओं का सिर्फ प्रतीकात्मक महत्व ही रह जाता है। विडंबना यह भी है कि जी-7 के अन्य प्रमुख देश अमेरिका, जर्मनी, इटली और जापान ने फलस्तीन को मान्यता देने से इनकार किया है। उनकी दलील है कि यह प्रश्न इस्राइल की सुरक्षा चिंताओं से जुड़ा है। लेकिन वास्तव में शांति इस आधार पर कायम नहीं की जा सकती है कि एक व्यक्ति के अधिकार दूसरे की सुरक्षा की भावना पर निर्भर हों। द्विराष्ट्र समाधान, जिसे संयुक्त राष्ट्र ने एकमात्र व्यवहार्य ढांचे के रूप में समर्थन दिया है, समानता की मांग करता है। भारत ने वर्ष 1988 में फलस्तीन को मान्यता दी थी। साथ ही इस्राइल के साथ घनिष्ठ संबंध बनाते हुए भी उसके राज्य के दर्जे के पक्ष में समर्थन व्यक्त किया है। लेकिन, मौजूदा संघर्ष के दौरान, भारत ने प्रतिक्रिया देने में स्पष्ट रूप से देरी की है। निश्चिय ही यह भारत की ऐतिहासिक एकजुटता और रणनीतिक साझेदारी के बीच सतर्क संतुलन को ही दर्शाता है। दरअसल, यह हिचकिचाहट नैतिक स्पष्टता और व्यावहारिक राजनीति के साथ संरेखित करने की कठिनाई को रेखांकित करती है। बहरहाल, मान्यता की लहर को केवल नैतिक दिशासूचक के रूप में देखा जा सकता है। वास्तव में गाजा संकट की विभीषिका के बीच बस्तियों के विस्तार को रोकने, प्रतिबंधों को हटाने, मानवीय पहुंच सुनिश्चित करने तथा विश्वसनीय वार्ता को आगे बढ़ाने की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं होता तो फलस्तीन सिर्फ एक नाममात्र का राज्य बनकर रह जाएगा। यह इस बात की भी परीक्षा है कि क्या अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में तत्काल कार्रवाई करने की इच्छाशक्ति है। दुनिया के देशों को ध्यान रखना चाहिए कि इस्राइल व हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से 65 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें अधिकांश आम लोग हैं।

# जितना स्वस्थ होगा पर्यावरण, उतना बेहतर होगा स्वास्थ्य

**विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर विशेष**

**पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। 2025 के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय है 'स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग', जो स्वच्छ वायु और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधे संबंध पर जोर देता है। प्रदूषकों से मुक्त वायु श्वसन संबंधी बीमारियों को सीमित करने और लोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2024 में यह दिवस 'पर्यावरणीय स्वास्थ्यः आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन तथा अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण' थीम के साथ मनाया गया था जबकि 2023 की थीम थी 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यः हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया गया था और 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है।**

हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। दरअसल पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ये सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है। पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। 2025 के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय है 'स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग', जो स्वच्छ वायु और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधे संबंध पर जोर देता है। प्रदूषकों से मुक्त वायु श्वसन संबंधी बीमारियों को सीमित करने और लोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2024 में यह दिवस 'पर्यावरणीय स्वास्थ्यः आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन तथा अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण' थीम के साथ मनाया गया था जबकि 2023 की थीम थी 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यः हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया गया था और 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है। बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। पर्यावरण का स्वास्थ्य खराब होने से हमारा स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है, जिसका सीधा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। ऐसी ही समस्याओं के मद्देनजर लोगों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए 'इंटरनेशनल फ़ेडरेशन ऑफ एनवायरनमेंटल हैल्थ' (आईएफईएच) द्वारा 26 सितम्बर 2011 को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस की शुरूआत की गई थी। इसकी शुरुआत 2011 में डेनपास, बाली (इंडोनेशिया) में हुए पर्यावरण स्वास्थ्य शिखर सम्मलेन और आईएफईएच की बैठक के दौरान हुई थी और इस दिन को दुनियाभर में चिन्हित करने का मुख्य उद्देश्य लोगों की भलाई और स्वास्थ्य की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करना था। आईएफईएच वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान के आदान-प्रदान पर केनद्रित है और इसका बड़ा हिस्सा वैज्ञानिक एवं तकनीकी के लिए कार्य करता है। पूर्ण रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य कार्यों को लेकर समर्पित आईएफईएच पर्यावरण स्वास्थ्य विज्ञान और प्रशासन से संबंधित विषयों पर चर्चा करता है और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर सूचना का आदान-प्रदान करता है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यबल के समर्थन के साथ आईएफईएच स्वास्थ्य और हरित पुनर्प्राप्ति में सहयोग करता है। यह उन राष्ट्रीय संस्थानों के लिए एक महासंघ है, जो पर्यावरण स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर कार्य करते हैं। 2018 में इस फ़ेडरेशन ने 40 देशों को पूर्ण सदस्यों के तौर पर जगह दी थी। आईएफईएच के अध्यक्ष सुजान पैक्सो के अनुसार दुनिया को यह समझने की आवश्यकता है कि पर्यावरण, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था के बीच एक गहन संबंध है। बहरहाल, यह समझना बहुत जरूरी है कि आखिर पर्यावरण स्वास्थ्य है क्या? किसी क्षेत्र विशेष के रासायनिक, भौतिक और सांस्कृतिक वातावरण को उसके पर्यावरणीय स्वास्थ्य के रूप में जाना जाता है और किसी क्षेत्र का पर्यावरणीय स्वास्थ्य वहां की वायु की खराब गुणवत्ता, पर्यावरण में विविधता का नुकसान, रासायनिक असमानताएं तथा ऐसे सभी कारक, जो किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को बिगाड़ते हैं, से प्रभावित होता है। किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को मापने में पर्यावरणीय स्वास्थ्य संकेतक, प्रदूषण का स्तर, पारिस्थितिकी में विविधता, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता की शर्तें, कृषि उत्पादकता इत्यादि प्रमुख भूमिका निभाते हैं। पर्यावरणीय स्वास्थ्य की देखभाल के महत्व को दर्शाता विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस वास्तव में न केवल पारिस्थितिक स्वास्थ्य की सुरक्षा की वकालत करता है बल्कि मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरणीय स्वास्थ्य के पड़ने वाले प्रभाव और संबंध को समझने की जरूरत पर भी जोर देता है। **– योगेश कुमार गोयल**



# एकता और संप्रभुता के लिए संकल्पित पं. दीनदयाल उपाध्याय

**डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

बहुत कम संगठन ऐसे होते हैं, जो नीति और सिद्धांतों की बुनियाद पर खड़े होते हैं। ऐसे संगठन तो कल्पनातीत ही हैं, जो राष्ट्रीयता की भावना से ओत-प्रोत बने रहते हैं। लेकिन यह भारतीय जनसंघ के रूप में संभव हो पाया तो इसलिए,क्योंकि इस संगठन की नींव रखने वाले हाथ पवित्र और मन जनता जनार्दन की सेवा के लिए संकल्पित बने रहे। भारतीय जन संघ की जिस समय स्थापना हुई, तब उसे लेकर सत्ता पक्ष पर काबिज राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की सोच विरोधी विचारधारा वाले दलों के प्रति सकारात्मक तो कतई नहीं थी। जनसंघ के संस्थापक भी यह जानते थे कि फिलहाल सत्ता प्राप्त होना तो दूर, हम जनता जनार्दन का विश्वास भी शायद ही हासिल कर पाएंगे। लेकिन मन में संकल्प था कि हमें देश की सेवा करनी है । उसकी एकता और संप्रभुता के लिए संकल्पित होना है। देर से ही सही, लेकिन इस सपने को पूरा करके भी दिखाना है। ऐसा हुआ भी, जब जन संघ की स्थापना हुई तो उसे मतदान केंद्रों पर तैनात करने के लिए एजेंट तक बड़ी मुश्किल से उपलब्ध हो पाते थे। चुनाव लड़ने के लिए भी गणमान्य लोगों की मान मनौव्वल करना पड़ती थी। लेकिन फिर भी जनसंघ और उसके नेताओं की मनो स्थिति अडिग बनी रही, तो केवल इसलिए क्योंकि उसके संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे त्यागी और तपस्वी नेता थे। जिन्हें हार जीत से ज्यादा वैचारिक आंदोलन की परवाह थी। यह भी सत्य है कि जब पूर्व से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक कांग्रेस तथा उसके मित्र दलों की तूती बोलती थी। तब जन संघ के नेताओं को जमानत बचाने के लिए भी चुनाव में जमीन आसमान एक कर देना पड़ता था। लेकिन फिर भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय और उनके जैसे अनेक संघर्षशील नेताओं की लड़ाई इसलिए जारी रही, क्योंकि पंडित दीनदयाल कहा करते थे। हमारी जीत और हार भारतीय मतदाता द्वारा तय की जाएगी। लेकिन यह हम तय करेंगे कि हमें भारतीय राजनीति में गहरे तक बैठ चुकी तुष्टिकरण की राजनीति का विरोध करना है। हमें जाति संप्रदाय के नाम पर गहरे तक खोद दी गई खाई को हर हाल में पाटने का काम करना है। यदि समय रहते ऐसा ना हुआ तो सत्ता के भूखे राजनीतिक दलों ने जातियों और संप्रदायों के बीच जो गहरी खाई खोद रखी है, वह देश के लिए अनिष्टकारी सिद्ध होने वाली है। यही कारण है कि दीनदयाल उपाध्याय पूर्णकालिक जनसंघ के होकर विभिन्न राज्यों के प्रवास करते रहे और आम आदमी को जनसंघ से जोड़ते चले गए। उनकी यह सक्रियता सत्ता लोलुप नेताओं को रास नहीं आई। क्योंकि वे समझ चुके थे कि दीनदयाल उपाध्याय की सतत सक्रियता जन संघ को नित्य नई ताकत प्रदान कर रही है। यदि ऐसा ही रहा तो यह दल एक दिन जन आकांक्षाओं के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ा जन आंदोलन खड़ा कर देगा। यही कारण रहा कि बेहद रहस्यमई तरीके से पंडित दीनदयाल उपाध्याय मृत्यु का शिकार हुए और एक दिन उनका शव मुगल सराय रेलवे स्टेशन के पास पटरियों के किनारे लावारिस अवस्था में पाया गया। तब धर्मनिरपेक्षता की आड़ में तुष्टिकरण की नीति करने वाले नेताओं को संतुष्टि हुई कि अब जनसंघ की विकास यात्रा को रोका जा सकेगा। लेकिन तब तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय इस संगठन के हर सदस्य के मन मस्तिष्क में राष्ट्र प्रेम का बीज बो चुके थे। उनका गुरु मंत्र था कि हार जीत की चिंता किए बगैर राष्ट्र हित के मद्देनजर सत्ताधारी नेताओं के षडयंत्रों को सार्वजनिक करते रहो। एक न एक दिन जनता जनार्दन जागेगी और वह दिन लोकतांत्रिक इतिहास का नया सवेरा लेकर आएगा। यही हुआ, पंडित दीनदयाल उपाध्याय भले ही सशरीर हमारे बीच ना रहे, लेकिन उनकी प्रेरणा लगातार जन संघ को जनता जनार्दन की सेवा के लिए प्रेरित करती रही। उन्हीं की प्रेरणा से आपातकाल को माध्यम बनाकर लोकतंत्र का गला घोटने वाली सरकार का अंत करने में जनसंघ ने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई। यहां तक कि देश को एक लोकतांत्रिक सरकार देने के लिए खुद को होम कर दिया। लेकिन जब इस पवित्र लक्ष्य से संकल्पित दल के त्याग को तत्कालीन अवसरवादी राजनेता समझ न पाए तब भारतीय जनसंघ ने भारतीय जनता पार्टी के रूप में स्वयं को नए रूप में प्रकट किया और राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत नए भारत के निर्माण के लिए यात्रा पुनः प्रारंभ कर दी। यह पंडित दीनदयाल उपाध्याय और फिर उनके बाद उनके आदर्श पर चलने वाले नेताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुका है। जिन संकल्पनाओं को लेकर पहले भारतीय जनसंघ और फिर भारतीय जनता पार्टी का प्रादुर्भाव हुआ, उनमें धारा 370, अयोध्या का राम मंदिर और समान नागरिक कानून के रास्ते पर भाजपा की ईमानदारी स्वतः सिद्ध है। आज जब उनके जन्म के 109 वर्ष पूर्ण होने को हैं, तब उनके सपनों का भारत विश्व का नेतृत्व करने हेतु स्वयं को सान्निध पाता है।

## सेहत मंत्र

# असंतुलित भोजन के कारण खराब हो सकती है आपकी नींद

सेहतमंद रहने के लिए पर्याप्त नींद बहुत ज़रूरी है। नींद की कमी से शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक समस्याएं भी हो सकती हैं, इसलिए यदि आपको रात में ठीक से नहीं आ रही है तो इसे हल्के में न लें और अपनी जीवनशैली से लेकर डायट तक सभी चीज़ों पर आपको ध्यान देने की ज़रूरी है। जहां तक डायट का सवाल है तो लोग इसे सिर्फ वज़न से जोड़कर देखते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। डायट का आपके संपूर्ण स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और नींद भी उसमें से एक है। कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे है जिनके सेवन से आपकी नींद प्रभावित हो सकती है इसलिए आपको इसके बारे में पता होना चाहिए। विशेषज्ञों के मुताबिक, कुछ लोगों को चाय/कॉफी की ऐसी लत होती है की रात को भोजन के बाद भी एक प्याली चाय पी लेते हैं, लेकिन उन्हें शायद यह पता नहीं होता कि चाय/कॉफी में मौजूद कैफीन लंबे समय तक दिमाग को एक्टिव रखता है जिससे आपको जल्दी नींद नहीं आती और आप देर रात तक करवटें बदलते रहते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, रात में हमेशा हल्का और आसानी से पचने वाला भोजन ही करना चाहिए। यदि आप रात को तला-भुना और मसालेदार खा लेते हैं तो आपको पेट में जलन, एसिटिडी आदि की समस्या हो सकती है जिससे आपको रात को ठीक से नींद नहीं आएगी। आइसक्रीम का नाम सुनते ही हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है, लेकिन आपको भी यदि रात में आइसक्रीम खाने की आदत है तो इसे बदल लीजिए, वरना आपकी नींद खराब हो सकती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, आइसक्रीम में चीनी की मात्रा शुगर का लेवल बढ़ा देती है जिससे आंखों से नींद गायब हो जाती है। कुछ लोगों को खाने के बाद मीठा खाने की आदत होती है और वह हर रात को सोने से पहले चॉकलेट खाते हैं और फिर उन्हे अनिद्रा की समस्या हो जाती है। चिकित्सकों के अनुसार, ऐसा चॉकलेट में मौजूद फैट और कैफीन की वजह से होता है। यदि आप सुकून भरी नींद चाहते हैं तो हेल्दी डायट और एक्ससरसाइज को अपनी रूटीन में शामिल करना बहुत ज़रूरी है। जब आपकी नींद पूरी होगी तो सुबह उठने पर आपको आलस और थकान नहीं, बल्कि ताज़गी का एहसास होगा और आप अपना हर काम फूर्ति से करेंगे।

## धर्म मंत्र

# मोर पंख से दूर करें 'वास्तु दोष'

भगवान विष्णु के अवतार श्री कृष्ण ने जब द्वापर युग में जन्म लिया था, तो बचपन से ही वह अपने सर पर मोर पंख धारण करते थे। आप श्री कृष्ण भगवान की कोई भी तस्वीर देखिए, उसमें उन के मुकुट में मोर पंख नजर आ जाएगा। वैसे भी वास्तु दोष के लिहाज से देखा जाए, तो घर में नेगेटिव एनर्जी ना आए, इसके लिए मोर पंख सबसे उत्तम है। यह वास्तुदोष से लेकर नजर दोष तक को आप से दूर रखता है, और इसके लिए आप लिविंग रूम, बेडरूम और पूजा घर में निश्चित रूप से मोर पंख लगाएं। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि मोरपंख बेहद खूबसूरत दिखने के साथ-साथ पवित्र भी है। मोर पंख ना केवल भगवान श्री कृष्ण, भगवान विष्णु को, बल्कि देवी लक्ष्मी को भी बेहद प्रिय है। इसके अतिरिक्त धर्म शास्त्रों की बात की जाए, तो भगवान कार्तिकेय का यह वाहन है, और इसलिए इसकी पूजा की जाती है। अगर आप चाहते हैं कि आपके घर में नेगेटिव एनर्जी ना आए, तो आपको घर के मुख्य द्वार पर मोर के तीन पंख लगाने चाहिए। वहीं मोर पंख के नीचे गणेश जी की प्रतिमा लगाएं। इससे घर में आपकी शांति- खुशहाली आनंद का माहौल रहेगा, और नकारात्मक शक्तियां आपके घर में प्रवेश नहीं कर पाएंगी। अगर पूजा घर में आप देवताओं की तस्वीरों के साथ मोर पंख रखते हैं, तो इससे घर में समृद्धि बनती है। वहीं आर्थिक समस्याओं से भी आप दूर रहते हैं। आर्थिक समस्याओं से बचने के लिए आपको पैसा या जेवर इत्यादि रखने के स्थान पर भी मोर पंख रखना चाहिए। अगर आप चाहते हैं कि परिवार के लोगों के बीच में आपसी सामंजस्य और प्यार बना रहे, तो आप लिविंग रूम में मोर का पंख लगा सकते हैं।

## पर्यटन



# उदयपुर का सबसे प्रमुख आकर्षण केन्द्र है सिटी पैलेस

राजस्थान के अगर बेहतरीन पर्यटन स्थलों की बात हो और इसमें उदयपुर का नाम ना लिया जाए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। यह अपने इतिहास, संस्कृति और अपने आकर्षक स्थलों के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। उदयपुर का अपना एक समृद्ध इतिहास रहा है और आज भी इसका ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व उतना ही है। पिछोला झील सिर्फ अपनी खूबसूरती के लिए ही नहीं जानी जाती, बल्कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी यह उतनी ही महत्वपूर्ण है। यह माना जाता है कि इसका निर्माण 14 वीं शताब्दी में एक स्थानीय जिप्सी अर्थात बंजारे द्वारा किया गया था, और बाद में 16 वीं शताब्दी में मेवाड़ के शासक राणा उदय सिंह द्वितीय द्वारा इसका विस्तार किया गया था। इसका तट सिटी पैलेस, घाटों, हवेलियों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है, जबकि झील अपने आप में कई द्वीप महलों से युक्त है। इन्हें देखने के लिए आप सिटी पैलेस से घंटे भर की नाव की सवारी कर सकते हैं। उदयपुर का एक सबसे प्रमुख आकर्षण का केन्द्र है सिटी पैलेस। यह राजस्थान का सबसे बड़ा महल है और इसलिए इसकी अपनी एक अलग महत्ता है। यह पहली बार 16 वीं शताब्दी में उदयपुर के संस्थापक महाराणा उदय सिंह द्वारा बनाया गया था, और बाद में लगातार शासकों द्वारा इसका विस्तार किया गया था। आज इस महल को कई संग्रहालयों में विभाजित किया गया है। इस छोटे से बगीचे को मूल रूप से संग्राम सिंह द्वितीय द्वारा 18 वीं शताब्दी में 48 महिला परिचारिकाओं के लिए रखा गया था, जो अपनी शादी के बाद एक राजकुमारी के साथ थीं। यहाँ एक सुंदर कमल कुंड है, जो कई फव्वारे, कियोस्क और संगमरमर के हाथियों से घिरा हुआ है। यह 17 वीं शताब्दी का मंदिर हिंदू भगवान विष्णु के एक रूप भगवान जगन्नाथ के लिए बनाया गया था। यह महाराजा जगत सिंह द्वारा बनाया गया था। उदयपुर के पुराने शहर में स्थित इस मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्तियों के साथ-साथ संगीतकारों, नर्तकियों और हाथियों के स्कल्पचर भी मौजूद हैं।

# रामनगर विधानसभा में पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती व सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी । भारतीय जनता पार्टी की ओर से रामनगर विधानसभा के बूथ संख्या 361, 362 व 363 सिंहामऊ भैसुरिया पर शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संकल्प आज सिद्धि की ओर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए गांव, गरीब और वंचित वर्ग का अभूतपूर्व विकास हो रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि पंडित जी के विचार और आदर्श सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। अंत्योदय और एकात्म मानववाद का उनका दर्शन हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने और उसकी उन्नति के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर सेक्टर संयोजक लालता तिवारी, जिला प्रतिनिधि विपिन दीक्षित, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा रामू मिश्रा, नागेंद्र सिंह, भानु गौतम, पूर्व प्रधान राजेंद्र प्रसाद मिश्र, अरुण दीक्षित, विशाल अवस्थी, उमेश चंद्र, रामविजय, बूथ अध्यक्ष रामदयाल, बद्री प्रसाद दीक्षित समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के पूरे छत्रधारी मजरे टिकरा गांव में गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ ।

गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा पूरे छत्रधारी गांव होते हुए आदि गंगा गोमती नदी के लालेश्वर धाम पहुंची।जहां आदि गंगा गोमती से कलश में जल भरकर यात्रा वापस कथा स्थल पर पहुंची।यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश की स्थापना की गई और इसी के साथ कथा की औपचारिक शुरुआत हो गई ।

यात्रा के दौरान उत्साही भक्त बैंड बाजा और डीजे की धुन पर जमकर थिरके । कलश यात्रा में यजमान पारस नाथ यादव ने बताया कि कथा का वाचन कुड़वार सुल्तानपुर से पधारे पंडित राजकुमार तिवारी शास्त्री जी करेंगे।कलश यात्रा में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रति.



जितेंद्र सिंह रिंकू, दुर्गेश यादव टिंकू, जयप्रकाश, अमित पाठक,अनिल दुबे, राकेश यादव ,कर्मवीर यादव, दुर्गेश यादव, मंशाराम यादव,विनय यादव, प्रवेश, सहज, अभिषेक, अभिनव, सहित क्षेत्र के तम्मा लोग लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति, छात्राओं को किया गया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी थाना की पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह मौजूद रहे। टीम ने छात्राओं से कहा कि आज महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। यदि कहीं रास्ते में, कार्यस्थल पर या घर के आसपास कोई मनचला परेशान करता है तो घबराएँ नहीं, तुरंत टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें। इस अवसर पर छात्राओं को महिला सुरक्षा हेतु जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई वीमेन पावर लाइन 1090,चिकित्सीय सहायता 108,पुलिस कंट्रोल रूम 112,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 महिला पुलिसकर्मियों ने बताया कि शिकायतकर्ताओं का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा। एसआई प्रियंका वर्मा ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों के महत्व और उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में शिक्षिकाएँ रेखा वर्मा, पूजा वर्मा, पूनम, सुमनलता, छायारानी तथा कांस्टेबल रवि वर्मा उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी।फार्मासिस्ट एंड फार्मेसी वेलफ़ेयर एसोसिएशन द्वारा धूम धाम से विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। फार्मेसी एंड फार्मासिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन बाराबंकी द्वारा कूष्मांडा ग्रीन लान मयूर विहार बाराबंकी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस बहुत धूम धाम से मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण मौर्या व संचालन जिला महामंत्री अभिषेक वर्मा ने की ।मुख्य अतिथि के रूप जिले की औषधि निरीक्षक श्रीमती रजिया बानो ने सभी फार्मासिस्ट को विश्व फार्मासिस्ट दिवस की बधाई दी।हुए में मनीष कुमार, महेंद्र द्विवेदी, संदीप वर्मा,




प्रमोद वर्मा, विपिन कुमार, रवि कुमार, शिवप्रकाश इमरान, ज़ीशान ,संदीप वर्मा,राजेश रावत,शिवकंात रावत एवं हजारो की संख्या में फार्मासिस्ट ने उपस्थिति दर्ज करवायी व एक दूसरे को बधाई दिया ।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

सुलतानपुर। वृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बंधुआकला धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के रामपुर ग्राम में मिशन शक्ति फ़ेज 5 के अंतर्गत चौपाल लगाकर वरिष्ठ उप निरीक्षक विपिन पाठक तथा उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह, मुख्य आरक्षी रविकेश, महिला मुख्य आरक्षी माया देवी, महिला मुख्य आरक्षी माधुरी देवी के द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया तथा आत्मरक्षा के उपाय बताए गए हैं। प्रशासन द्वारा प्रचलित हेल्पलाइन नंबर 1090,181,1076,112 के बारे में बताया गया ।

## जगराता में रात भर भर झूमे श्रद्धालु भक्त

निंदूरा बाराबंकी। ब्लॉक निंदूरा अंतर्गत ग्राम कतुरी कलां में बुधवार की रात्रि माँ भगवती के प्रथम विशाल जागरण का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन भक्तिमय वातावरण और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत माँ दुर्गा की भव्य आरती से हुई। इसके बाद गणेश वंदना और विभिन्न आरती की मधुर प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्ति रस में रंग दिया। मंच से जब ल्लराम जी की निकली सवारीङ्क और ल्लदुनिया में देव हजारों हैं, हनुमान जी का क्या कहनाङ्क जैसे लोकप्रिय भजन गूंजे, तो श्रद्धालु झूम उठे और पूरी रात भक्ति में लीन रहे। जागरन की विशेष आकर्षण जीवंत झांकियाँ रही। इनमें श्रीराम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान, श्रीकृष्ण-राधा, शिव विवाह समेत देवी-देवताओं की सुंदर झलकियाँ प्रस्तुत की ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत,हत्या का आरोप

बेलहरा बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की बेलहरा चौकी अंतर्गत घघसी गांव निवासी सोनू वर्मा की पत्नी प्रीति वर्मा (25) की गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई। घटना से घर में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि सोनू वर्मा की शादी करीब छः साल पहले जनपद सीतापुर के थाना सदरपुर अंतर्गत ग्राम गंगेला से हुई थी। घटना के जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे मृतका के मायके वालों ने पुलिस को बताया कि उन्हें गुरुवार करीब 11 बजे सूचना दी गई थी कि प्रीति छत से नीचे गिर गई है और हालात सीरियस है लेकिन जब वह मौके पर पहुंचे तो प्रीति का शव घर के बाहर बरामदे में पड़ा था। वहीं घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी प्रभारी अरविंद कुमार पटेल ने बताया कि मायके पक्ष की तहरीर पर पति सहित चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है,पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

अनाथ हुआ नवजात

बताया जाता है कि प्रीति और सोनू की शादी अप्रैल 2019 में हुई थी। प्रीति के एक पुत्र भी है जिसकी उम्र लगभग एक वर्ष है,मां की मौत के बाद बेटे के सर से मां का साया उठ गया।

# समाजवादी पार्टी के बूथ प्रभारी सम्मेलन में उमड़ा भारी जनसैलाब

### भाजपा सरकार की लचर नीतियों के कारण किसान नौजवान परेशान- श्यामलाल पाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। समाजवादी पार्टी की पीडीए सरकार बनाने के संकल्प के साथ मलिहाबाद ब्लॉक में नि प्रत्याशी सोनू कन्नौजिया द्वारा बूथ अध्यक्षों एवं सेक्टर प्रभारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल तथा विशिष्ट अतिथि सांसद आर.के. चौधरी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत ने और संचालन विधानसभा अध्यक्ष सोनीष मौर्य ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि भाजपा सरकार की लचर नीतियों के कारण आम जनता को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। किसान यूरिया खाद के लिए दर-दर भटक रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा सत्ता में रहेगी, तब तक गरीब और किसान लगातार प्रताड़ित होते रहेंगे। अब समय आ गया है कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंका जाए और 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाई जाए। इस दौरान सम्मेलन में सोनू कन्नौजिया ने सभी बूथ प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं सेक्टर प्रभारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सी.एल. वर्मा, महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, प्रदेश प्रवक्ता दीपक रंजन श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह यादव, पूर्व प्रत्याशी राजबाला रावत, विजयश्री गौतम, प्रदेश सचिव वीर बहादुर सिंह, राशिद अली, रामगोपाल यादव, चौधरी मुलतान सिंह यादव, टी.बी. सिंह, राम सिंह एडवोकेट, अजय सिंह चौहान, शब्बीर अहमद खान, भारत यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, जियाउर्रहमान ख़ान, जिला पंचायत सदस्य पन्नालाल रावत, जीत बहादुर रावत, सरोज यादव, लालाराम यादव, मनोज सिंह, मनीष यादव, इब्राहिम मंसूरी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से हंगामा, किशोर गिरफ़्तार,मुक़दमा दर्ज





कैनविज टाइम्स संवाददाता

मलिहाबाद/लखनऊ। सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट डालने को लेकर बवाल खड़ा हो गया है। इसके बाद विशेष समुदाये के एक व्यक्ति ने काकोरी थाने में लिखित शिकायत देते हुए किशोर के खिलाफ सुसगंत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। फिलहाल, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने किशोर को हिरासत में लिया है। मलिहाबाद कोतवाली अंतर्गत मिर्ज़ागंज कस्बा निवासी आमिर वली ने काकोरी थाने के एक गांव के रहने वाले किशोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत, 24 सितंबर 2025 की सुबह करीब 9:15 बजे उन्होंने अपने मोबाइल पर इंस्टाग्राम स्क्रॉल करते समय देखा कि आरोपी ने एक महिला के फोटो के साथ भड़काऊ और अपमानजनक टिप्पणी लिखी है। पोस्ट को देखने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों में गहरी नाराजगी फैल गई। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने जानबूझकर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने और सामुदायिक माहौल खराब करने की नीयत से पोस्ट किया। इसके बाद पीड़ित ने मलिहाबाद कोतवाली में तहरीर दी,लेकिन पुलिस ने उन्हें काकोरी थाने में भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने किशोर की पहचान कर उसके खिलाफ आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि किसी भी स्थिति में कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा। अगर कोई शांति भंग करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# मोदी गढ़ रहे हैं दीनदयाल के सपनों का भारत : शिवभूषण सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती विविध आयोजन

### सभी बूथ पर मनाई गई जयंती

बाराबंकी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109 वीं जयंती गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई।सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं ने दीनदयाल के चित्र पर माल्यार्पण करके उनके कृतित्व पर चर्चा की। स्वच्छता अभियान चलाया गया।वृक्षारोपण करके उनको याद किया।बूथ समिति की बैठक आयोजित करके सेवा पखवाड़ा के विभिन्न अभियानों की समीक्षा की गई ।भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह ने कहा कि आज से 7 दशक पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जो विचार रखे थे आज वह केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय के सामने प्रासंगिक हो गए है। पंडित जी ने अंत्योदय का जो सपना देखा था उसे मोदी सरकार पूरा कर रही है। आज गांव व किसान को सभी राजनीतिक पार्टियों ने अगर अपने एजेंड में शामिल किया है तो इसका श्रेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को जाता है। उन्होंने स्वतंत्र भारत में वकालत की थी कि समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान हो।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा देश के 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन, 10 करोड़ लोगों के घर में शौचालय, लगभग 11 करोड़ लोगों को निशुल्क गैस सिलेंडर,करोड़ों गरीबों को आवास एवं 5 करोड़ से अधिक परिवारों को आयुष्मान कवच प्रदान करना इस बात का प्रमाण है कि अंतिम पायदान पर बैठे प्रत्येक व्यक्ति का जीवन स्तर सुधारने में मोदी सरकार जुटी है। जनधन योजना के जरिए 45 करोड़ से अधिक गरीबों को बैंक से जोड़ा जिसके जरिए किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को पारदर्शिता के साथ प्रत्यक्ष धन अंतरण संभव हो सका।गरीब कल्याण योजनाएं गरीबों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रही है ।मोदी कार्यकाल के पिछले 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने दीनदयाल के सपनों को पूरा करने के अनेक प्रयास किए। इसअवसर पर एससी - एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत,एमएलसी अंगद सिंह,विधायक दिनेश रावत,अमरीश रावत, शीलरत्न मिहिर, विजय आनंद बाजपेई,धर्मेंद्र यादव,आरती रावत,सुनील सिंह,पवन सिंह रिंकू,रामेश्वरी त्रिवेदी,अर्चना मिश्रा,राकेश पटेल,सूरज सिंह,रोहित सिंह ,नवीन राठौर मौजूद रहे।

रामनगर :

विधानसभा क्षेत्र रामनगर में पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती एवं सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत सिंहामऊ भैसुरिया स्थित बूथ संख्या 361,362 व 363 पर पं.उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का संकल्प आज सिद्धि की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान के लिए गांव गरीब और वंचित वर्ग का विकास हो रहा है। ''निंदूरा'': विधानसभा कुर्सी के निंदूरा मंडल अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। युवा नेता श्रीश रावत ने कस्बा टिकैतगंज में पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवशंकर सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत बाजपेई के साथ, कस्बा कुर्सी में नितिन मिश्रा के साथ, ग्राम पंचायत बहरौली में दीपक यादव के साथ तथा ग्राम पंचायत उमरा में विनोद यादव, सचिन यादव और रोहित यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं संग दीनदयाल उपाध्याय प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

''सिरौलीगौसपुर '' काशीपुरवा में पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने बूथ अध्यक्ष सोने लाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला।सैदनपुर में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज सोनी के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ।बदोसराय, मरकामऊ और पंजरौली सहित सभी बूथों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। रसूलपुर में हुए कार्यक्रम में जिला मंत्री रामसागर कनौजिया, मंडल महामंत्री अमित भैया, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे, प्रहलाद कुमार विमल और विकास मौर्य मौजूद रहे।

# बीसीसीआई ने फरहान और रऊफ के ख़िलाफ आईसीसी में शिकायत की

एजेंसी




मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के ख़िलाफ उनके ऑन-फ़ील्ड हावभाव को लेकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। यह मामला एशिया कप सुपर फोर के मैच से जुड़ा है, जो दुबई में पिछले रविवार को खेला गया था। जानकारी के अनुसार बीसीसीआई ने बुधवार को ईमेल के जरिए यह शिकायत दर्ज कराई और आईसीसी को यह प्राप्त हो चुकी है।

अगर फरहान और रऊफ ने इन आरोपों से इनकार किया, तो इस मामले पर आईसीसी की सुनवाई हो सकती है। उन्हें मैच रेफरी रिची रिचर्डसन के सामने पेश होना पड़ सकता है, जो टूर्नामेंट में दूसरे मैच रेफरी हैं, जबकि पहले रेफरी एंडी पाइक्रॉफ़्ट हैं। फ़रहान का अर्धशतक पूरा करने के बाद का जश्न और रऊफ का बाउंड्री पर फ़ील्डिंग करते समय दर्शकों की ओर इशारा करना, यही दो घटनाएं मानी जा रही हैं, जिन पर बीसीसीआई ने शिकायत दर्ज कराई है। ये दोनों घटनाएं उस दिन से सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में हैं। भारत के सहायक कोच रायन टेन डेशकाटे ने मंगलवार को हारिस के उकसाने वाले इशारों पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, ''सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि जिस तरह से हालात की वजह से खिलाड़ियों पर दबाव डाला गया है, उसमें अपने व्यवहार को नियंत्रित करना बहुत मुश्किल होता है। ''मैंने हारिस की कुछ हरकतें देखीं, लेकिन वह हमारे चिंता का विषय नहीं है। जैसा कि मैंने पहले भी कहा, हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने मैदान पर ख़ुद को किस तरह संभाला। उन्होंने मैदान पर अपने बल्लों से जवाब दिया। हो सकता है कि दूसरी टीमों को हमारी कुछ बातों से दिक़्क़त रही हो, लेकिन हमारी ओर से हमें इस बात पर गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने ख़ुद को किस तरह संभाला। वहीं पीसीबी ने भी आईसीसी में सूर्यकुमार यादव के ख़िलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई है। आरोप यह है कि भारत के कप्तान ने 14 सितंबर को पाकिस्तान पर मिली जीत को ''पहलगाम आतंकी हमले'' के पीड़ितों के परिवारों को समर्पित किया था। यह हमला इस साल अप्रैल में हुआ था और उसके बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ गया था। सूर्यकुमार ने उस मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा था, ''इस जीत को मैं हमारे उन आर्म्ड फोर्सेज को समर्पित करना चाहता हूं, जिन्होंने बहुत बहादुरी दिखाई। उम्मीद है वे हमें प्रेरित करते रहेंगे और हमें मैदान पर उन्हें मुस्कुराने का और मौक़ा देने का अवसर मिलता रहेगा। यह बयान और उसके बाद की घटनाएं सुर्खियों में रहीं। टॉस के समय कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया, मैच के बाद खिलाड़ियों ने भी एक-दूसरे का अभिवादन नहीं किया, और ''हैंडशेकगेट'' अब तक एशिया कप में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीसीबी ने आरोप लगाया है कि सूर्यकुमार की टिप्पणियां ''राजनीतिक'' थीं।

# भारत के पास श्रीलंका के खिलाफ जितेश शर्मा को फिनिशर के तौर पर आजमाने का आखिरी मौका

एजेंसी



दुबई। मध्यक्रम में संजू सैमसन की असफलता मुख्य कोच गौतम गंभीर की चिंता का सबब होगी और भारतीय टीम प्रबंधन श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार को एशिया कप सुपर 4 चरण के आखिरी और बेमानी मुकाबले में जितेश शर्मा को आजमा सकता है। भारत की बांग्लादेश पर जीत के साथ ही श्रीलंका फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया जिसे सुपर 4 में बांग्लादेश और पाकिस्तान ने भी हराया था।

पूरी संभावना है कि रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला खेला जायेगा। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में सैमसन फिट होते नहीं दिख रहे। भारतीय टीम के लिये चिंता का दूसरा कारण टूर्नामेंट में अभी तक दस कैच छूटना भी है जिनमें से पांच बांग्लादेश के खिलाफ छूटे। बड़े मैचों में इस तरह की कोताही की गुंजाइश नहीं रहती और स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने भी स्वीकार किया कि इस विभाग में सुधार करना होगा। चक्रवर्ती की गेंदों पर भी कई कैच छूटे हैं। बांग्लादेश के खिलाफ दो विकेट लेने वाले चक्रवर्ती ने कहा ,'' इस स्तर पर कोई बहाना नहीं बनाया जा सकता। एक टीम के रूप में हमें सारे कैच लपकने ही होंगे। हम फाइनल में पहुंच गए हैं और कैच नहीं टपकाये जा सकते। वैसे उन्होंने क्षेत्ररक्षकों का बचाव किया क्योंकि दुबई स्टेडियम की फ्लडलाइट ऊंचे टावर पर नहीं है और फुटबॉल स्टेडियम की लाइट जैसी लगती है। चक्रवर्ती ने कहा ,'' वैसे 'रिंग आफ फायर' (फ्लडलाइट डिजाइन) से बाधा पहुंचती है क्योंकि यह कभी कभी सीधे आंख पर आती है। हमें इसकी आदत डालनी होगी। बांग्लादेश के खिलाफ मैच में सैमसन को बल्लेबाजी में शीर्ष सात में भी नहीं उतारा गया और अब सवाल उठता है कि अगर वह अक्षर पटेल के पहले भी आने के लायक नहीं हैं तो टीम में क्या कर रहे हैं। चौथे नंबर पर शिवम दुबे को उतारना समझ में आता है क्योंकि कलाई के स्पिनरों को वह बखूबी खेलते हैं लेकिन मध्यक्रम में बायां . दायां संयोजन रखने के लिये यह सही नहीं था। हार्दिक पंड्या को उनसे पहले बायें हाथ के दो बल्लेबाजों तिलक वर्मा और अक्षर के साथ भेजा गया।

# वरिष्ठ बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने लाल गेंद क्रिकेट से लिया छह महीने का ब्रेक

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के वरिष्ठ बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने लाल गेंद (रेड-बॉल) क्रिकेट से छह महीने का ब्रेक लेने का फैसला लिया है। अय्यर ने इंग्लैंड में पीठ की सर्जरी करवाने के बाद अच्छी रिकवरी की थी, लेकिन हाल ही में लंबी फॉर्मेट में खेलने के दौरान पीठ में फिर से जकड़न और ऐंठन महसूस कर रहे हैं। बीसीसीआई के अनुसार अय्यर ने बोर्ड को सूचित किया कि वह इस अवधि का इस्तेमाल अपनी फिटनेस, शरीर की मजबूती और सहनशक्ति को और बेहतर बनाने में करना चाहते हैं। इसी कारण उन्हें ईरानी कप (1 अक्टूबर से नागपुर में) के लिए रेस्ट ऑफ इंडिया टीम में नहीं चुना गया। हालांकि, अय्यर 30 सितम्बर से कानपुर में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज़ में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ इंडिया ए टीम के कप्तान बने रहेंगे। गौरतलब है कि अय्यर का हालिया फॉर्म रेड-बॉल क्रिकेट में निराशाजनक रहा है। वह ऑस्ट्रेलिया ए और फिर दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में सेंट्रल ज़ोन के खिलाफ लगातार कम स्कोर पर आउट हुए थे। चयनकर्ताओं ने गुरुवार को इंडिया ए और रेस्ट ऑफ इंडिया दोनों टीमों की घोषणा की। इंडिया ए (पहला वनडे): श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेडगे, विप्रज निगम, निशांत सिंधु, गुरजपनीत सिंह, युधवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), प्रियंश आर्या, सिमरजीत सिंह। इंडिया ए (दूसरा और तीसरा वनडे): श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेडगे, विप्रज निगम, निशांत सिंधु, गुरजपनीत सिंह, युधवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह।

# नायर की जगह पड़िक्कल, जडेजा बने उपकप्तान, आकाश दीप बाहर

एजेंसी



मुंबई। वेस्टइंडीज के ख़िलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में देवदत्त पड़िक्कल की वापसी हुई है, जबकि उनके कर्नाटक टीम के साथी करूण नायर को बाहर कर दिया गया है।

चोट से उबर रहे ऋषभ पंत की जगह अब रवींद्र जडेजा टीम के उपकप्तान हैं, जबकि नारायण जगदीशन ने दूसरे विकेटकीपर के रूप में अपनी जगह बरकरार रखी है। वह इंग्लैंड दौरे के आख़िरी टेस्ट के लिए भारतीय टीम से पहली बार जुड़े थे। शुभमन गिल पहली बार घरेलू मैदान पर टेस्ट कप्तानी करेंगे। इससे पहले उन्होंने इस साल इंग्लैंड में कप्तान के तौर पर डेब्यू किया था। उनके साथ बुमराह भी टीम में हैं और उन्हें एशिया कप के बाद घरेलू सीरीज के लिए आराम नहीं दिया गया है। बाकी टीम लगभग वैसी ही है, जैसी इंग्लैंड में थी, लेकिन तीसरे सलामी बल्लेबाज विकल्प के रूप में अभिमन्यु ईश्वरन को नहीं चुना गया है। ज़रूरत पड़ने पर यह भूमिका टीम के अतिरिक्त विकेटकीपर जगदीशन निभा सकते हैं। भारत के अंतिम एकादश की संरचना हालांकि इंग्लैंड की तुलना में काफी अलग दिख सकती है, क्योंकि इस बार तेज गेंदबाजी से ज्यादा स्पिन पर जोर दिया जाएगा और इसके लिए टीम में जडेजा के साथ-साथ कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर के साथ अक्षर पटेल टीम में हैं। बड़े फ़ॉर्मेट में यह अक्षर की वापसी है। तेज गेंदबाजी में भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड गए अर्शदीप सिंह, आकाश दीप और अंशुल कंबोज को जगह नहीं मिली है। अंशुल और आकाश अब ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया की तरफ से खेलते दिखेंगे। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम में एकमात्र विकल्प नीतीश कुमार रेड्डी का है, जो इंग्लैंड दौरे पर तो गए थे, लेकिन चोट के कारण बीच दौरे से वापस आ गए थे। वह फ़िलहाल ऑस्ट्रेलिया ए के ख़िलाफ दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में भारत ए टीम का हिस्सा हैं। शार्दुल ठाकुर इंग्लैंड दौरे के बाद बाहर हो गए हैं। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैच होंगे। पहला 2 अक्तूबर को अहमदाबाद में और दूसरा 10 अक्तूबर को दिल्ली में खेला जाएगा। यह 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की भारत की दूसरी सीरीज होगी। भारत का अभियान इंग्लैंड में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज से शुरू हुआ था, जहां भारत ने पांच टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ की थी।


पांच टेस्ट में उपलब्ध अधिकतम 60 में से 28 अंक हासिल करने के बाद भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में 46.67 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका उनसे ऊपर हैं, जिनके पास क्रमशः 100 और 66.67 प्रतिशत अंक हैं।

# भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे से जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2025 की तैयारियों को देगी अंतिम रूप

नई दिल्ली। एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2025 (सैंटियागो, चिली) की तैयारियों के मद्देनज़र भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहुंच चुकी है। इस दौरे पर भारतीय टीम कुल पांच मुकाबले खेलेगी। ये मैच 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक कैनबरा स्थित नेशनल हॉकी सेंटर में खेले जाएंगे। पहले तीन मैच 26, 27 और 29 सितम्बर को ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ होंगे, जबकि शेष दो मुकाबले 30 सितम्बर और 2 अक्टूबर को कैनबरा चिल क्लब के खिलाफ खेले जाएंगे, जो ऑस्ट्रेलिया की प्रीमियर हॉकी वन लीग में हिस्सा लेती है। टीम की कमान कप्तान ज्योति सिंह के हाथों में है और कोच तुषार खांडेकर इस दौरे में टीम का मार्गदर्शन करेंगे।

# कोयला मंत्रालय का शुक्रवार को नई दिल्ली में कोयला गैसीकरण पर दूसरा रोड शो

एजेंसी




नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय शुक्रवार को भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के साथ मिलकर नई दिल्ली स्थित फिक्की फ़ेडरेशन हाउस में कोयला गैसीकरण-सतही एवं भूमिगत प्रौद्योगिकियों पर दूसरा रोड शो आयोजित करने जा रहा है। मंत्रालय ने इससे पहले 12 सितंबर को मुंबई में एक उच्च-स्तरीय रोड-शो आयोजित किया था। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि केंद्र सरकार उद्योग भागीदार के रूप में फिक्की के साथ मिलकर 26 सितंबर को राजधानी नई दिल्ली स्थित फिक्की फ़ेडरेशन हाउस में 'कोयला गैसीकरण-सतही और भूमिगत प्रौद्योगिकियां' पर एक रोड-शो का आयोजन करेगी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी मुख्य अतिथि और कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि ये रोड शो मंत्रालय की ओर से हाल ही में शुरू की गई वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के 13वें दौर के बाद आयोजित किया जा रहा है, जिससे कंपनियों को विभिन्न उद्देश्यों के लिए कोयले का खनन और उपयोग करने में मदद मिलेगी। इस आयोजन का उद्देश्य भारत में कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकियों के विस्तार, निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त व्यावसायिक मॉडल विकसित करने और व्यावसायिक स्तर पर स्वदेशी गैसीकरण प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श करना है। मंत्रालय ने कहा कि कोयला गैसीकरण से प्राप्त उत्पादों के विपणन और परियोजनाओं को उनके प्रारंभिक चरण में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए उपयुक्त नीतिगत प्रावधानों पर भी चर्चा की जाएगी। भारत ने वर्ष 2030 तक 100 मीट्रिक टन कोयला गैसीकरण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इस रोड शो में रसायन, पेट्रोकेमिकल, तेल एवं गैस, इस्पात, एल्युमीनियम, बिजली, कोयला और संबद्ध क्षेत्रों के हितधारकों के साथ-साथ प्रमुख निवेशकों और वित्तीय संस्थानों के एक साथ आने की उम्मीद है।

# ट्रूऑल्ट बायोएनर्जी का 839 करोड़ का आईपीओ लॉन्च, 29 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन

नई दिल्ली। एथेनॉल जैसे बायोफ्यूल का उत्पादन करने वाली कंपनी ट्रूऑल्ट बायोएनर्जी का 839.28 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 29 सितंबर तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ के तहत 750 करोड़ रुपये के 1.51 करोड़ नए शेयर जारी हो रहे हैं। इसके साथ ही 89.88 करोड़ रुपये के 18 लाख शेयरों को ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये भी बेचा जा रहा है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 30 सितंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा। कंपनी के शेयर 3 अक्टूबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होंगे। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 472 रुपये से लेकर 496 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है। ट्रूऑल्ट बायोएनर्जी के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 30 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,880 रुपये का निवेश करना होगा। आईपीओ खुलने से एक दिन पहले बुधवार को ट्रूऑल्ट बायोएनर्जी ने एंकर इनवेस्टर्स से 252 करोड़ रुपये जुटाए। इन एंकर इनवेस्टर्स में टाटा म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, बंधन म्यूचुअल फंड, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी, सोसाइटी जनरल और सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट मॉरीशिस के नाम शामिल हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 50 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय क्रिकेट के नए सिक्सर किंग 'अभिषेक शर्मा'

**नयी दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भारतीय क्रिकेट के नए 'सिक्सर किंग' बन गए हैं। अभिषेक ने अभी सिर्फ़ 21 टी20 खेले हैं, लेकिन वह सबसे ज़्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अभिषेक शर्मा ने कुल 58 छक्के लगाए हैं। वह पहले ही भारत के लिए पुरुष टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। जुलाई 2024 में हुए अभिषेक के टी20 डेब्यू के बाद से सिर्फ ऑस्ट्रिया के करणबीर सिंह (99) और यूएई के मुहम्मद वसीम (60) ने अभिषेक से ज्यादा छक्के लगाए हैं। पूर्णकालिक देशों के खिलाड़ियों में संजू सैमसन दूसरे स्थान पर हैं, जिनके नाम 37 छक्के हैं। अभिषेक ने इस फार्मेट में 6.83 गेंदों में एक छक्का लगाया है, जो पुरुष टी20 में 50 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले 153 बल्लेबाजों में दूसरा सबसे अच्छा औसत है। जिब्राल्टर के केरोन स्टैग्नो का सबसे अच्छा औसत है, जो हर 6.61 गेंद पर एक छक्का लगाते हैं। अभिषेक का गेंद–प्रति–छक्का औसत पूर्णकालिक देशों में सबसे अच्छा है, जहां आंद्रे रसेल (7.21) दूसरे स्थान पर हैं। अभिषेक हर पारी में 2.76 छक्के लगाते हैं, जो 50 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों में दूसरा सबसे अच्छा है। करणबीर सिंह उनसे आगे हैं, जिन्होंने 36 पारियों में 113 छक्के लगाए और उनका औसत 3.14 है। अभिषेक के बाद एविन लुईस (2.13) पूर्णकालिक देशों से एकमात्र बल्लेबाज हैं, जिनके नाम प्रति पारी में दो या उससे ज्यादा छक्के हैं। एक टी20 में अभिषेक ने पांच या उससे ज्यादा छक्के छह पारियों में लगाए हैं, जिसमें बुधवार को एशिया कप बांग्लादेश के ख़िलाफ मैच भी शामिल है। भारतीय खिलाड़ियों में सिर्फ़ रोहित शर्मा (13) और सूर्यकुमार यादव (9) ने अभिषेक से ज़्यादा बार एक टी20 में पांच या उससे ज़्यादा छक्के लगाए हैं। अभिषेक ने पावरप्ले ओवरों में 32 छक्के लगाए हैं। पुरुष टी20 की शुरुआती छह ओवरों में सिर्फ़ तीन भारतीय बल्लेबाज उनसे ज़्यादा छक्के लगा पाए हैं। अभिषेक ने 23 छक्के बीच के ओवरों (7–16) में और तीन छक्के आख़िरी ओवरों (17–20) में लगाए हैं। अभिषेक ने तेज गेंदबाजों के ख़िलाफ 246 गेंदों पर 33 छक्के लगाए हैं, यानी औसतन हर 7.46 गेंद पर एक छक्का। स्पिनरों के ख़िलाफ उन्होंने औसतन हर छह गेंद पर एक छक्का लगाया है और उनके नाम स्पिनरों के ख़िलाफ 150 गेंदों में 25 छक्के शामिल हैं। अभिषेक ने अपने टी20 करियर के 50 छक्के 331 गेंदों पर पूरे किए, जो सभी बल्लेबाजों में सबसे कम गेंदों में है। उनका 50वां छक्का रविवार को एशिया कप पाकिस्तान के ख़िलाफ मैच में आया। जिब्राल्टर के केरोन जे स्टैग्नो इससे पहले 335 गेंदों में यह रिकॉर्ड रखते थे, जबकि पूर्णकालिक देशों के खिलाड़ियों में दूसरा सबसे तेज़ एविन लुईस हैं, जिन्होंने 366 गेंदों में 50 छक्के पूरे किए थे।

# आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक 29 से, रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती संभव



नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली समीक्षा बैठक 29 सितंबर से होगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में होने वाली यह बैठक एक अक्टूबर तक चलेगी। बैठक में लिए फैसलों की जानकारी एक अक्टूबर को दी जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती किये जाने की संभावना है। आर्थिक मामलों के जानकारों ने गुरुवार को बताया कि आरबीआई 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक चलने वाली तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक में प्रमुख ब्याज दर (रेपो रेट) में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने एक अध्ययन में कहा है कि केंद्रीय बैंक के लिए रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती का निर्णय उचित और तर्कपूर्ण होगा, क्योंकि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में भी खुदरा महंगाई दर के नरम बने रहने की उम्मीद है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई में गिरावट के बीच रिजर्व बैंक फरवरी से अब तक रेपो रेट में एक फीसदी की कटौती कर चुका है। लगातार तीन बार रेपो रेट में कटौती करने के बाद रिजर्व बैंक ने अगस्त में इसे यथावत रखा था। फिलहाल रेपो रेट 5.50 फीसदी पर है। रिजर्व बैंक अगर रेपो रेट में कटौती करता है, तो यह आम जनता के लिए दिवाली गिफ्ट से कम नहीं होगा, क्योंकि 22 सितंबर से जीएसटी की नई दरें लागू होने के साथ जनता को बड़ा तोहफा मिल चुका है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाने के सिलसिला आज थमता हुआ नजर आ रहा है। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं की कीमतों में आज मामूली गिरावट आई है। आज के कारोबार में सोना 320 रुपये से लेकर 340 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। वहीं, चांदी की कीमत में आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम तक की मामूली गिरावट आई है। कीमत में नरमी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,15,360 रुपये से लेकर 1,15,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,05,740 रुपये से लेकर 1,05,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,39,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,15,510 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,05,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,15,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,05,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,15,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,05,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,15,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,05,740 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,15,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,05,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,15,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,05,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,15,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,05,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,15,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,05,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-28-2025-26 |
| कार्य का नाम | इंटरलॉकिंग ऑफ लेवल क्रोसिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ ए.डी.इस.टी./ए.वाई.सी. ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थेन रेलवेज। |
| अनुमानित लागत | रु. 2,69,40,732.90 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु. 2,84,700.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 16.10.2025 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जाएगी। • निविदा प्रपत्र और बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106–सिग–टेन्डर–28/2025–26 दिनांक 23.09.2025 2956/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 21वीं सदी में स्वच्छ ऊर्जा में आगे रहने वाले देश ही सफल : प्रधानमंत्री

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बांसवाड़ा से देशभर में विकास परियोजनाओं की श्रृंखला का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कुल 1.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं की शुरुआत करते हुए उन्होंने इसे 'ऊर्जा शक्ति' को समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में देशों को विकास के लिए अपने यहां बिजली उत्पादन बढ़ाना होगा। इसमें स्वच्छ ऊर्जा में आगे रहने वाले देश ही सफल रहेंगे। इस दिशा में उनकी सरकार स्वच्छ ऊर्जा अभियान को जन आंदोलन बनाकर आगे बढ़ा रही है।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि बिजली आज के युग में विकास की रीढ़ है। इस दौरान बांसवाड़ा में देश की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक माही बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट की नींव रखी गई और इसकी लागत लगभग 42 हजार करोड़ रुपये है। इसमें चार स्वदेशी 700 मेगावाट रिएक्टर होंगे। स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने राजस्थान, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। राजस्थान में सौर परियोजनाएँ फलोदी, जैसलमेर, जालौर और सीकर में शुरू हुईं। साथ ही बाड़मेर में ग्रिड सबस्टेशन और कई ट्रांसमिशन लाइनें भी शुरू की गईं, जो 15.5 गीगावाट हरित ऊर्जा को देशभर में पहुंचाएँगी। प्रधानमंत्री ने पीएम-कुसुम योजना के अंतर्गत किसानों को सौर पंप और सौर फीडर उपलब्ध कराने की परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिससे लाखों किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती और सतत बिजली मिलेगी। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने बिजली, जल और कानून-व्यवस्था की अनदेखी की। राजस्थान में पेपर लीक, महिला उत्पीड़न और अवैध शराब व्यापार जैसी समस्याएँ चरम पर थीं। उन्होंने कहा कि अब हालात बदले हैं और विकास दक्षिण राजस्थान तक पहुँच रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने बिजली के महत्व पर ध्यान नहीं दिया। साल



2014 में उनकी सरकार आने से पहले तक भारत के 2.5 करोड़ घरों में बिजली का कनेक्शन नहीं था। आजादी के 70 साल बाद भी देश के 18 हजार गांवों में बिजली के खंभे तक नहीं लगे थे। देश के बड़े-बड़े शहरों में घंटों तक बिजली कटौती होती थी और गांवों में 4-5 घंटे बिजली आना बड़ी बात मानी जाती थी। साल 2014 में उनकी सरकार ने इन हालातों को बदलने का संकल्प लिया और हमने देश के हर गांव तक बिजली पहुंचाई। हमारी सरकार ने 2.5 करोड़ घरों को मुफ्त बिजली कनेक्शन दिया और जहां-जहां तार पहुंचे, वहां बिजली भी पहुंची। इससे लोगों की जिंदगी आसान हुई और नए-नए उद्योग भी स्थापित हुए। प्रधानमंत्री ने राजस्थान की पिछली कांग्रेस सरकार पर परीक्षा पत्र लीक के मुद्दे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में राजस्थान पेपर लीक का केंद्र बन गया था। जल जीवन मिशन को भी कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया था। महिलाओं पर अत्याचार चरम पर था और बलात्कारियों को संरक्षण दिया जा रहा था। कांग्रेस सरकार में बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ जैसी जगहों पर अपराध और अवैध शराब का कारोबार खूब पनपा। राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर कानून व्यवस्था को मजबूत किया गया और विकास परियोजनाओं में तेजी आई। आज भाजपा सरकार राजस्थान को तेज विकास की राह पर आगे बढ़ा रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने जल सुरक्षा की दिशा में लगभग 20,830 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें इसारदा बांध, मोर सागर जलाशय, धौलपुर लिफ्ट प्रोजेक्ट, टकली प्रोजेक्ट समेत कई कार्य शामिल हैं। पेयजल के लिए भी बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, अजमेर और अन्य जिलों में 5,880 करोड़ रुपये की योजनाओं की नींव रखी गई। बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री ने 2,630 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएँ, अटल प्रगति पथ, पुल और फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। रेलवे क्षेत्र में तीन नई ट्रेनों- बीकानेर-दिल्ली वंदे भारत, जोधपुर-दिल्ली वंदे भारत और उदयपुर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को हरी झंडी दी। साथ ही भरतपुर में 250 बेड के अस्पताल और जयपुर में आईटी एवं ई-गवर्नेंस केंद्र का उद्घाटन किया गया। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ने राजस्थान में 15 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनमें पशु परिचारक, कनिष्ठ सहायक, जूनियर इंजीनियर, प्रशिक्षक और अध्यापक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान देशभर में नए अवसर पैदा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर अंत्योदय के सिद्धांत को याद किया और कहा कि गरीब, दलित और आदिवासी समाज का उत्थान उनकी सरकार का मिशन है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का उदाहरण देते हुए कहा कि यह उनकी सरकार ही है जिसने आदिवासी समाज को वास्तविक प्राथमिकता दी है। पीएम जनमन योजना, धरती आबा अभियान और वन-धन योजना जैसी पहलों से करोड़ों आदिवासी लाभान्वित हुए हैं। कर सुधारों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जीएसटी से सामान्य परिवारों को सीधी बचत हो रही है। जीएसटी सेविंग्स फ़ेस्टिवल हर घर के बजट को राहत दे रहा है। आत्मनिर्भर भारत का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहारों के समय सबको शपथ लेनी चाहिए कि खरीदी-बिक्री में केवल स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं।

# 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' उपेक्षित वर्ग को मजबूत बनाने का वादा : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार की जमीनी राजनीति में पकड़ और मजबूत बनाने के लिए पार्टी के 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' को इस उपेक्षित वर्ग की उन्नति के लिए कांग्रेस की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया और कहा कि अति पिछड़ों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे और उनके हित के लिए बराबर काम करेंगे।

श्री गांधी ने बिहार की राजधानी पटना में कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक के पश्चात पार्टी का 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' जारी करने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस अति पिछड़ों को उनका हक दिलाने के लिए संकल्पित है। उनका



कहना था कि पार्टी का मकसद कमजोरों को मजबूत बनाना है और इसीलिए यह संकल्प पत्र जारी किया गया है। पार्टी ने जो वादे इस संकल्प पत्र में किये हैं उन्हें पूरा किया जाएगा। उन्होंने लिखा ''भाजपा चाहे जितने भी झूठ बोले और ध्यान भटकाने की साज़िश करे, हम अतिपिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े समाज को उनका पूरा हक़ दिलाने के लिए संकल्पित हैं। बिहार में अतिपिछड़ा समाज को मज़बूत बनाने और उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए हमने 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' में ठोस वादे किए हैं।''

श्री गांधी ने हर समुदाय के विकास के लिए शिक्षा को जरूरी बताया और कहा, ''शिक्षा इन समुदायों की प्रगति का सबसे बड़ा साधन है, इसलिए इस क्षेत्र में उनकी पहुंच बढ़ाने के लिए विशेष संकल्प हैं ऽअब प्राइवेट कॉलेज और यूनिवर्सिटीज़ में भी आरक्षण लागू होगा, प्राइवेट स्कूलों की आरक्षित आधी सीटें अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी तथा आर्थिकरूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को मिलेंगी और नियुक्तियों में 'उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिलने' जैसी अन्यायपूर्ण व्यवस्था ख़त्म होगी। यह सिर्फ़ शिक्षा नहीं, बल्कि अति पिछड़ों की बराबरी और सम्मान की लड़ाई है। यही है सच्चा सामाजिक न्याय और समान विकास की गारंटी।

## दुनिया के 91 देशों में 150 स्थानों पर होगा विकसित भारत रन का आयोजन

नई दिल्ली। राष्ट्र निर्माण में सामूहिक प्रयास को प्रेरित करने के लिए युवा एवं खेल मामलों का मंत्रालय विदेश मंत्रालय के सहयोग से सेवा पखवाड़ा के दौरान 'विकसित भारत रन-2025' का आयोजन करेगा। यह दौड़ 91 देशों में 150 से अधिक स्थानों पर पहली बार आयोजित होगी।

मंत्रालय के मुताबिक अधिकांश दौड़ 28 सितंबर को आयोजित की जाएगी। ''रन टू सर्व द नेशन'' टैगलाइन के साथ आयोजित यह सामुदायिक दौड़ 3 से 5 किलोमीटर की दूरी पर होगी। आयोजन के लिए विश्वभर के प्रतिष्ठित और प्रतीकात्मक स्थान चुने गए हैं, जिनमें मैक्सिको सिटी का एंजेल ऑफ इंडिपेंडेंस, सूरीनाम के पारामारिबो का यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल और सैन फ्रांसिस्को का गोल्डन गेट ब्रिज शामिल हैं। इस दौड़ में प्रवासी भारतीय युवा, स्थानीय समुदाय, छात्र, पेशेवर भाग लेंगे।

# नेपाल में घटाई गई वोटिंग की उम्र

## देश के नाम पहले संबोधन में अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की का ऐलान

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने आज पहली बार देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने तय समय पर चुनाव कराने की प्रतिबद्धता जाहिर की। साथ ही कहा कि नेपाल में मतदान करने का अधिकार 18 वर्ष से घटकर 16 वर्ष किया गया है। जेन-जी आंदोलन के बाद सरकार ने अधिक से अधिक युवाओं को मतदान प्रक्रिया में सहभागिता कराने के लिए ये फैसला लिया है।



देश के नाम संबोधन में सुशीला कार्की ने चुनाव के लिए मतदाता नियमावली संशोधन अध्यादेश जारी किए जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जेन-जी ग्रुप्स की मांग के बाद मतदाता नामावली संकलन की समय सीमा को एक महीने तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

सुशीला कार्की ने कहा कि विदेशों में रहे नेपाली नागरिकों को वोट देने के अधिकार के लिए कानून संशोधन का काम भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में विदेशों में रह रहे नेपाली नागरिकों को वोटिंग का अधिकार देने को लेकर सरकार कानून में संशोधन करने जा रही है। अपने संबोधन में सुशीला कार्की ने कहा कि जेन-जी प्रदर्शन के दौरान नेताओं के घर में मिले पैसे की जांच के लिए डिपार्टमेंट ऑफ मनी लॉनड्रिंग इंवेसटिगेशन को निर्देश दिया गया है। सुशीला कार्की के संबोधन के तुरंत बाद नेपाल के निर्वाचन आयोग ने मतदान करने की उम्र 18 से घटाकर 16 साल करते हुए युवाओं को मतदाता नामावली में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। नेपाल के निर्वाचन आयोग ने कहा कि नेपाली नागरिकता प्राप्त युवा जिनकी उम्र 16 वर्ष या उससे अधिक है, वो अपने स्थानीय निर्वाचन कार्यालय में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदाता पंजीकरण करा सकते हैं।

## 91 देशों के 150 स्थानों पर विकसित भारत दौड़-2025 का आयोजन

**नयी दिल्ली।** राष्ट्र निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रेरित करने के लिए पहली बार 91 देशों के 150 स्थानों पर विकसित भारत दौड़-2025 का आयोजन किया जायेगा। युवा मामले और खेल मंत्रालय, विदेश मंत्रालय के सहयोग से, सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से दो अक्टूबर) के हिस्से के रूप में 91 देशों में 150 से अधिक स्थानों पर विकसित भारत रन-2025 का आयोजन कर रहा है। राष्ट्र निर्माण हेतु सामूहिक प्रयास को प्रेरित करने हेतु यह अनूठी वैश्विक पहल पहली बार शुरू की जा रही है। 'रन टू सर्व द नेशन' टैगलाइन के साथ, विकसित भारत रन, विश्वभर के प्रतिष्ठित और सुगम स्थानों पर तीन से पांच किलोमीटर की सामुदायिक दौड़ के रूप में आयोजित किया जा रहा है। अधिकांश दौड़ें 28 सितंबर, 2025 को आयोजित होंगी। इस दौड़ में मैक्सिको सिटी के एंजेल ऑफ इंडिपेंडेंस, सूरीनाम के पारामारिबो में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, सैन फ्रांसिस्को में गोल्डन गेट ब्रिज और विश्वभर के कई अन्य प्रतिष्ठित स्थानों और प्रसिद्ध स्मारकों को शामिल किया जाएगा। इसका उद्देश्य विदेशों में रहने वाले भारतीयों, स्थानीय समुदायों, छात्रों, पेशेवरों और भारत के मित्रों को एक साथ लाना है, ताकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि हो सके।

## भारत, केन्या और अमेरिका के तीन पर्यावरण उद्यमियों को यूएनईपी का शीर्ष पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने अपने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के तहत भारत, केन्या और अमेरिका के तीन पर्यावरण उद्यमियों को वर्ष 2025 के लिये युवा पृथ्वी चैम्पियन पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया है। ये पुरस्कार भारत की जिनाली मोदी, केन्या के जोसेफ नगुथिरु और अमेरिका के नोएमी फ्लोरिया को दिया जायेगा है। ये विजेता, गंदे पानी का उपचार करके स्वच्छ बनाने, स्वच्छ जल तक पहुंच, प्लास्टिक प्रदूषण घटाने और टिकाऊ विकल्प सामग्रियां विकसित करने जैसे कार्यों के जरिये अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं। यूएनईपी की कार्यकारी निदेशक इन्गेर एंडरसन ने पुरस्कारों की घोषणा के अवसर पर कहा, ''जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता की हानि और प्रदूषण ,अपशिष्ट का तिहरा संकट हमारे बच्चों और उनके बच्चों के जीवन को पहले ही गहरायी से प्रभावित कर रहा है। भारत की 28 वर्षीय सुश्री जिनाली मोदी महिलाओं द्वारा संचालित 'बनोफी लेदर' कंपनी की संस्थापक हैं। इनकी कंपनी केले के पेड़ के रेशों से चमड़े का टिकाऊ विकल्प बनाती है। इस कंपनी का उत्पाद, पारम्परिक चमड़े की तुलना में जल के उपयोग, विषाक्त अपशिष्ट और कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन को काफी कम करता है। इससे फैशन उद्योग को कम खराब प्रभाव वाला सामग्री विकल्प मिलता है। सुश्री जिनाली के पास मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज और येल पर्यावरण स्कूल से बायोकेमिस्ट्री स्नातक की डिग्री है।

## भाजपा तीन माह चलाएगी 'आत्मनिर्भर भारत' और 'हर घर स्वदेशी' अभियान

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती (25 सितंबर) से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (25 दिसंबर) की जयंती तक 'आत्मनिर्भर भारत' और 'हर घर स्वदेशी' अभियान चलाएगी। भाजपा महासचिव अरूण सिंह ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा ''आज हम सबके प्रेरणास्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। आज से भाजपा 'आत्मनिर्भर भारत' और 'हर घर स्वदेशी' अभियान देशभर में व्यापक रूप से शुरू करने जा रही है। यह अभियान आगामी 25 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती तक चलेगा।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है, और इसका रास्ता 'आत्मनिर्भर भारत' से होकर जाता है, जिसके मूल में स्वदेशी ही हैं। भाजपा महासचिव ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ देशवासियों से आग्रह किया है कि आप जो भी खरीदें, वह भारत में बनी हो और जिसमें हमारे देशवासियों का पसीना शामिल हो।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से देशभर में व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं, ताकि जन-जन को 'स्वदेशी अभियान' से जोड़कर इसे एक राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन बनाया जा सके। श्री सिंह ने कहा, ''श्री मोदी के नेतृत्व में भारत का निर्यात और अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ा है। उनके नेतृत्व में आधारभूत ढांचे में अभूतपूर्व विकास और बढ़ोतरी हुई है। इसका कारण हमारी सरल और पारदर्शी नीतियां है, जिससे देश में व्यापार और उद्योगों को बल मिला है।

# पेज एक का शेष

### जीएसटी सुधार...

अंत्योदय की राह दिखाई दी थी। उन्होंने कहा कि अंत्योदय में ही सामाजिक न्याय की मजबूती रही है और भारत इसी विकास का माडल दुनिया को दे रहा है। श्री मोदी ने कहा कि अभी देश में फिनटेक सेक्टर की बहुत चर्चा है क्योंकि इसने समावेशी विकास को बढावा दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने ऐसे प्लेटफार्म बनाये जो सबको साथ लेकर चलते हैं और पूरी तरह समावेशी हैं। उन्होंने कहा कि यूपीआई जैसे प्लेटफार्म सभी को मौका दे रहे हैं सभी इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका एक और उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि से ठेले वालों को भी रिण मिल रहा है। इसी तरह सरकारी खरीद पोर्टल जेम से 25 लाख विक्रेता और सेवा प्रदाता जुड़े हुए हैं। ये सरकार की जरूरत के हिसाब से अपना सामान बेच रहे हैं और सरकार खरीद रही है। उन्होंने इसकी सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार इस पर 15 लाख करोड रूपये का सामान या सर्विस खरीद चुकी है। इसमें से सात लाख करोड रूपये का समान एमएसएमई से खरीदा गया है। उन्होंने कहा कि पहले यह सोचना भी असंभव था लेकिन अब दूरदराज के क्षेत्र में बैठका छोटा सा दुकानदार भी सामान बेच रहा है यही अंत्योदय है और विकास का आधार है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में अशांति और टकराव की स्थिति के बावजूद भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर बढ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में अनिश्चिता के बावजूद भारत में बढोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह भारत आने वाले दशकों की नींव मजबत कर रहा है । उन्होंने कहा, '' आत्मनिर्भर भारत हमारा संकल्प है। दूसरों पर निर्भर होने से ज्यादा विवशता और कुछ नहीं हो सकती । जो जितना निर्भर रहेगा उसे अपनी ग्रोथ के साथ उतना ही समझौता करना पड़ेगा और भारत को किसी पर निर्भर रहना मंजूर नहीं है। जो चीज हम बना सकते हैं वह हमें भारत में ही बनानी होगी। श्री मोदी ने कार्यक्रम में मौजूद उद्योगपतियों और अधिकारियों से कहा कि आप सब आत्मनिर्भर भारत के हितधारक हैं और आपको अपना बिजनेस माडल ऐसा बनाना होगा जो आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देता हो। उन्होंने कहा कि सरकार मेक इन इंडिया पर बल दे रही है और हम चिप से शिप तक भारत में बनाना चाहते हैं। व्यापार में सुगमता के लिए सरकार ने 40 हजार से ज्यादा अनुपालन और नियम खत्म किये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। प्रधानमंत्री ने उत्पादों की गुणवत्ता पर बेहद अधिक जोर देते हुए कहा कि देश स्वदेशी का समर्थन करता है और स्वदेशी खरीदना चाहता है लेकिन उसे गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ उत्पाद चाहिए। उन्होंने उद्योग जगत और व्यापारियों से कहा, '' अपेक्षा यह है कि आप जो भी बनाएं वह उत्तम गुणवत्ता का होना चाहिए। लोग स्वदेशी चाहते हैं लेकिन गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। गर्व से कहो यह स्वदेशी है, व्यापारियों को भी इस मंत्र को अपनाना है। जो देश में उपलब्ध है उसे प्राथमिकता देना है। श्री मोदी ने अनुसंधान को बढाने पर भी बल देते हुए कहा कि इसके बिना जिंदगी ठहर जाती है। उन्होंने कहा , '' समय की मांग है हमें स्वदेशी रिसर्च और डिजायन का पूरा इकोसिस्टम बनाना है। उत्तर प्रदेश निवेश की संभावनाओ से भरा हुआ है। लाजिस्टिक्स बढ रहा है सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे और इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं यहां। यूपी के उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है, विनिर्माण में भी यूपी सबसे आगे है। भारत के कुल में से 55 प्रतिशत मोबाइल यूपी में बनते हैं, सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भी काम शुरू होने वाला है। रक्षा क्षेत्र में भी इकोसिस्टम बनाया जा रहा है। उन्होंने विदेशी कंपनियों और उद्योग जगत का आह्वान किया कि वे उत्तर प्रदेश में निवेश और विनिर्माण करें क्योंकि यहां एमएसएमई का मजबूत नेटवर्क है । उन्होंने कहा कि आप उत्तर प्रदेश में पूरा उत्पाद बनायें और केन्द्र तथा राज्य सरकार दोनों आपके साथ हैं।

### अंत्योदय को राष्ट्रोदय...

ने जीएसटी रिफॉर्म्स के माध्यम से बहुत ही महत्वपूर्ण व क्रांतिकारी कदम उठाया है। योगी ने कहा कि जुलाई 2017 में वन नेशन, वन टैक्स लागू हुआ था। टैक्स के अलग-अलग चार स्लैब थे, लेकिन नए सुधार के अंदर अब दो स्लैब ही जीएसटी रिफॉर्म के माध्यम से दिखेंगे। इसमें अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पिछले चार दिनों के अंदर हम लोगों ने अहसास किया है कि मार्केट में नई जीवंतता आई है। उपभोक्ता का बाजार की तरफ तेजी से रूख हुआ है। गरीब, श्रमिक, व्यापारी, किसान हर तबके को जीवनदान मिला है। इससे व्यापक पैमाने पर रोजगार सृजन के साथ-साथ यूपी जैसे राज्य के लिए ओडीओपी सेक्टर के उद्यमियों को नया जीवनदान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री मोदी ने 10 वर्ष पहले कहा था कि भारत के युवा को अब जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बनना होगा। पीएम स्टार्टअप, पीएम स्टैंडअप योजना, पीएम इंटर्नशिप समेत अनेक योजनाओं ने बैकबोन का कार्य किया है। यूपी में हम लोगों ने सीएम युवा उद्यमी योजना के माध्यम से युवाओं को नया उद्यमी बनने की तरफ कदम उठाया है। 24 जनवरी 2025 को यूपी स्थापना दिवस पर यह स्कीम लागू हुई थी। एक वर्ष से भी कम समय में अब तक 90 हजार से अधिक युवा इस स्कीम का लाभ ले चुके हैं। योगी ने कहा कि उद्यम पंक्ति में खड़े अंतिम हुनरमंद कारीगर व हस्तशिल्पी के उत्थान के लिए पीएम अत्यंत संवेदनशील हैं। परंपरागत कारीगरों व हस्तशिल्पियों को पीएम विश्वकर्मा योजना उपहार में दी गई है। राज्य सरकार की ओर से संचालित ओडीओपी के साथ ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से चार लाख से अधिक हस्तशिल्पियों व कारीगरों को ट्रेनिंग देकर, वोकल फॉर लोकल मंत्र को स्वदेशी का संकल्प देकर हुनरमंद कारीगरों को नया बाजार उपलब्ध कराने का प्लेटफॉर्म बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 77 जीआई उत्पाद के साथ यूपी देश का शीर्ष जीआई कैपिटल बना है। 75 नए उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हो, इसके लिए इस वर्ष आवेदन करने जा रहे हैं। धरोहर के रूप में मौजूद प्रदेश में हजारों वर्ष की विरासत को इसके माध्यम से सजाने, संवारने व संरक्षण करने का कार्य करने जा रहे हैं। यहां भी 60 से अधिक जीआई टैग के स्टाल देखने को मिलेंगे। यूपीआईटीएस में स्टार्टअप, ओडीओपी, उभरते एक्सपोर्टर्स, महिला, नए उद्यमी, हस्तशिल्पी, आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, कौशल विकास, महिला स्वयंसेवी समूह, वन व पर्यावरण विभाग के उत्पाद व प्रयास भी प्रस्तुत किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से फरवरी 2023 में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ हुआ था। इसमें 40 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव यूपी को प्राप्त हुआ। इनमें से 12 लाख करोड़ से ऊपर के प्रस्ताव धरातल पर उतर गए हैं। कुछ उद्यमों में प्रोडक्शन भी प्रारंभ हो चुका है। उन्हीं में से पांच लाख करोड़ का नवंबर में ग्राउंड ब्रेकिंग करने की तैयारी चल रही है। उन्होने कहा कि यूपी में परंपरागत एमएसएमई उत्पाद (96 लाख से अधिक यूनिट) में प्रत्येक यूनिट को सामााजिक सुरक्षा की गारंटी देते हुए यूपी में आगे बढ़ाने का कार्य हुआ है। दो करोड़ से अधिक युवा रोजगार व नौकरी प्राप्त कर रहे हैं। यह यूपी के अंदर कृषि के बाद रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा केंद्र बना है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में इस सेक्टर की बड़ी भूमिका है। लैंडबैंक की चर्चा करते हुए सीएम योगी ने कहाकि यूपी ने कुछ प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्कीम बढ़ाई है, जिसमें अब तक 11 प्लेज पार्क स्थापित हो चुके हैं। इसके माध्यम से भी यूपी ने तेजी के साथ निवेश को आमंत्रित किया है और रोजगार के नए अवसरों का सृजन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर हर जनपद में 100 एकड़ में इंडस्ट्रियल व इंप्लाइमेंट जोन विकसित करने की योजना बढ़ाई है। इसमें स्वरोजगार व वेज रोजगार से संबंधित सभी विभागों- एमएसएमई, स्किल डेवलपमेंट, खादी-ग्रामोद्योग, बैंक व श्रम एवं सेवायोजन के कार्यालय स्थापित करने की योजना है।

### अब डाक मत-पत्र की...

अनुसार, ईवीएम की गिनती में 30 मिनट से ज़्यादा की देरी नहीं होगी।

उन्होंने कहा था कि सभी केंद्रों पर, डाक मतपत्रों की गिनती पहले शुरू होगी। उसके आधे घंटे बाद, ईवीएम की गिनती पहले शुरू होगी। ऐसा 2019 में हुआ था, 2022 के सभी विधानसभा चुनावों में हुआ था तथा दो जून, 2024 को अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधान सभा चुनावों की मतगणना में भी हुआ था। उन्होंने कहा था कि इसमें बदलाव नहीं किया जा सकता।

### फिलिस्तीन मुद्दा...

लिखा है कि भारत इस मामले में अग्रणी रहा है, जिसने फिलीस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) को वर्षों के समर्थन के बाद 18 नवंबर, 1988 को औपचारिक रूप से फिलिस्तीनी राष्ट्र के तौर पर मान्यता दी थी।श्रीमती गांधी ने कहा कि भारत को फिलीस्तीन के मुद्दे पर नेतृत्व दिखाने की जरूरत है, जो अब न्याय, पहचान, सम्मान और मानवाधिकारों की लड़ाई है। उल्लेखनीय हैं कि श्रीमती गांधी ने इजराइल-फिलीस्तीन संघर्ष पर पिछले कुछ महीनों में तीसरी बार लेख लिखा है जिनमें उन्होंने हर बार इस मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार के रुख की तीखी आलोचना की है।

### ध्वस्तीकरण आदेश...

ध्वस्तीकरण के, एलडीए की सील को हटाकर इस अवैध निर्माण को और विस्तार देते हुए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बना लिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान एलडीए के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 2016 के ध्वस्तीकरण आदेश के बाद बिल्डर्स ने कम्पाउंडिंग प्रार्थना पत्र दिया था। इसे निरस्त करते हुए 2022 में नया ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया। कहा गया कि कोर्ट के 13 अगस्त 2025 के आदेश के बाद एलडीए कोई कार्रवाई करता, इसके पहले ही 11 सितंबर 2025 को बिल्डर फारुक सिद्दीकी व एक अन्य की याचिका दायर हुई। इस पर एलडीए चेयरमैन के समक्ष ध्वस्तीकरण के विरुद्ध दाखिल अपील के निस्तारण तक कार्रवाई पर एकल पीठ ने रोक लगा दी। यह भी कहा कि फारुक सिद्दीकी व एक अन्य की यह याचिका जिस दिन दाखिल हुई, उसी दिन याचियों की तात्कालिकता (अरजेंसी) के अनुरोध पर इसकी सुनवाई भी हो गई। इस पर, दो सदस्यीय खंडपीठ ने कहा कि ध्वस्तीकरण का आदेश पारित हुए तीन साल बीत चुके थे। ऐसे में मामले में क्या तात्कालिकता थी कि उसी दिन याचिका पर सुनवाई हो गई। साथ ही कहा कि यह भी एक बहस का विषय है कि यह याचिका एकल पीठ के समक्ष पोषणीय कैसे थी। वहीं, कोर्ट ने मामले के जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के अपने पिछले आदेश के अनुपालन की जानकारी भी एलडीए के वीसी से मांगी है। कोर्ट ने वीसी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित होने का भी आदेश दिया है।

### हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स...

का अनुबंध कर चुकी है। एलसीए मार्क 1ए विमान शुरूआती 40 एलसीए तेजस विमानों की तुलना में अधिक उन्नत और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस हैं। वायु सेना के विमानों के बेड़े में इन लड़ाकू विमानों के शामिल होने से उसकी मारक क्षमता कई गुना बढ जायेगी। अभी वायु सेना के पास लड़ाकू विमानों के स्वीकृत 42 स्क्वैड्रन की तुलना में बमुश्किल 31-32 स्कवैड्रन हैं। एल सी ए मार्क 1 ए विमानों की यह खेप मिलने से वायु सेना को मिग-21 विमानों की कमी को पूरा करने में मदद मिलेगी। वायु सेना छह दशक से भी अधिक समय की सेवा के बाद शुक्रवार को मिग-21 विमानों को अपने बेड़े से विदा कर रही है।

